CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29° C
न्यूनतम : 14° C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 4 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 293 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू में पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू पेज 2



टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: हरमनप्रीत कौर खेल टाइम्स



बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट सम्पादकीय



हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले रैकेट के मामले से जुड़े संदिग्ध बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, बिप्लब सरकार का नाम बिचौलिए इन्दुभूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया था। हलदर को विदेशियों को पैसे लेकर भारतीय पहचान पत्र, जैसे पासपोर्ट आदि मुहैया कराने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बिप्लब सरकार के परिजन भी इन अवैध करतूतों में लिप्त होने के संदेह के कारण जांच के दायरे में हैं। ईडी ने इन्दुभूषण हलदर उर्फ दुलाल को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन उर्फ आज़ाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आज़ाद से जुड़े मामले में हुई थी। हलदर को विचार भवन की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था।

### संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक का पदभार संभाला है। श्री गर्ग बीआईएस के महानिदेशक के साथ अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) में भारत की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे। श्री गर्ग के पास तीन दशकों से अधिक का व्यापक और अलग- अलग मंत्रालयों-विभागों में काम करने का प्रशासनिक अनुभव है। इसके साथ ही वह कृषि, खाद्य रसद, रक्षा उद्योग क्षेत्र, औद्योगिक संवर्धन, वित्त और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक योजना, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में काफी अनुभव रखते हैं। बीआईएस में महानिदेशक का पदभार संभालने से पहले श्री गर्ग कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) में अतिरिक्त सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में सचिव के रूप में कार्यरत थे।

### भारतीय शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

**मुंबई।** चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी क्वाइंट्रेयू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 फीसदी तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपये घटा है। स्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन- अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46 फीसदी गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है।

# उत्तराखंड ने हासिल किए विकास के प्रभावशाली लक्ष्य: मुर्मू

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: सेवा, संवेदना और समर्पण से रचिए विकास की नई गाथा, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा, कहा: जनता के प्रति उत्तरदायी बने रहना संसदीय प्रणाली की शक्ति भी और चुनौती भी**



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों व सभी राज्यवासियों को बधाई दी और कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, जनता की आकांक्षा के अनुरूप बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से नवम्बर 2000 में इस राज्य की स्थापना हुई। विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास सूचकांक में सुधार हुआ है। राज्य में साक्षरता दर बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है और मातृ एवं शिशु मृत्यु -शेष पृष्ठ दो पर

# आईसीएआई सीए सितम्बर रिजल्ट जारी

- 11,466 कैंडिडेट्स सीए के लिए क्वालिफाई
- फाउंडेशन परीक्षा में एल.राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी व फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया यानी 'सीए' ने सितम्बर सेशन के फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। सीए ने निर्धारित समय से पहले रिजल्ट जारी किए हैं।

फाउंडेशन परीक्षा में एल. राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी और फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने हैं। इस बार देशभर के 2.5 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने ये परीक्षा दी थी। फाउंडेशन परीक्षा में कुल 98,827 कैंडिडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 14,609 पास हुए। चेन्नई -शेष पृष्ठ दो पर

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

## सुप्रीम कोर्ट बोला: हम आदेश करेंगे जारी, अदालत ने दी मुख्य सचिवों को पेशी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवम्बर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

### पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पोर्न वीडियोज को बैन करने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने सितम्बर में नेपाल में हुए जेन जी प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में सोशल मीडिया एप्स पर बैन लगाने के बाद क्या हुआ, जरा देखिए। बेंच ने कहा पोर्नोग्राफी बैन वाली याचिका पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी।



### तीन हजार करोड़ की साइबर ठगी चौंकाने वाली: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई। सरकार ने कोर्ट में साइबर फ्रॉड से जुड़े आंकड़े पेश कर बताया कि देशभर में पीड़ितों से करीब तीन हजार करोड़ की ठगी हुई है। इस मामले में सख्ती से निपटाना होगा। यह बेहद चौंकाने वाला है कि देशभर में लोगों से 3 हजार करोड़ का साइबर फ्रॉड हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दिवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे।

# तेलंगाना और जयपुर में ब्लैक मंडे, 31 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद 18 लोगों की मौत हो गई व 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि चेवेल्ला मंडल में मिर्ज़ागुडा के पास तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और बजरी से लदे एक ट्रक आमने-सामने टकरा गए। यह बस लगभग 70 यात्रियों को लेकर तंदुर इलाके से हैदराबाद जा रही थी। ट्रक पर लदी बजरी के बस पर गिरने से आगे की छह सीटें पर बैठी सवारियां पूरी तरह से कुचल गईं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को इलाज के लिए चेवेल्ला के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल और पास के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना के बाद चेवेल्ला- विकाराबाद मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।



- तेलंगाना: बस-ट्रक की टक्कर में 18 की मौत, 15 घायल

### जयपुर: पांच गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 13 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

# अनिल अंबानी का घर व 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ज़ब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयां और ज़मीन शामिल हैं। इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है। यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से जुड़ा है। ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि नियमों को दरकिनार कर धन का लेनदेन किया गया। पूर्ववर्ती रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए पैसे को यस बैंक के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों में लगाया गया।



- ईडी ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में की कार्रवाई

# BCCI देगा विजेता महिला टीम को 51 करोड़

**मुम्बई।** बीसीसीआई ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4-48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे।



# न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की मांग वाली याचिका खारिज

- सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्था का मजाक बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्ति की मांग वाली एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुऐ इसे 'व्यवस्था का मज़ाक' बताया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता जी. सरवन कुमार को उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय उनके अनुरोध पर कॉलेजियम की बैठक बुलाएगा। पीठ ने पूछा क्या आप चाहते हैं कि हम इस न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को अभी यहां बुलाएं और कॉलेजियम की बैठक करें? मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आप व्यवस्था का मज़ाक उड़ा रहे हैं!

# भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एक लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की,
- कहा: हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन किया और एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास तथा नवाचार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत को अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी देशों में शामिल करना है।

वैश्विक नवाचार महाशक्ति बनने की दिशा में भारत के सफर में एक महत्वपूर्ण अध्याय माने जाने वाले इस सम्मेलन में श्री मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और अनुसंधान संस्थानों के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने विशेषज्ञों से मानवता की सबसे गंभीर चुनौतियों से नवाचार के माध्यम से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने देश की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देश के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की और महिला विश्व कप भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा एथलीट और वैज्ञानिक हमारे देश के लिए गौरव के असाधारण अध्याय लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रमुख सरकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, कौशल भारत मिशन और राष्ट्रीय करियर सेवा मंच का उल्लेख किया और कहा कि ये लाखों युवाओं को कौशल और अवसरों से सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार अत्यधिक-जोखिम, उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने महत्वाकांक्षी अनुसंधान और नवाचार योजना में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने भारत में क्वाड की मेजबानी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापर समझौते और भारत में क्वाड शिखर बैठक के आयोजन पर संकट के बादल नजर आ रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक समय हमें बताया गया था कि भारत नवम्बर में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत की सदस्यता वाले क्वाड देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। उन्होंने इसी अंदाज में आगे लिखा कि एक समय था जब दावा किया गया था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत शुरुआती देशों में से एक होगा, अब यही दावे कठिन दौर के भंवर में फंस गए हैं। वजह से अमेरिका को भारतीय निर्यात में गिरावट आई है और इससे प्रभावित लोगों के जीवन पर संकट आ गया है।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद थाना प्रभारी सस्पेंड

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले मे उच्चतम न्यायालय का आदेश न मानने वाले कन्धई के थानाध्यक्ष गुलाब चंद्र सोनकर को पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने निलम्बित कर दिया है। राज्य सरकार को सात नवम्बर तक थानाध्यक्ष पर की गई कार्रवाई से उच्चतम न्यायालय को अवगत कराना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कन्धई थाना क्षेत्र के राम सागर तिवारी ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दायर की थी इसमे कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश के बावजूद कन्धई थाना प्रभारी गुलाब चंद्र सोन कर को जिला न्यायालय मे पेश किया था।

# एनसीईआरटी के सिलेबस में बदलाव पर हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का पुलिस ने हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा

**लखनऊ ।** एनसीईआरटी के सिलेबस से गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़ी पाठ्य सामग्री को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने केकेसी डिग्री कॉलेज गेट के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध जताया और एनसीईआरटी पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ता सोमवार सुबह ही केकेसी डिग्री कॉलेज के बाहर जमा होना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, एनसीईआरटी केंद्र सरकार के दबाव में महात्मा गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगे जैसे प्रसंग को पाठ्यक्रम से हटाकर देश के इतिहास से खिलवाड़ कर रही है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के चलते कुछ समय के लिए केकेसी कॉलेज के बाहर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र उग्र प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कॉलेज के गेट के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।

कार्यकर्ता अखिलेश दुबे ने कहा कि हाल ही में किए गए बदलाव में शिक्षा को वैचारिक रूप से सीमित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। महात्मा गांधी और 2002 गुजरात दंगों जैसे अध्याय को हटाना इतिहास को मिटाने जैसा है। एनसीईआरटी अपने इस फैसले को वापस ले और असली इतिहास को छात्रों तक पहुंचने दे। प्रदर्शन कर रही छात्रा पूजा वर्मा ने कहा कि अगर भविष्य की पीढ़ी को सच से दूर रखा जाएगा, तो हमारे देश का लो. कतंत्र कमजोर होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध केवल लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा, अगर एनसीईआरटी ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो हम पूरे देश भर में इसको लेकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इतिहास बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर के डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय में यह अभियान चलाया जाएगा।

# पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू

जम्मू, वार्ता

■ एलजी मनोज सिन्हा ने 2021 में किया था बंद

जम्मू-कश्मीर की शीतक. ालीन राजधानी जम्मू स्थित सिविल सचिवालय में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा औपचारिक सलामी लेने के साथ ही सदियों पुरानी प्रशासनिक परंपरा 'दरबार मूव' चार साल बाद बहाल हो गई।

श्रीनगर में नागरिक सचिवालय और अन्य कार्यालय जो 30 और 31 अक्टूबर को बंद थे, सोमवार से 'दरबार मूव' के साथ ही शीतकालीन राजधानी जम्मू से काम करना शुरू कर दिए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वर्ष 2021 में इस परंपरा को बंद कर दिया था। श्री अब्दुल्ला सुबह करीब नौ बजे अपने सरक. ारी आवास रघुनाथ बाजार से सिविल सचिवालय की ओर पैदल निकले और इस दौरान विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मालाएं पहनाईं तथा फूल बरसाए। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी और मंत्री जावेद राणा भी थे। इस बीच, दरबार मूव के बहाल होने से जम्मू शहर में जश्न का माहौल है और दुकानदार तथा अन्य व्यापारी खुश नजर आ रहे हैं। कार्यालयों को सुचारू रूप से खोलने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें श्रीनगर से जम्मू आने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, आवास और परिवहन सुविधाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दरबार साहिब के लिए सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालयों, विशेषकर सिविल सचिवालय और मंत्रियों के एन्क्लेव के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अधिकतर कर्मचारी सोमवार को अपने कार्यालय जाने के लिए श्रीनगर से जम्मू तक सड़क मार्ग से आए। कश्मीर मैराथन-2 में भाग लेने के बाद, मुख्यमंत्री 'एक्स' ने पर एक तस्वीर अपलोड की और लिखा: हाफ मैराथन की मेहनत के बाद, मुझे इनाम के तौर पर श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर घी में पके राजमा चावल की एक प्लेट मिलनी चाहिए। जम्मू क्षेत्र में दरबार मूव के पुनरुद्धार को जनता द्वारा बहुत सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।

# नेता जी ने की थी नेशनल लॉ विवि की स्थापना: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जिस बड़ी सोच के साथ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी, वह आज सार्थक होती दिखाई दे रही है।

यह विश्वविद्यालय अब ऐसे योग्य और संवेदनशील युवा विधिवेत्ताओं को तैयार कर रहा है, जो अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई और न्याय की स्थापना के लिए करना चाहते हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस संस्थान से निकल रहे युवाओं के विचारों और कार्यों में समाजवादी विचारधारा के मूल तत्व समानता, न्याय और मानवीयता स्पष्ट झलकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ए नई पीढ़ी के विधिज्ञ न केवल न्याय की परिभाषा को व्यवहार में उतारेंगे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनकर देश को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी का बड़ा संकल्प है, जिसे पूरा करने में ऐसे ही युवाओं की भूमिका अहम होगी, जो अपने पेशे को सिर्फ करियर नहीं बल्कि समा. जसेवा का माध्यम मानते हैं। अखिलेश यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विश्व. विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेताजी के सपनों का भारत तभी बनेगा, जब न्याय के साथ समान अवसर और संवेदनशील शासन स्थापित होगा।

## रामद्रोही कांग्रेस-राजद को जवाब देगा मिथिला: सीएम योगी

# गठबंधन में तीन बंदर, पप्पू, टप्पू व अप्पू

दरभंगा, वार्ता



■ बिहार में होगा राम राज का उदय, जिन्होंने अयोध्या में गोली चलवाई, वही आज जनता को छलने आ गए

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं।

केवटी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है। योगी ने कहा कि आज मिथिला की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही राजद और इनके साथी यूपी की समा. जवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिंसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है, जो अयोध्या और मिथिला को एक बार फिर भावनात्मक रूप से जोड़ देगा। सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले अयोध्या से दरभंगा आने में 16 घंटे लगते थे, अब लखनऊ से दरभंगा आने में मात्र 45 मिनट लगते हैं। पीएम मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे।

### बिहार को पलायन नहीं, पुनर्निर्माण चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार को भाजपा-जद-यू के शासन ने दो दशक में बर्बाद कर औद्योगिक नक्शे से उसे लगभग मिटा दिया है। इसके कारण प्रतिभाओं ने पलायन किया है, लेकिन अब बिहार को बचाने तथा इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए जाना जाने वाला बिहार आज बेरोजगारी और पलायन का पर्याय बन गया है। भाजपा-जेडीयू ने 20 वर्षों के शासन में असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार में सिर्फ पलायन उद्योग स्थापित किया है और बिहार को विकास और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे से लगभग मिटा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बिहार के हित के लिए काम किया है।

---

सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40

सोना रु. 120000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 148927
प्रति किलो

# दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट

नई दिल्ली, वार्ता



■ साल दर साल 34 प्रतिशत हुई वृद्धि: डायल

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से विमान सेवा कंपनियों के लिए हब के तौर पर उभर रहा है और सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट साल-दर-साल 34 प्रतिशत बढ़ा।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि सितम्बर 2024 से अगस्त 2024 के बीच इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 6-7 लाख रही, जो इससे पहले के एक साल की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 के बीच यह ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 4-98 लाख रही थी। अगस्त 2025 को समाप्त एक साल के दौरान पूरब के देशों से आकर पश्चिम के देशों में जाने वाले यात्रियों की संख्या 34 प्रतिशत और पश्चिम के आकर पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़ी। अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आंकड़ों का हवाला देते हुए डायल ने बताया कि ट्रांजिट यात्रियों में 67 प्रतिशत ने एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा की जबकि 25 प्रतिशत योगदान इंडिगो का रहा।

अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट यात्री वे हैं, जो किसी दूसरे देश से आते हैं तथा किसी और फ्लाइट से किसी तीसरे देश को जाते हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यूरोप, पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में फैले अपने बेजोड़ नेटवर्क के साथ दिल्ली हवाई अड्डा वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश की स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सबसे अधिक उड़ानें थाईलैंड के लिए (सप्ताह में 120) हैं। थाईलैंड से इतर, एयर इंडिया मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के लिए 16 नवम्बर से और इंडोनेशिया के देनपसार के लिए एक दिसंबर से उड़ानों की साप्ताहिक संख्या सात से बढ़ाकर 10 कर रही है। इंडिगो ने भी 20 दिसंबर से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। चीन के गुवांग्झो के लिए वह 10 नवम्बर से दैनिक उड़ान शुरू करेगी। भारत से जापान जाने वाली 70 प्रतिशत उड़ानें (सप्ताह में 28) दिल्ली से जाती हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन जाने वाली उड़ानों में दिल्ली की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत (सप्ताह में 63) और थाईलैंड जाने वाली उड़ानों में 26 प्रतिशत (सप्ताह में 120) है।

### सोना और चांदी के भावों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन में एक बार फिर सोने ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। चांदी में भी भयंकर तेजी देखी जा रही है। सोने का दाम एक बार फिर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। सुबह 10.05 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 121,460 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 228 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 121,378 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 121,854 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सुबह 10.07 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 148,927 रुपये चल रही है। इसमें 640 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 148,702 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 149,445 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। आज 3 नवंबर के दिन पटना और चंडीगढ़ में सोने का दाम सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 121,670 रुपये है। वहीं सबसे ज्यादा सोने की कीमत भोपाल है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 121,870 रुपये चल रहा है।

# जीएसटी कटौती से अक्टूबर में विनिर्माण को मिली गति



■ पीएम आई 57 . 7 से बढ़कर पहुंचा 59.2 पर, स्थिरता का संकेत

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में गत 22 सितम्बर से किए गए बदलाव के कारण अक्टूबर में घरेलू विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है।

मासिक आधार पर जारी एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितम्बर के 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी को और इससे कम रहना मंदी को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी में राहत, उत्पादकता बढ़ने और प्रौद्योगिकी में निवेश से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की रफ्तार तेज हुई है। नए ऑर्डरों में तेजी से वृद्धि हुई है और इसमें घरेलू बाजार की भूमिका रही है, हालांकि विदेशों से मिले ऑर्डरों में बढ़ोतरी सुस्त पड़ी है। कच्चे माल के भंडार में लगभग रिकॉर्ड गति से तेजी आई है। विदेशी बिक्री 10 महीने में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मांग मजबूत रहने से अक्टूबर में आउटपुट नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में तेजी आई है। लागत मूल्य में कमी आई है जबकि औसत विक्रय मूल्य बढ़ा है। जीएसटी सुधार और मजबूत मांग से सकारात्मक उम्मीदों के कारण भविष्य को लेकर कारोबारी भावना मजबूत बनी हुई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माताओं ने कच्चे माल की खरीद बढ़ा दी और इसमें वृद्धि की रफ्तार मई 2023 के बाद सबसे अधिक रही। लगातार 12वें महीने नए रोजगारों का सृजन हुआ है, हालांकि इसकी रफ्तार सितम्बर की तरह ही धीमी रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड ने...**

दर में कमी आई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर उत्तराखंड विधानसभा ने इतिहास रचा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी सभी विधायक जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देते रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य तथा देश को विकास-पथ पर अग्रसर रखेंगे। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण, नेता सदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सदन को संबोधित किया।

**आईसीएआई सीए...**

की एल.राजलक्ष्मी ने 360 अंकों (90 फीसदी) के साथ फाउंडेशन परीक्षा में टॉप किया, जबकि दूसरे स्थान पर प्रेम अग्रवाल (354 अंक) और तीसरे स्थान पर नील राजेश शाह (353 अंक) रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप-1 में 93,074 कैंडिडेट्स शामिल हुए, जिनमें से 8,780 पास हुए। वहीं ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों में से 18,938 ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में नेहा खानवानी, कृति शर्मा और अक्षत बिरेंद्र नौटियाल को टॉप तीन पोजीशन मिलीं। फाइनल परीक्षा के रिजल्ट में 11,466 उम्मीदवार सफल होकर चार्टर्ड एकाउंटेंट बने हैं। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवारों ने भाग लिया जबकि ग्रुप-2 में 32,273 उम्म्मीदवार शामिल हुए। 16,800 उम्मीदवार दोनों ग्रुप की परीक्षा में शामिल हुए। फाइनल परीक्षा में मध्य प्रदेश के धामोद के मुकुंद आगीवाल ने टॉप किया, जबकि तेजस मुंदड़ा दूसरे और बाकुल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में पास होने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 40 प्रतिशत नंबर और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत नंबर स्कोर करने होते हैं। जिन कैंडिडेट्स को 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें 'पास विद डिस्टिंक्शन' का दर्जा दिया गया है।

**सरकारी कैम्पस...**

संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग को भी वादी बनाए जाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 7 नवम्बर को फैसला सुनाने की बात कही और आदेश दिया कि इस तारीख को मुख्य सचिवों की सशरीर पेशी जरूरी नहीं होगी।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की जरूरत है: वीरेन्द्र

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, बस उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है और वे अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं।

डॉ. कुमार ने सोमवार को यहां अमर ज्योति चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'रिडिफाइनिग एबेलिटीज' यानी क्षमताओं को नए नजरिए से देखने के विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उनमें प्रतिभा और साहस की कमी नहीं होती, प्रोत्साहन से वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दिव्यांग. जनों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठा रही है, उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि दिव्यांग. जनों को शिक्षा, कौशल विकास, सुगम वातावरण और रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। दिव्यांग. जनों को सशक्त बनाना कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के साथ-साथ विशेष योजनाओं और नीतियों के ज़रिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण कर रही है और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

डॉ. कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग. जनों की कला और हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 'दिव्य कला मेलों' का आयोजन किया जा रहा है, जहां वे अपने बनाए हुए उत्पाद प्रदर्शित और बेच सकते हैं। इन प्रयासों से दिव्यांगजन न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी मज़बूती दे रहे हैं। ये मेले बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) को 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नया रूप दिया गया है। दिव्यांगजनों के लिए वहां सहायक उपकरणों का निर्माण अब ढाई गुना अधिक हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पति-पत्नी के बीच बिगड़ते रिश्ते में क्या है वजह?

## चरथावल के युवक ने दी आत्महत्या की चेतावनी, ससुरालियों पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर बिगड़ते रिश्ते के बाद सनसनी खेज घटनाएं होने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। कई घटनाओं ने तो आम लोगों को ही नहीं बल्कि पुलिस के भी रोंगटे खड़े कर दिए। पिछली घटनाओं को याद किया जाए तो कई विवाहिताएं अपने पतियों का कत्ल करा चुकी है। कुछ मामले तो ऐसे भी सामने आ रहे है जिसमें शादी के एक दो दिन बाद ही पति का कत्ल कर उसके शव को छुपा दिया गया और कुछ मामले ऐसे भी आए है जिसमें पति की व्यस्ता होने के कारण पत्नि का दूसरे के सम्पर्क में आने के बाद बेरहमी से पति का कत्ल कर दिया गया। ऐसी घटनाओं में जब पुलिस ने छानबीन की तो या तो पुराने प्रेमी की गतिविधियां बढ़ना सामने आया और या फिर पति-पत्नी के बीच रिश्ते खराब होने के और भी कारण सामने आए है आपस में संवाद की कमी रहना एक दूसरे की कमी जरूर व जरूरत को नजरअंदाज करना।

कई घटनाओं में ऐसा भी खुलसा हुआ कि पति व पत्नि एक दूसरे की शक की आग में जलकर कत्ल को अंजाम दे डालते है। कुल मिलाकर पति-पत्नी के बीच तालमाल न बनना, शक की आग और अन्य मामलों को लेकर बड़ी-बड़ी घटनाएं घट चुकी है। कुछ मामले ऐसे भी सामने आए है कि कुछ पतियों ने अपने ही हाथो से अपनी पत्नी का विवाह उसके प्रेमी से करा दिया, लेकिन सभी मामले एक जैसे भी नहीं है कुछ दम्पत्तियों ने खर्च को लेकर तो कभी घर के कामकाज को लेकर मामूली मामूली विवाद बड़े-बड़े रूप ले जाते है।

एक मामला हाल में चरथावल थाना क्षेत्र में आया है जहां एक युवक ने एक वीडियो जारी कर अपनी पत्नी व ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जान देने की चेतावनी दी है। बता दे कि चरथावल क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व ही पत्नी से त्रस्त युवक ने अपनी जान दे दी थी। और रविवार को भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि चरथावल के ढोलूखाल निवासी इंतजार जो चार बच्चों का पिता है उसने आत्महत्या की चेतावनी देते हुए एक वीडियो बनाई है। इंतजार ने वीडियो में ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए है। बताया कि ससुर ने उसका मकान बिकवा कर छह लाख रूपये हडप लिए और उसको झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी जा रही है। और उसकी पत्नी को ससुराल से ले जाकर अपने घर रखा है। पत्नी भी अपने मयके वालों के कहने में है एक तरफ पत्नी का अपने मयके से न आना और सब्जी बेचने वाले इंतजार का घर भी बिक गया है। उधर ससुराल पक्ष के लोग भी अपने दामाद इंतजार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इंतजार झूठी बाते कर रहा है।

## सरेराह छेड़छाड़ के आरोपी को युवती ने धुना

**मुजफ्फरनगर।** शहर के अति व्यस्त इलाके भगत सिंह रोड पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां से गुजर रही एक युवती को छेड़छाड़ करने वाले युवक को पकडकर युवती ने उसकी जमकर धुनाई शुरू की तो फिर क्या था भीड़ भी आरोपी युवक पर हाथ साफ करने में जुट गई।

काफी देर तक यहां हंगामा चलता रहा और यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अपने कब्जे में लेकर हिरासत में लिया। भीड़ जमा होने के बाद पुलिस ने यहां से लोगों को कार्यवाही का आश्वासन देते हुए हटाया। शहर कोतवाली लाकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की।

# वोटरों की छंटाई व सत्यापन अभियान आज से

## 4 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान में बीएलओ निभाएंगे भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की तैयारी अब अपने अंतिम चरण पर पहुंच गई हैं। मंगलवार से प्रशासन जिलेभर में वोटरों की छंटाई और सत्यापन का सबसे बड़ा अभियान शुरू करने जा रहा है। इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए पंजीकृत करीब 21 लाख से अधिक मतदाताओं के विवरण की घर-घर जाकर जांच की जाएगी। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) सबसे अहम भूमिका निभाएंगे। वे 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक प्रत्येक घर पर जाकर गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाताओं की जानकारी एकत्र करेंगे, जिससे जिले का नया और अद्यतन मतदाता डाटाबेस तैयार किया जा सके।

22 साल के बाद उत्तर प्रदेश में मतदाताओं का विशुद्ध विवरण तैयार करने के लिए मंगलवार को एसआईआर शुरू हो रहा है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्रा के नेतृत्व में निर्वाचन कार्यालय ने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली हैं। सोमवार को जनपद के छह विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के लिए लगाये गये 1982 बीएलओ को सामग्री वितरित करने का काम पूर्ण किया गया। 4 नवंबर की सुबह से बीएलओ अपना बस्ता लेकर फील्ड में उतरे नजर आयेंगे।

इस एसआईआर के लिए प्रशासन पहले से ही लोगों को जागरुक करने में जुटा हुआ था। इसके लिए समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। यह एसआईआर साल 2003 की वोटर लिस्ट के मुख्य आधार पर किया जा रहा है। यह वोटरों का एक विशु( डाटाबेस जुटाने का बड़ा अभियान है। इसके बाद विधानसभा मतदाता सूचियों का प्रत्येक वर्ष होने वाला विशेष पुनरीक्षण अभियान भी नहीं होने की संभावना प्रबल मानी जा रही हैं। एसआईआर अभियान में जनपद की छह विधानसभा क्षेत्रों में पंजीकृत 21 लाख 12 हजार 585 मतदाताओं का सत्यापन बीएलओ द्वारा किया जायेगा।

इसमें 11 लाख 24 हजार 371 पुरुष और 09 लाख 88 हजार 90 महिला मतदाता शामिल हैं। सर्वाधिक 03 लाख 97 हजार 500 मतदाता बुढ़ाना और सबसे कम 03 लाख 26 हजार 988 मतदाता मीरापुर विधानसभा में पंजीकृत हैं।अपर जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन संजय सिंह का कहना है कि एसआईआर का यह अभियान न केवल नए वोटरों को जोड़ने का अवसर देगा, बल्कि मृत, स्थानांतरित या दोहरे नामों को सूची से हटाने में भी मददगार साबित होगा। चुनावी पारदर्शिता और सटीक मतदाता सूची की दिशा में यह कवायद जनपद के लोकतांत्रिक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।।

### बीएलओ से प्राप्ति रसीद जरूर लें

शुरू हो डोर टू डोर सर्वे में मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराना होगा। ये डाटा बेस मसौदा मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन के लिए है। मसौदा सूची बनने के बाद ईआरओ द्वारा जारी नोटिस के आधार पर ही मतदाता को संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र और 13 सहायक विकल्प मान्य किये गये हैं। घर घर पहुंचकर बीएलओ गणना प्रपत्र भरेंगे। इसकी दो प्रतियां होंगी। बीएलओ अपनी हस्ताक्षरित एक प्रति मतदाता को देंगे, जो अवश्य रूप से प्राप्त कर संभाल कर रखें। कोई मतदाता यदि सर्वे में गैर हाजिर पाया जाता है तो उसके सम्बंध में बीएलओ पडौसी मतदाता से पूछताछ के आधार पर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु या डुप्लीकेट श्रेणी में अपना डाटा बेस तैयार करेंगे और सूची से हटाये गये मतदाताओं के नामों की लिस्ट सरकारी भवनों के सार्वजनिक स्थलों पर लगाई जायेगी।

### विधानसभा के पोलिंग बूथ भी बदले जाएंगे, 7 फरवरी को फाइनल होगी मतदाता सूची

जनपद की सभी छह विधानसभा सीटों पर पोलिंग बूथों की स्थिति में भी बदलाव होगा। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में जनपद की छह विधानसभा में 1982 पोलिंग बूथों पर वोटिंग कराई गई थी। एसआईआर के लिए निर्वाचन आयोग ने जो नियम बनाया है, उसमें एक पो. लिंग बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं रखे जायेंगे। मंगलवार को निर्वाचन विभाग पोलिंग बूथों का पुनरीक्षण कार्य भी प्रारम्भ कर रहा है। इसके साथ ही एसआईआर समय सारिणी के अनुसार एसआईआर की गणना 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगी। 05 से 08 दिसंबर तक प्राप्त डाटाबेस की जांच और ड्राफ्ट रोल की तैयारी होगी। 09 दिसम्बर को ड्राफ्ट रोल का प्रकाश होगा। 09 दिसंबर से 08 जनवरी तक मतदाता दावे और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। 09 दिसंबर से 31 जनवरी तक ईआरओ दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने के साथ ही नोटिस जारी कर गणना प्रपत्रों पर अपना अंतिम निर्णय लेंगे। इसके पश्चात 07 फरवरी 2026 का मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कराया जायेगा।

# मंत्री ने किया निरीक्षण, अब मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने 66 केवी बिजली घर पर पहुंचकर आगामी 132/33 केवी एआइएस उपकेंद्र सुजड़ू (मुजफ्फरनगर शहर) एवं संबंधित लाइन निर्माण कार्य की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन और ऊर्जा मंत्री एक शर्मा के नेतृत्व, तथा हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है। इस परियोजना से मुजफ्फरनगर शहर की बिजली व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार होगा। शहर की विभिन्न कॉलोनियों, औद्योगिक क्षेत्रों और वाणिज्यिक इलाकों को अब निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी।

विद्युत आपूर्ति करने वाले 220 केवी उपकेंद्र नरा एवं 132 केवी उपकेंद्र भोपा रोड अब वर्तमान भार पर अधिकतम क्षमता से कार्यरत हैं। शहर में बढ़ती औद्योगिक एवं आवासीय आवश्यकता को देखते हुए 132 केवी एआईएस उपकेंद्र सुजड़ू (मुजफ्फरनगर शहर) के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उपकेंद्र की क्षमता (263 डट।) होगी, जो भविष्य की विद्युत मांग को भी पूरा करने में सक्षम होगी। उपकेंद्र के निर्माण हेतु 33/11 केवी उपक. ेंद्र सुजड़ू पर उपलब्ध भूमि का उपयोग किया जाएगा। उपकेंद्र को उर्जीकृत करने के लिए 132 केवी नरा, भोरा लाइन से सुजड़ू उपकेंद्र तक 5.5 किमी लंबी लोंटी लाइन का निर्माण किया जाएगा।

**परियोजना की कुल लागत 73.96 करोड़ होगी:** उपकेंद्र के निर्माण के बाद मुजफ्फरनगर शहर का विद्युत वितरण तंत्र सुदृढ़ होगा। इससे 33/11 केवी उपकेंद्र नुमाइश कैंप, 170 फीट रोड, महावीर चौक, सुजड़ू आदि क्षेत्रों को एक वैकल्पिक विद्युत स्रोत प्राप्त होगा। परियोजना के पूर्ण होने के बाद शहर एवं औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग, ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। अनुमानत: यह उपकेंद्र लगभग 50,000 उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा। उन्होंने भूमि का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध तरीके से



गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए। यह परियोजना मुजफ्फरनगर शहर के समग्र विकास में ऊर्जा का संचार करेगी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 'हर घर उजाला, हर दिल खुशहाली' संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम होगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य करते हुए प्रदेश को ऊर्जा संपन्न बनाने के संकल्प पर दृढ़ता से अग्रसर है।

# गलत साइड घुसी कार को रोका, सिपाही से मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था में लगे ट्रैफिक पुलिस के साथ एक शर्मसार घटना हुई। ट्रैफिक पुलिस का सिपाही आसपास लगे जाम व ट्रेफिक व्यवस्थाओं का लोगों को पालन करा रहा था, लेकिन इसी बीच कुछ लोगों ने न केवल उसके साथ जबरदस्त मारपीट की, बल्कि सिपाही की वर्दी पर भी हाथ डाल दिया। सवाल तो यह उठ रहे है कि शिक्षित होने के कारण भी इन लोगों ने वर्दी पर हाथ डालकर शर्मसार घटना कर डाली। इस दौरान मारपीट के साथ पुलिसकर्मी का अपमान भी किया गया। बता दे कि कड़ी गर्मी, कडाके की ठंड हो या बरसात यातायात पुलिस व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए चौराहों पर खडी रहती है। और राहगीरों को अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए पुरजोर प्रयास करते है, लेकिन इसके बावुजूद भी लोग गलत साइड में वाहन चलाना और नियमों का उल्लघंन करना अपना कर्तव्य समझते है। ऐसा ही रविवार की शाम यातायात पुलिसकर्मी के साथ हुई जब ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी ने नियमों का उल्लघंन कर रहे और वाहन को गलत साइड चला रहे कार सवार को रोका तो उसने पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई कर दी। इस दुस्साहस कार्य में उसके सहयोगियों ने भी साथ दिया। घटना के बाद कार सवार कार को लोक कर यहां से भागने लगा, लेकिन कोतवाली पुलिस ने कार में बंद मासूम बच्ची को शीशा तोडकर बाहर निकाला। यह मामला सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ और कुछ लोगों ने इस शर्मसार घटना की वीडियो भी बनाई इस घटना की जानमारी मिली तो शहर कोतवाली पुलिस मोके पर पहुंची और यह मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के सज्ञान में आया तो उन्होने तुरंत ही कड़ी कार्यवाही के आदेश दिए। एसएसपी ने बताया कि जुलूस के दौरान यातायात पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात था इस दौरान कुछ लोग लोनी गाजियाबाद से किसी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे और गाडी को रोंग साइड से निकालने का प्रयास किया और यातायात पुलिसकर्मी द्वारा विरोध करने पर पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता व मारपीट की गई। एसएसपी का कहना है कि इस मामले में एक आरोपी जतीन निवासी रामपुरी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मुकदमा दर्ज करने के बाद अग्रिम कार्यवाही भी शुरू कर दी गई। एसएसपी का कहना है कि इस घटना में शामिल फरार आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमे बनाकर रवाना की गई और सर्विलास टीम का भी सहारा लिया जा रहा है।

# मेले में लगे विदेशी झूले व सर्कस खींच रहा अपनी ओर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेले में आयोजन के समय से ही मेले में भारी भीड़ देखने को मिल रही है, क्योंकि जिला प्रशासन के द्वारा मेले में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, भीड़ को देखते हुए लग रहा है कि मेले में काफी अच्छी सुविधा है और मेले में विदेशी झूले व जल परी, सर्कस आदि के साथ ही मौत कुएं है, मेले के ठेकेदार सुधीर अहलावत ने बताया है कि इस नुमाइश मैदान में लगे मेले में कई प्रकार के झूले, जल परी, यही नहीं विदेशी झूले के अलावा बहुत ही शानदार सर्कस भी मौजूद है। और साफ सफाई के लिए इस बार मेट भी डाली गयी है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण रहे। यह पहली बार हुआ है कि पूरे मैदान में मेट बिछाई गयी है उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि मेले में आए जनपद वासियों को अच्छे मनोरंजन की सुविधा मिल सके। इसके मुजफ्फरनगर की नुमाइश ने इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं! यहाँ की नुमाइश में विदेशी झूले और जलपरी ने लोगों का मन मोह लिया है। मेले की साफ-सफाई, बिजली की सजावट और दुकानों की सुंदरता ने लोगों को आकर्षित किया है। यहाँ के बाजारों में अनेक प्रकार के लुभावने खिलौने और आकर्षक वस्तुएँ हैं, जो लोगों को मेले में आने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस बार मेले में आई भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यहाँ के झूलों में और मेले की अनेक प्रकार की दुकानों ने लोगों को आकर्षित किया है। यह पहली बार है जब मुजफ्फरनगर में इतनी बड़ी संख्या में लोग मेले में आए हैं। अलावा उन्होंने कहा कि मेले में कोई भी अनियमितता देखने को मिलती है, तो उसको तुरंत ठीक कराने का कार्य किया जा रहा है। हम कड़ी



मेहनत कर रहे हैं, ताकि किसी भी असुविधा से बच सके ओर जनपद वासियों को मनोरंजन मे कोई अड्चन ना आ सके।

# मिंटू हत्याकांड: आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जताई नाराजगी

■ **एसएसपी ने दिए आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दीपावली की रात हुए मिंटू हत्याकांड में सोमवार को रामलीला टिल्ला के लोगों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने एसएसपी संजय वर्मा से मिलकर पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हीला-हवाली करने का आरोप लगाया। वर्मा ने पुलिस को एक सप्ताह में आरोपियों की गिरफ्तारी करने को कहा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला में दीपावली के रात हुए झगड़े में मिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया था। झगड़े को लेकर दोनों पक्षों में सुलह हो गई थी। बाद में उपचार के दौरान मिंटू की मौत हो गई थी। मिंटू के भाई राजू ने इस मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि अन्य फरार है। सोमवार को काफी संख्या में लोगों ने एसएसपी आफिस पहुंचकर नामजद लोगों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई। पीड़ित पक्ष ने एसएसपी संजय वर्मा से मिलकर अपना पक्ष रखा। उनका कहना था कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हीलाहवाली कर रही है। एसएसपी ने शहर कोतवाल से बात कर साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कप्तान के आश्वासन पर पीड़ित पक्ष वापस लौट गया।

# कॉमन रिव्यू मिशन टीम ने परखी स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित 17वीं कॉमन रिव्यू मिशन टीम द्वारा आज जनपद मुज़फ़्फ़रनगर का निरीक्षण किया गया। इस टीम का उद्देश्य जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करना रहा।

टीम में डॉ. सिम्मी तिवारी (जॉइंट डायरेक्टर,एनसीडीसी), सु मौतुसी देबनाथ (सीनियर कंसल्टेंट, डॉ. विनीत कुमार पाठक (असिस्टेंट प्रोफेसर), नीरज गौतम (सीनियर कंसल्टेंट) तथा निशांत शर्मा (सीनियर कंसल्टेंट) सम्मिलित रहे। इसके साथ ही राज्य स्तर से डॉ. मनोज शुक्ला (जीएस-आरआई), डॉ.



सुनील वर्मा (संयुक्त निदेशक पैरामेडिकल) डॉ अमित सिंह (संयुक्त निदेशक प्रशासन) व संदीप कनौजिया ऑडिट ऑफीसर यूपीएनएचएमतथा अन्य अधिक. ारीगण भी इस निरीक्षण दल के साथ उपस्थित रहे।

टीम ने जिला पुरुष चिकित्सालय में आपातकालीन विभाग (इमरजेंसी डिपार्टमेंट, ब्लड बैंक, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), ऑपरेशन थिएटर (ओटी) तथा टीबी विभाग का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, दवा वितरण, उपकरणों की स्थिति, स्वच्छता, रिकॉर्ड संधारण तथा कार्यरत चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। इसके उपरांत टीम ने जिला महिला चिकित्सालय का भ्रमण किया, जहाँ एसएनसीयू, महिला ओपीडी (ओपीडी) तथा एमसीएच विंग का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, प्रसव सुविधाओं, नवजात देखभाल प्रणाली तथा अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। टीम द्वारा इसके अलावा आईडीएसपी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ जिला स्तर पर रोग निगरानी तंत्र, डेटा संकलन एवं रिपोर्टिंग प्रणाली का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने टीम को जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, उपलब्ध मानव संसाधन, राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति एवं विभिन्न विभागीय गति. विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।






# कार्तिक गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुकतीर्थ मे होने वाले गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का आगमन तीन दिनों से जारी है।सोमवार को दूर दराज व क्षेत्रों से अनेक श्रद्धालु मेले में पहुंच गये। प्रशासन द्वारा जारी सख्ती के बाद अब नरमी बरतने से श्रद्धालुओं ने मुख्य मार्ग किनारे डेरे स्थापित कर दिये।

श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा अर्चना की व प्रसाद चढ़ाकर साधु संतो से आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा मां गंगा की पूजा कर स्नान किया।

वहीं विभिन्न आश्रमों में सत्संग-प्रवचन-चल रहे है, मेले के बाजारों में भी रौनक लौटने लगी है।

महाभारत कालीन तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे जिला पंचायत द्वारा आयोजित किये जाने वाले स्नान मेले में ग्रामीण क्षेत्र से बडी संख्या में



श्रद्धालु भैंसा-बुग्गी व ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा नगरी में पहुंच गये।और ठहरने के लिए सच्चा प्रकाश आश्रम क्षेत्र, मेला स्थल, गुरु समनदास आश्रम क्षेत्र मे तंबुओं के डेरे स्थापित किये। कुछ श्रद्धालू मां पूरणागिरी आश्रम अन्य आश्रम व धर्मशालाओ मे भी डेरे लगाये हैं।वहीं श्रद्धालुओं ने गंगाघाट जाकर मां गंगा की पूजा की तथा पुरोहितो से अनुष्ठान सम्पन्न कराये। तथा मां गंगा मे हर हर गंगे, जयमां गंगे की जय जय कार करते हुए गंगा मैया मे स्नान किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात है।अधिकारी पुलिस बल के साथ लगातार गश्त कर रहे हैं। वहीं अति. रिद्र सावधानी को श्रद्धालुओं के भारी वाहनों के लिए रुट डायवर्जन किया गया है। मोरना चौराहे से बहुपुरा फिरोजपुर होते हुए गुरु समनदास आश्रम व मोरना से बिहारगढ़, मां काली मंदिर मार्ग से मेला ग्राउंड तक मार्ग निर्धारित किया गया है। किसी विपरीत परिस्थिति मे तुरंत सहायता के लिए मुख्य मार्ग को रिजर्व किया गया है।

## साप्ताहिक बंदी बनी मजाक, श्रमिक हैं परेशान

**बुढ़ाना।** सोमवार को नगर में साप्ताहिक बंदी घोषित है। इसके बावजूद भी बाजार की अधिकांश दुकानें खुली रही। जिससे लगातार साप्ताहिक बंदी की मांग कर रहे श्रमिकों को पहले की तरह ही हताशा मिली। बंदी की मांग को लेकर श्रमिक भी कई बार एसडीएम को ज्ञापन दे चुके। लंबे समय से श्रमिकों की साप्ताहिक बंदी की चली आ रही मांग पूरा होने का नाम ही नहीं ले रही है। एक दुकानदार आरिफ ने बताया कि एक तत्कालीन एसडीएम ने उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन इसके बावजूद भी नगर का बाजार गुलजार रहता है। वहीं श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा भी उच्च अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने आज तक भी बाजार बंद करने की जहमत नहीं उठाई। समस्या का समाधान नहीं होने से श्रमिकों में नाराजगी बनी हुई है।

## माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य : पं. त्रिलोकी नाथ शास्त्री

**शाहपुर।** नोएडा निवासी गर्ग परिवार के विनीत गर्ग द्वारा अपने स्वर्गवासी माता-पिता की पावन स्मृति में श्री एकांश्वर धाम जुडड़ी वाला मंदिर में आयोजित शिव पुराण कथा को विराम सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में दिया गया। कथा व्यास पंडित त्रिलोकी नाथ शास्त्रे ने विराम दिवस पर हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा ही सच्चा धर्म और सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि जो संतान अपने जीवन में माता-पिता का आदर करती है और उनके स्वर्गवास के बाद भी उनकी स्मृति में धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करती है, वह सदैव उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहती है। ऐसी संतान पर सदैव भगवान की ख्रपा बनी रहती है। कथा व्यास ने बारह ज्योतिर्लिंगों की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि प्रत्येक ज्योतिर्लिंग की अपनी विशेषता और ऊर्जा है। जिस भक्त को भी इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है, उसके सभी कष्ट समाप्त होकर जीवन में सुख-शांति का वास होता है। कथा




स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम के अंत में विनीत गर्ग एवं उनके परिवार ने उपस्थित श्रद्धालुओं, कथा व्यास पंडित त्रिलोकी नाथ शास्त्री तथा आयोजन में सहयोग करने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य माता-पिता की स्मृति को अमर रखते हुए समाज में सेवा, संस्कार और श्रद्धा का संदेश फैलाना है। इस दौरान मंदिर समिति ने कथा आयोजक परिवार को मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कथा आयोजक विनीत गर्ग, विनोद गर्ग, आयुष गर्ग शिवा गर्ग ने बताया कि कल आज मंगलवार सुबह हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कथा की व्यवस्था बनाने में मंदिर समिति के सुनील कुमार, पंकज शर्मा, राजेंद्र मित्तल, नीरा जिंदल, संजय मित्तल, गरिमा सिंघल, अनिल बंसल, राजीव गर्ग, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, रामकुमार प्रजापति, राजू नामदेव, रजत बंसल, वीरेंद्र सिंघल, विमल सैनी, सुशील प्रजापत, प्रवीण कुमार, विनय कुमार, राहुल शर्मा, राहुल सैनी, संजीव सिंघल, रितिक गर्ग, कुकू गर्ग आदि मौजूद रहे।

# कार्तिक गंगा स्नान मेले का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में जारी कार्तिक गंगा स्नान मेले का राज्य मंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ किया।

शुकतीर्थ में प्रतिवर्ष लगने वाले कार्तिक गंगा स्नान मेले का सोमवार को राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया वहीं महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज ने नारियल तोड़कर मेले मे प्रवेश किया।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार ब्लॉक प्रमुख अनिल



राठी, थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह,अक्षय शर्मा,विनोद शर्मा, रामकुमार शर्मा, नीटू डायरेक्टर, प्रदीप निर्वाल, महिपाल राठी आदि मौजूद रहे।

# प्रथम अध्यक्ष की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई

**बुढ़ाना।** आजादी के बाद के बुढ़ाना नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय लक्ष्मीचंद त्यागी की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सुबह बड़कता रोड पर स्थित समाधि स्थल पर हवन हुआ और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर एक्यूप्रेशर उपचार व रक्तदान कैंप का आयोजन हुआ। राकेश शर्मा एवं अनुभवी टीम ने वैज्ञानिक विधि सुजोक, एक्यूप्रेशर, रिफ्लेक्सोलॉजी, रेकी, ऑरिकुलर व कलर थैरेपी आदि वैज्ञानिक



विधि से उपचार किया साथ ही रक्तदान में भी लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। 50 लोगों ने रक्तदान किया। पूर्व चेयरमैन लक्ष्मीचंद त्यागी के पुत्र पूर्व जिला बार संघ मुजफ्फरनगर अध्यक्ष, वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद त्यागी, पूर्व चेयरमैन डीसीडीएफ सुबोध त्यागी, बुढ़ाना बार संघ अध्यक्ष विनोद त्यागी, नगर पंचायत बुढ़ाना चेयरपर्सन उमा त्यागी ने सबका आभार प्रकट किया। गणमान्य लोगों ने बताया कि लक्ष्मीचंद त्यागी ने अपने कार्यकाल में बुढ़ाना नगर के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। पद पर रहते हुए अथवा बिना पद के भी वह सदैव जनसेवा को सर्वोच्च मानते रहे। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा की मिसाल था। उन्होंने समाज में एकता, सहयोग, स्नेह और भाईचारे का संदेश दिया। यहां जम्वेर सैनी, सुबोध त्यागी, पंडित नारायण दत्त शर्मा, दीपक प्रजापति, सभासद नितिन शर्मा, आदेश त्यागी, राशिद मंसूरी, नसीम सिद्दीकी, लक्ष्मण वाल्मीकि, समाजसेवी तनवीर कुरैशी, पुष्पेन त्यागी, अवि त्यागी, अंकित त्यागी, मास्टर भूपति, नितिन त्यागी, निर्दोष त्यागी, पवन त्यागी, मनोज त्यागी, सीटू त्यागी, उमेश त्यागी, पुरुषोत्तम त्यागी, राजेश्वर त्यागी, पदम, संजय त्यागी, सतीश त्यागी, हसन, मोहम्मद खालिद व बाबू मल्लाह आदि लोग मौजूद रहे।

### संक्षिप्त समाचार

## घर में घुसकर मोबाइल चोरी किया

**रामराज।** थाना क्षेत्र के रामराज में देर रात एक चोर ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी का मामला सामने आया। पीडिता ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। रामराज निवासी सिमरन पुत्री प्रदीप ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 2 नवंबर की रात वह अपनी मां के साथ घर में सो रही थी, जबकि उसके पिता बाहर गए हुए थे। रात करीब 12:30 बजे सिमरन ने किसी के भागने की आहट सुनी। जब उसने देखा तो एक युवक दीवार पर चढ़कर भाग रहा था। युवती ने आरोपी को पहचान लिया, जो अनिल पुत्र मुंशी निवासी समाना उर्फ रामराज था। बाद में घर घर में देखने पर पता चला कि उसकी मां का कंपनी का मोबाइल, जो फ्जि पर रखा था, चोरी हो गया है। घटना की सूचना सिमरन ने तत्काल डायल 112 पर दी और अपनी मां के साथ थाना पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर प्राप्त आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सूनी दर्शक दीर्घाओं के बीच कैलाश की प्रस्तुति, व्यवस्था पर सवाल

**मोरना।** शुकतीर्थ मे रविवार की शाम गंगा घाट पर भक्ति संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमे साधु संत सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यद्रि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भारी सुरक्षा प्रबंध किये गये थे। जिससे आम आदमी को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं गंगा घाट पर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गयी थी। तो गंगा के दुसरे तट पर कैलाश खैर का मंच बनाया गया था। दर्शकों के अनुसार दूरी अधिक होने के कारण वह कैलाश खैर को नजदीक से नहीं देख पाए। वहीं भजन संध्या के विपरीत फ़िल्मी संगीत को देख कुछ साधु संत भी उखड़ते दिखाई पड़े।दो घंटे चले कार्यक्रम के बीच ही दर्शकों की दीर्घाये सूनी हो गयी। कार्यक्रम मे जिस भीड़ के अनुमान लगाया गया था वह भी गलत साबित हुआ। प्रशासन का अनुमान व कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तकनीकी खामियाँ नजर आई। प्रशासन को आगामी किसी भी बड़े आयोजन के लिए सटीक आंकलन व मज़बूत तकनीक का प्रयोग करना होगा

## बैंकों के बाहर पुलिस ने सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया

**मीरापुर।** थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में ग्राम कुतुबपुर स्थित बैंकों के बाहर पुलिस ने सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बैंक में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। साथ ही बैंक परिसर के अंदर की सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि बैंक में लगे फायर अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली की जांच की गई। उन्होंने उपस्थित बैंक कर्मियों और ग्राहकों को सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध गति. विधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और बैंकिंग क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए यह चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

## सीवरेज-जल निकासी योजना में 2 आरसीसी नाले स्वीकृत

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के समस्त नागरिकों के लिए आज सोमवार के दिन एक अच्छी खबर आई है। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल के अथक परिश्रम के चलते सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत दो आरसीसी नालों का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है और इसी के साथ ही प्रथम किश्त भी जारी कर दी गई है।

बताया जाता है कि दोनो आरसीसी नालों के निर्माण का कार्य जल्दी ही बुढ़ाना कस्बे में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समीप स्थित रामदयाल स्वीट्स से लेकर कन्या जूनियर हाईस्कूल के समीप कांधला रोड पर स्थित प्रताप नारायण त्यागी की सीमेन्ट की एजैन्सी तक और हिन्दुस्तान इलेक्ट्रिक स्टोर से लेकर पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम तक होगा। इन दोनों स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश शासन से एक करोड़ पांच लाख रुपए का बजट भी स्वीकृत हो गया है। इसके लिए बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने उत्तर प्रदेश शासन और प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ प्रयास करने वाले सब लोगों का भी आभार जताया है। इन दोनों नालों के बनने पर पानी की निकासी मे काफी हद तक सुधार आएगा। चेयरपर्सन उमा त्यागी कस्बे में समय समय पर जो भी विकास कार्य कर रही हैं वह लोगों के लिए हर्ष का विषय है।

# संस्कृति और संस्कारों में निहित है हमारे देश की शक्ति: मीनाक्षी स्वरूप

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी स्थित श्री कृष्ण सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, नारी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का भावपूर्ण संदेश दिया। पूरा विद्यालय प्रांगण देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों में रंगा नजर आया।

गांधी कॉलोनी के श्री कृष्ण सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को सप्त शक्ति संगम शीर्षक से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप रहीं। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पारंपरिक रीति से उनका तिलक कर एवं पटका पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें भारतीय परंपरा, नारी शक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से मंचित किया गया। नन्हे कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन जीत लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि हमारे देश की असली ताकत उसकी संस्कृति और संस्कारों में निहित है। जब हमारे बच्चे भारतीय संस्कृति से जुड़कर आगे बढ़ते हैं, तो समाज और राष्ट्र दोनों का भविष्य उज्जवल होता है। नारी शक्ति केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज की रीढ़ है। बेटियों को शिक्षा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के अवसर देना हम सबका



कर्तव्य है। उन्होंने विद्यालय परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनशीलता को बढ़ाते हैं।समारोह में विद्यालय परिवार, अभिभावकगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

# ट्रक की चपेट में आकर मां और बेटी हुई घायल

**बुढ़ाना।** एक ट्रक की चपेट में आकर एक मोटर साईकिल पर सवार महिला और उसकी बेटी गंभीर रुप से घायल हो गयी जबकि पति चालक मामूली रुप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने घटना की सूचना देते हुए दोनों घायल मां और बेटी को गंभीर हालत में जिला हस्पताल के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य के थाना बापौली क्षेत्र के गांव पत्थर गढ़ी निवासी दिलशाद अहमद अपनी पत्नि मोहसिना बेगम और अपनी 08 साल की पुत्री सुमबुल को मोटर साइकिल पर लेकर बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पछाला में बीती रविवार को अपनी ससुराल में शादी में आया हुआ था।घ आज सोमवार के दिन जब वह अपनी पत्नि और बेटी के साथ अपने घर लौट रहा था तो बुढ़ाना कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे पर एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक की टक्कर लगने से तीनों नीचे गिर पड़े। आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर तीनों को पास के एक हस्पताल में भतह्म कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मां बेटी को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस और घायल महिला के परिजनों को भी मिल गयी थी।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, प्रेमपुरी में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया! जिसका शीर्षक वर्तमान जीवन प्रणाली एवं बढ़ता अवसाद रहा।

उपरोक्त प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिनमें जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, प्रेमपुरी मुजफ्फरनगर, जैन इंटर कॉलेज, खतौली राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, शाहपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर, छोटू राम इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर, सनातन धर्म कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर, श्री देवी मंदिर कन्या इंटर कॉलेज खतौली, जवाहर लाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज रवा. पुरी, सठेड़ी मुजफ्फरनगर। राजकीय इंटर कॉलेज पुरकाजी एवं सनातन धर्म कन्या



इंटर कॉलेज झांसी की रानी चौक मुजफ्फरनगर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।उपरोक्त प्रतियोगिता में निम्न प्रकार छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पक्षरू हंसिका वर्मा पुत्री श्री दीपक वर्मा कक्षा 8 (सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज झांसी की रानी, विपक्ष तन्वी जैन पुत्र लोकेश जैन कक्षा 8 (सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज झांसी की रानी, द्वितीय स्थान पक्ष खदीजा पुत्री श्री अब्दुल्लाह कक्षा 10 (जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज रवापुरी सठेड़ी,विपक्ष सुहाना पुत्री आसिफ कक्षा 10(जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज रवापुरी सठेड़ी) तृतीय स्थान पक्ष इरम पुत्री मौ यूसुफ कक्षा 10 (जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज प्रेमपुरी)विपक्ष आफिफा पुत्री रियासत अली कक्षा 10 (जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज प्रेमपुरी,

# सिद्धपीठ बालाजी धाम मंदिर में भंडारे का आयोजन

**शाहपुर।** नगर के सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर पर स्थित बाबा खाटू श्याम के मंदिर में सोमवार को कार्तिक शुक्ल द्वादशी के दिन बाबा खाटू श्याम को नगर के बाबा खाटू श्याम प्रेमी अग्रवाल समाज के प्रमुख स्तंभ स्वर्गीय लाला चरणदास बंसल के सुपौत्र एवं प्रमुख पेन्टस व्यापारी हैप्पी बंसल पुत्र लाला बालेश्वर दास बंसल (पूर्व सभासद) द्वारा बाबा को भोग लगाया गया तथा फिर भोग का वितरण किया गया। बालाजी धाम पर बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा स्थापित है और पिछले कई वर्षों से यहां पर प्रत्येक एकादशी को बाबा का विशाल श्रृंगार होता है। तथा द्वादशी के दिन बाबा को नगर के ही किसी न किसी श्याम प्रेमी की और से भोग लगाकर वह बाबा के भक्तों में वितरित किया जाता है। इस बार का भोग बंसल परिवार की और से लगाया गया। नगर के सैकड़ो लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस



अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल, समाजसेवी हरिमोहन सिंघल, समाजसेवी मणिकांत मित्तल, वरुण बंसल, प्रिंस बंसल, भोला नामदेव, डब्बू बंसल, श्रीकांत शर्मा, मोहन नामदेव, गोपाल बंसल, राघव नामदेव, शिवचरण नामदेव तथा महिलाओं में अर्चना शर्मा, रजनी बंसल, वंशिका बंसल, अनीता बंसल, पूनम बंसल, प्रज्ञा शर्मा, मोक्सी बंसल, रानी बंसल, गुढी बंसल, लक्ष्मी बंसल। समिति के पदाधिकारी पंकज गोयल, अक्षय गोयल, अर्पित गोयल, भाग्य शर्मा, राजू बंसल, टिंकू मित्तल, विनीत मित्तल द्धरिंकूऋ आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र में भूलवश मेरा नाम ममता गुप्ता (Mamta Gupta) दर्ज हो गया है जोकि गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम ममता मित्तल (Mamta Mittal) है मुझे सही नाम Mamta Mittal से ही जाना व पहचाना जाए।

**ममता मित्तल**
**(Mamta Mittal)**
**W/o सुनील कुमार**
**पटिवियान, सराफा बाज़ार,**
**मुज़फ्फर नगर( यू०पी० )**
**251002**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मै अपने दोनों भाईयों मौ.गुलजार खान व मौ.नदीम खान के द्वारा किये गये क्रिया कलापो से काफी तंग व परेशान हो चुका है। ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। मेरे दोनों भाईयो ने अपना प्रोपर्टी का हिस्सा भी मुझसे प्राप्त कर लिया है। आज के बाद मौ0गुलजार खान व मौ.नदीम द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, वाद विवाद व अपराधिक कार्य के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ.तसलीम खान पुत्र मरहूम**
**मौ.चुन्नू खान निवासी 317/1**
**दक्षिणी खालापार, थाना**
**खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

# श्री श्याम वंदना जन्मोत्सव मनाया

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से 39वा श्री श्याम वंदना जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उपस्थित हुए एवं मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी नेता संजय मित्तल पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला भाजपा नेता विशाल गर्ग ,अजय सागर,उपस्थित हुए कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव गर्ग गायत्री ज्वेलर्स एवं अरविंद बंसल मिर्च वालों ने दीप प्रज्वलन कर किया अन्य अतिथियों के रूप में राजेंद्र गुप्ता, प्रमुख चावल व्यापारी दिनेश मित्तल,अंकित गर्ग,अनिकेत जिंदल, आदि लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर जयपुर से प्रसिद्ध भजन गायक मुकेश बांगड़ा ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

कीर्तन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। देर रात तक पंडाल श्याम नाम के जयघोष से गूंजता रहा।



दरबार की विशेष झलक महोत्सव में श्याम बाबा का भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया। दरबार के बीचोंबीच श्याम बाबा विराजमान थे । महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया मुजफ्फरनगर के आसपास के मंडलों से जैसे ,शामली, बुढ़ाना,गंगोह, पुरकाजी लक्सर मंगलौर रुड़की खतौली मेरठ कैराना मुजफ्फरनगर की ज्यादातर सभी संस्थाओं से प्रेमी आये हुए थे। श्याम प्रेमियों से पंडाल पूरी तरह से भरा हुआ था और कार्यक्रम का समापन गगनभेदी ह्श्याम बाबा के जयकारों के साथ हुआ। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग,संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल,प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल,अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग एवं एकादशी सदस्य उपस्थित रहे।

# एसआईआर विषय पर मीटिंग हुई आयोजित

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में स्थित एक मस्जिद में उत्तर प्रदेश डेमोक्रेटिक फोरम की तरफ से एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर एक मीटिंग आयोजित की गई।

जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर यूपी डेमोक्रेटिक फोरम के प्रदेश संयोजक रफीकुज़ूज़मां खान ने शिर. कत की और यह बताया कि मंगलवार के दिन 04 नवंबर से एसआईआर का काम शुरु हो जाएगा। इसलिए सभी सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग और सिविल सोसाइटी के तमाम लोगो को बीएलओ की मदद करनी चाहिए और चुनाव आयोग ने जो दिशा निर्देश दिए हैं उसका अनुपालन करना चाहिए। इस अभियान में कोई भी वोटर वंचित ना रहने पाए। यहां पर यूपीडीएफ के जिला संयोजक शाहनवाज अहमद गौरी ने कहा कि हम सभी लोग मिलकर जागरूकता फैलाएंगे और किसी को कोई दिक्कत होगी तो उसकी सहायता करेंगे। मीटिंग में कई वार्डों के मेंबर्स और बुढ़ाना कस्बे के आसपास के गांवों के रहने वाले काफी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। यहां पर सभी लोगों ने कहा कि समाज हित के इस तरह के कामों में फोरम अच्छा काम कर रहा है और हम सभी लोग भी मिलकर काम करेंगे। यहां समीर सलमानी, काजी अकलीम, मुदस्सिर उस्मानी, आरिफ शब्बू, सलीम सभासद, मौलाना माजिद जौलावी, नसीम सभासद, आसिफ सभासद शाहपुर, आज़म फारुकी, डॉक्टर फिरोज, इरशाद इटावा आदि लोग मौजूद थे।

**सूचना**

मैने अपना नाम लियाकत अली (LIYAKAT ALI) से बदलकर लियाकत (LIYAKAT) कर लिया है। भविष्य में मुझे लियाक़त नाम से जाना - पहचाना जाये।

**लियाकत पुत्र नूर हसन**
**937, कुंगर पट्टी, सूजड़ू,**
**मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 13822/ 01.12.22 मे गलती से पुत्र का नाम् अयांश गुप्ता अंकित करा दिया गया जबकि उसका वास्तविक नाम शिवाक्ष गुप्ता है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मोहित गुप्ता पुत्र गौरी शंकर**
**निवासी-आदर्श कॉलोनी**
**ज़िला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र दानिश मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है तथा सूखा नशा करता है तथा तान्त्रिक क्रिया करता है। दानिश मेरी लडकियों के सामने ही मुझे गाली-गलौच व मारपीट करता है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने दानिश से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने दानिश को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया आज के बाद दानिश के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। दानिश स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति रूकसाना पत्नी स्व.**
**इमरान निवासी म.न.63,**
**कस्सावान खालापार थाना**
**खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

**विद्युत पारेषण खण्ड,**
**उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.**

**सर्वसाधारण को सूचित करना है कि 132 के०वी० उपकेन्द्र मेडिकल कालिज, मेरठ132 के०वी० बीम** के निर्माण हेतु दिनांक 04.11.2025 को समय प्रात: 08:00 बजे से 9:00 बजे तक उपकेन्द्र पर स्थापित 132 के.वी. बस का शट्डाउन प्रस्तावित हैं। उपकेन्द्र से पोषित 33 के.वी. पोषकों क्रमश: 33 के.वी. रंगोली, 33 के.वी. शास्त्रीनगर, 33 के.वी. नौचन्दी की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी एंव 33 के.वी.पोषको, 33 के.वी. सिविल लाईन, 33 के.वी. लेडिस पार्क, 33 के.वी. जागृति विहार, 33 के.वी. यूनिवर्सिटी, 33 के.वी. जिला अस्पताल, 33 के.वी. मेडिकल कालिज की विद्युत आपूर्ति वैकल्पिक क्षेत्र से सामान्य रहेगी, जनमानस को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

# चोरी की घटनाओं से भोपा-मोरना में हड़कंप

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**मोरना।** थाना क्षेत्र मे चोरों ने चोरी की तीन घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। कस्बा भोकरहेड़ी में जंगली चोरों ने तीन किसानों की टड्बवैलों पर चोरी की है। वहीं मोरना मे बरतन की दुकान के गल्ले से चोरी तथा भोपा मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओ से क्षेत्र मे दहशत बनी हुई है।पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी पूर्व चौयरमैन मदनपाल एडवोकेट ने बताया की सोमवार की सुबह वह अपने नलकूप पर गये तो टड्बवैल की दीवार को टूटा देखा। चोरो ने दीवार को तोड़कर केबिल, स्टार्टर, कटाउट आदि सामान को चुरा लिया। इसके अलावा चोरो ने किसान भूपेंद्र सिंह लंबरदार व किसान सुधीर की टड्बवैल मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है।हाल ही मे जंगली चोरो ने क्षेत्र मे दर्जनो टड्बवैल पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओ को लेकर किसानो मे रोष पनप रहा है। पीड़ित किसानो ने पुलिस से अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं मोरना में जानसठ मार्ग पर बरतन की दुकान में एक चोर द्वारा गल्ले से नगदी चोरी की गयी। दुकान मालिक मुनेशपाल ने बताया की वह दुकान मे किसी कार्य मे लगा हुआ था की पीठ पीछे गल्ले से नकदी चुराते चोर को उसने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।घटना दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी। वही भोपा में दूध की डेरी की दुकान से पचास हजार की चोरी घटना से हड़कंप मच गया पीड़ित दुकानदार सुनील कुमार ने बताया की वह अपने मकान मे दूध की डेयरी चलाता है। रविवार की रात गांव निवासी एक व्यक्ति ने गल्ले से पचास हज़ार रूपये की रकम को चुरा लिया। चोर सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

## अज्ञात लोगों ने पत्रकार की कार को किया क्षतिग्रस्त

**बुढ़ाना।** एक पत्रकार की घर के बाहर खड़ी कार को अज्ञात लोगों ने आगे पीछे से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना का पता आज सोमवार की सुबह को तब लगा जब पत्रकार कहीं जाने के लिए अपनी कार के पास आया। इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी दे दी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के पत्रकार प्रदीप मित्तल ने अपनी कार को रोजाना की भांति अपने घर के बाहर एसडीएम आवास के सामने खड़ी की हुई थी। जैसे ही आज सोमवार की सुबह प्रदीप मित्तल किसी काम से बाहर जाने के लिए अपनी कार के पास आए तो देखा उनकी कार को आगे और पीछे से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा क्षतिग्रस्त किया हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार को दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार की हालत को देखते हुए आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो अज्ञात युवक द्वारा अपने वाहन से पत्रकार प्रदीप मित्तल की कार में टक्कर मारी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक की तलाश शुरु कर दी है। अन्य कार चालक ने टक्कर जान बूझकर मारी या उससे लग गयी यह अज्ञात युवक के पकडे जाने के बाद ही पता चल सकेगा। कार को आगे और पीछे से क्षतिग्रस्त होनी बताई जा रही है।

# स्पिक मैके के कार्यक्रम में सारंगी सुनकर श्रोता झूमे

**मुज़फ्फरनगर।** स्पिक मैके मुजफ्फरनगर इकाई द्वारा एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज में आयोजित सारंगी के कार्यक्रम को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

सारंगी का दूसरा कार्यक्रम जैन कन्या इंटर कॉलेज पटेलनगर में आयोजित हुआ जो विद्यालय के लिए अविस्मरणीय साबित हुआ। मुंबई से पधार विख्यात कलाकार उस्ताद फारूक लतीफ़ ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया।

देशव्यापी सांस्कृतिक आंदोलन में संलग्न संस्था स्पिक मैके उत्तरप्रदेश के संस्कृति विभाग व भारतखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के सहयोग से पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में आज एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज व जैन कन्या इंटर कॉलेज पटेलनगर में ऑल इंडिया रेडियो व दूरदर्शन के टॉप ग्रेड के कलाकार उस्ताद फारूक़ लतीफ़ के सारंगी पर एक के बाद एक अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज में उन्होंने प्रातःकालीन राग नट में विलंबित एक ताल में बड़ा खयाल तथा इसी राग में मध्यलय तीनताल में छोटा खयाल प्रस्तुत किया और श्रोताओं को शास्त्रीय संगीत के सौंदर्य की अनुभूति कराई। राग देश में वंदे मातरम् के साथ द्रुत तीन ताल में छोटा खयाल सुनकर खूब तालियां बटोरीं।विद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप मित्तल ने दीपप्रज्ज्वलन के साथ कलाकारों के प्रति सम्मान व आभार प्रकट किया।

?उन्होंने संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश व भारतखंडे विश्वविद्यालय का भी आभार प्रकट किया।जैन कन्या इंटर कॉलेज पटेलनगर में उस्ताद फ़ारूक़ लतीफ़ ने दोपहर के राग सारंग की अत्यंत सुंदर प्रस्तुति श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। राग देश के अतिरिक्त उन्होंने श्रोताओं के विशेष आग्रह पर सारंगी पर एक कजरी प्रस्तुत की तो विद्यालय प्रांगण तालियों से गूंज उठा। तबले पर दिल्ली से पधारे अनुराग झा ने बखूबी संगत प्रदान की।



विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शकुंतला ने अन्य अतिथियों के साथ दीपप्रज्जवलन के साथ कलाकारों का स्वागत सम्मान किया तथा अंत में उप्र संस्कृति विभाग व भारतखंडे वि वि का आभार प्रकट किया।इन कार्यक्रमों में डॉ मृदुला मित्तल, नीति, भावना, डी ए वी कॉलेज की प्राचार्या डॉ गरिमा जैन, जीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया, डॉ सुनीता शर्मा, शुभ्रा मित्तल विशेषरूप से उपस्थित रहे। स्पिक मैके के कार्यकर्ताओं राहुल सेन, शुभम कुमार व विशु का कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान रहा।

# हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।**हुतात्मा दिवस के अवसर पर ब्विव हिंदू परिषद एवं बजरंग दल लक्ष्मीनगर इकाई के तत्वावधान में श्री कृष्ण मंदिर दुर्गापुरी, खतौली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कारसेवा में शहीद हुए हुतात्माओं की स्मृति में किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को प्रबल बनाना था।कार्यक्रम का संचालन विहिप के सह-भाग संगठन मंत्री अनूप जी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक रवि चौधरी की उपस्थिति में जीवनदान चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम ने रक्त संग्रह किया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अनेक यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला सह संयोजक प्रशांत पंडित ने कहा कि ह्रक्तदान न केवल मानवीय कर्तव्य है, बल्कि यह राष्ट्रसेवा का प्रतीक भी है। यह हुतात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि और मानवता की सेवा का प्रेरक प्रयास है।ह्रक्तदान करने वालों में गुरुजी कृष्ण मंदिर समिति के सदस्य तथा नगर के कई गणमान्य लोग शामिल रहे। प्रमुख रक्तदाताओं में प्रवीण ठकराल (नगर अध्यक्ष), प्रदीप शर्मा (महामंत्री), नितिन भटनागर, रिंकू त्यागी (आरएसएस), आशीष त्यागी (विहिप), चिंटू मोतला, विकास मोतला, हर्ष रहेजा, ऋतिक कुमार, नवीन त्यागी, प्रदीप सैनी, अक्षय कुमार, विनोद, कौशल भाटिया आदि शामिल रहे। शिविर के समापन पर उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और समाज में सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



# एआईएमआईएम नेता सैय्यद बाबर ने किया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव खानपुर में बीती रविवार के दिन मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 से आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबर सैय्यद ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मोजूदगी में लाल रंग का फीता काटकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

यहां पर ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने सैय्यद बाबर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तो सैय्यद बाबर ने सभी क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सैय्यद बाबर ने अपने संबोधन में कहा कि वैसे इस गांव में वॉलीबॉल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हालांकि यहां वॉलीबॉल अभ्यास के लिए एक उचित मैदान का अभाव है। वर्तमान में जो स्थान उपलब्ध है वह मैदान का एक छोटा हिस्सा मात्र है जहां खिलाड़ी सीमित संसाधनों के बावजूद इस खेल को जीवंत बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब वे वॉलीबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का बीड़ा उठाएंगे। उन्होंने यहां पर विजयी हुए कई खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से हास्य शायर इजहार आलम बुढानवी सहित सैंकड़ों लोग भी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर पड़े बुजुर्गो को सहारा बनी शालू

**मुजफ्फरनगर।** कलयुगी भतीजे ने अपने चाचा को घर से निकाल दिया। बूढ़ा चाचा बीमार हालत में भूख प्यास से बेहाल दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो रहे थे।वहीं भूखी प्यासी पापी पेट को भरने के लिए लोगों के सामने हाथ फैलाने को मजबूर हो गए। लावारिसों की वारिस के नाम से जाने जाने वाली समाज सेविका क्रांतिकारी शालू सैनी ने खास बातचीत में बताया कि क्रांतिकारी शालू सैनी को किसी अंजान व्यक्ति ने दूरभाष के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन पर एक बीमार बेसहारा बुजुर्ग बाबा जमीन में बेहद ही बुरी हालत में पड़े रो रहे है , जानकारी पर शालू सैनी मौके पर पहुंची और बूढ़े बाबा के बुढापे की लाठी बन अपने अपने साथ हॉस्पिटल ले आई जहां उनका इलाज कराकर वो खुद उनकी सेवा करेगी इस बीच क्रांतिकारी शालू सैनी को ढेर सारी दुआएं देते हुए अपनी धर्म की बेटी के रूप में क्रांतिकारी शालू सैनी के सर पर ममता का आंचल औढा दिया।

### भाजपाईयों ने भरे शिक्षक फार्म किए एकत्रित

**बुढ़ाना।** मेरठ-सहारनपुर खंड स्नातक एमएलसी चुनाव की प्रक्रिया के चलते आज सोमवार के दिन कस्बा बुढ़ाना में कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर घूमते हुए बुढ़ाना कस्बे के बडे बाजार में स्थित संगल क्लाथ हाउस के मालिक विकास संगल और पंकज संगल के द्वारा वैश्य समाज के स्नातक लोगों से उनको पूर्व में खाली दिए गये भरे फार्म एकत्रित किए गए। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष निर्देशानुसार और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी के मार्गदर्शन में और स्नातक चुनाव जिला संयोजक श्री मोहन तायल के नेतृत्व में निरंतर कार्य जारी है। आज सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा में स्थित ज्ञानदीप शिशु मंदिर के प्रधान अध्यापक नीरज मास्टर से स्नातक एमएलसी और शिक्षक फार्म भरकर लिए गए। उन्होंने सभी पोस्ट ग्रेजुएट लोगों से आग्रह किया है कि वे जल्दी से जल्दी अपनी स्नातक एमएलसी वोटों को बनवाकर विधानसभा में अपनी आवाज बुलंद करते हुए अपने अधिकारों का भी प्रयोग करें।

### मुस्लिम दुकानदारों की तलाश करने पहुंचे यशवीर महाराज

**मोरना।** शुकतीर्थ मे पहुंचे स्वामी यशवीर महाराज ने चिर परिचित अंदाज मे मुस्लिम दुकानदारों की तलाश मे कुछ दुकानदारों से पूछताछ की।तथा थूक मूत्र जिहादी गैंग का कोई सदस्य नहीं मिलने पर संतोष प्रकट किया।स्वामी यशवीर महाराज ने बताया की पिछले वर्ष जो अभियान चलाया गया था उसके परिणाम स्वरूप इस बार कोई थूक मूत्र जिहादी गैंग सदस्य मेले मे नहीं मिला है अब यह धार्मिक मेला पूर्णतरू सनातनियों का हो गया है। इस अवसर पर आचार्य मृगेंद्र ,दीपक कुमार मोरना ,नितिन सहरावत नन्हेड़ा ,अमित कुमार,हनी सहरावत नन्हेड़ा , विपुल कुमार,राहुल कुमार, अमित कुमार, देव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी मेसेज भेजकर नकदी उड़ायी

**छपार।** किसी ने ने इंस्टाग्राम पर फर्जी मैसेज भेजकर एक युवक से चार हजार रुपए मांगे जिस पर उसने फोन से रुपए दे दिये उसके बाद उसके खाते से 56 हजार रुपए निकल गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। गांव कुतुबपुर निवासी लाखन पर इंस्टाग्राम से गांव निवासी राहुल के नाम से मैसेज आया कि चार हजार रुपए की संख्त जरुरत है। उसने रुपए भेज दिये।बाद में उसके खाते से छप्पन हजार रुपए निकल गये। पीड़ित ने राहुल से बात की तो उसने रुपए मांगने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### मामूली विवाद पर युवक को घायल किया

**छपार।** किसी बात को लेकर कुछ युवकों में झगडा हो गया जिसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छपार के मोहल्ला आईटीआई के पास निवासी साजिद का मोहल्ले के ही चार युवकों से किसी बात को लेकर झगडा हो गया जिसमें वह गंभीर घायल हैं गया। घायल के चाचा आरिफ निवासी शामली अड्डे के पास मुजफ्फरनगर ने थाने में कय्यूम,गय्यूर, जान मौहम्मद व अलकसीम के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कराई है।

### शंखनाद से निकली यात्रा, भजन संकीर्तन से गुंजायमान हुआ नगर

**खतौली।** पवित्र कार्तिक मास की सात दिवसीय प्रभात फेरी परिक्रमा के पां. चवें दिन सोमवार प्रात: छह बजे श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल (गीता भवन) गली घंटाघर खतौली से मंदिर पुजारी के शंखनाद के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में शामिल भक्तों ने भक्ति रस से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए। मधुर भजनों की धुन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। परिक्रमा यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, तगान स्थित शिवाजी मूर्ति, श्रीराम मंदिर होते हुए घंटाघर से पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में मुख्य रूप से मंदिर प्रधान मनोज अग्रवाल, मंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज भटनागर (पूर्व विधायक प्रतिनिधि), कुलदीप शर्मा, भावेश गुप्ता, मुकेश तायल, संजीव मिश्रा, ललित अग्रवाल, बिट्टू शर्मा, राकेश वर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, विनोद वर्मा, कन्हैयालाल, आतिश गुप्ता, प्रभात राकेश अग्रवाल, राकेश कुमार, अंकुर अग्रवाल, मनोज शर्मा, विनोद शर्मा सहित भारी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु शामिल रहे।भक्तिमय माहौल में नगर की गलियां ह्हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष से गुंजायमान रहीं।

### फर्जी नम्बर प्लेट के साथ बाइक चला रहा आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान फर्जी नम्बर प्लेट के साथ बाइक चला रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए चालान कर दिया गया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने 3 नवंबर 2025 को चेकिंग अभियान के दौरान सुहाना फार्म के सामने कस्बा मीरापुर से अभियुक्त अरुण उर्फ राजा पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम रोनी हरजीपुर थाना चरथावल, हाल पता ग्राम जडौदा नारा थाना मन्सूरपुर, जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी।

# जैन डिग्री कॉलेज में ब्राइडल मेकअप सेमिनार का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत माहिं मेकओवर स्टार्टअप के प्रथम बैच की छात्राओं के लिए ब्राइडल मेकअप आर्टिस्ट सर्टिफिकेट सेरेमनी का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा जैन की अध्यक्षता में किया गया।

प्रोफ़ेसर सीमा जैन ने कहा, कि यह प्रगति की ओर एक नया कदम है, छात्राएं इस फील्ड में अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकती हैं। कार्यक्रम मंच संचालन डॉ मनीषा अग्रवाल द्वारा किया गया। कोर्स संचालक माहिं द्वारा इसके बारे में जानकारी दी गई। अत्यंत ही मनोहर ब्राइडल मेकअप आर्टिस्ट द्वारा किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता प्रोफेसर आभा सैनी , प्रोफेसर संतोष कुमारी , डॉ सोनाली सिंह, डॉ स्वीटी जैन एवं डॉ अनामिका आदि उपस्थिति रहे।

# कुल शरीफ की रस्म के बाद हुआ लतीफी उर्स का समापन

**भोपा।** गांव सीकरी स्थित सूफी संत हजरत बाबा अब्दुल लतीफ की दरगाह पर आयोजित 56 वें उर्स मुबारक का रविवार की रात कुल शरीफ के बाद समापन हो गया। जिसमें देश मे अमन चौन व खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई गई।

दुआ मुरादाबाद से आए मौलाना हजरत इनामुद्दीन ने कराई जिसमे हजारो हाथ एक साथ उठे। वहीं कव्वाली का आयोजन हुआ। सोमवार की सुबह गुसल की रस्म अदा की गयी। कार्यक्रम में क्षेत्र व दूर दराज से आए अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उर्स के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। मोरना ब्लॉक् के गांव सीकरी स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा अब्दुल लतीफ की दरगाह शरीफ पर आयोजित उर्स लतीफी धार्मिक श्रद्धा व आस्था के साथ सम्पन्न हो गया। जिसमें बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर ,सम्भल, अमरोहा, कलियर शरीफ, दिल्ली व पंजाब हरियाणा राज्य से बड़ी संख्या में अकीदतमंदो ने शिर. कत की। उर्स के संयोजक सज्जादा नशीन मौलाना हबीबुर्रहमान, व मौलाना उमर लतीफी ने बताया उर्स मुबारक के दौरान जलसा ईद मिलादुन नबी,कुरानख्वानी व रात में कव्वालियों का आयोजन किया गया। रविवार की रात्रि 11.25 बजे कुल शरीफ की मुख्य रस्म सम्पन्न हुई,वही अनेक जयरीनो द्वारा लंगर का आयोजन किया गया।सोमवार की सुबह गुसल की रसम अदा की गई। कार्यक्रम के आयोजन में अदील हबीब लतीफी, सकलैन लतीफी,राजा साबरी, खालिद लतीफी,शम्स गाज़ी आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।



# भाकियू किसान सेवक संघ कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बुढ़ाना।** तहसील व थाना दिवस शायद कारगर साबित नहीं हो रहे तभी तो किसान संगठन समय समय पर किसी न किसी गांव में पंचायत कर वहां जिम्मेदार अधिकारियों को बुलवाकर ग्रामीणों की समस्याओं को रखने का काम कर रहे हैं। आज फिर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन सेवक के वरिष्ठ कार्यकर्ता आमिर राणा के नेतृत्व में कुछ कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव को इस आश्य का एक प्रार्थना पत्र दिया है कि उनके गांव में कुछ जिम्मेदार अधिकारी भेजे जाएं और उनके गांव के अलावा अन्य गांवों के लोगों की भी समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण करें। जिन अधिक. ारियों को पंचायत में बुलाने का आग्रह किया गया है उनमें एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव, खतौली विद्युत विभाग के एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह व बुढ़ाना ब्लाक के खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार हैं। प्रार्थना पत्र में लिखा है हुसैनाबाद भनवाडा गांव मे 6 नवम्बर बृहस्पतिवार के दिन सुबह 11 बजे भारतीय किसान यूनियन सेवक अराजनैतिक के नेतृत्व मे ग्राम व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक पंचायत आयोजित की जा रही है। पंचायत में समस्याओं से संबंधित सब अधिक. ारी आकर किसानों की समस्याओ को सुनकर उनका निस्तारण करायें। किसान पंचायत में भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम भी उपस्थित रहेंगे।

# धीरेन्द्र प्रताप ने की शहीदों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम की समीक्षा

**मुजफ्फरनगर।** 6 नवम्बर को रामपुर तिराहे पर शहीदों को श्रद्धांजलि दिए जाने का धीरेंद्र प्रताप ने किया वहां आव्हान उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवक्ता और पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने मुजफ्फरनगर के तमाम लोगों से आगामी 6 नवंबर को उत्तराखंड शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु रामपुर बिरहा शहीद स्मारक चलो का आह्वान किया है धीरेंद्र प्रताप आज मुजफ्फरनगर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सतपाल कटारिया के कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे नरेंद्र प्रताप ने कहा उत्तराखंड राज्य मुजफ्फरनगर लोगों का एहसानमंद है जिन्होंने 2 अक्टूबर 1994 को जब हमारी मां बहनों पर और हमारे आंदोलनकारी पर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गोलियां चलाई गई। 7 लोग शहीद हुए और कई मां बहनों की आबरू पर डाका डाला गया तो मुजफ्फरनगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर हम लोगों का साथ दिया वीरेंद्र प्रताप ने कहा कि 6 नवंबर को उत्तराखंड की रजत जयंती के अवसर पर उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष करण महारा और विपक्ष के नेता यशपाल आर्य के नेतृत्व में आने को लोग उत्तराखंड से रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर आएंगे। इस प्रेस वार्ता में धीरेंद्र प्रताप के अलावा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल कटरा कटारिया मौजूद रहे।



# कब्रिस्तान को भूमाफियाओं से बचाने को लगे बोर्ड

**बुढ़ाना।** वक्फ की जायदाद के पुराने खसरा नम्बर 1972 जो कि अब नया नम्बर 2519 है और यह राज्य सरकार के अधीन है। वर्तमान में भी इसमें कुरैशी समाज के मृत लोग दफनाए जाते हैं। इस कब्रिस्तान पर काफी दिनों से कुछ भूमाफियाओं की नजर इस नंबर को कब्जाने के लिए लगी हुई थी। इसलिए इस नंबर को बचाने के लिए आज सोमवार के दिन मौहम्मद शेख अयाजुद्दीन नम्बरदार, रूवेज सिद्दीकी, शारिक सिद्दीकी, शाहरूख सिद्दीकी और जरीफ अहमद सिद्दीकी आदि लोगों ने मेन गेट का और दीवार का साइन बोर्ड बनवाकर लगवा दिया। इस संबंध में जब शेख अयाजुद्दीन नम्बरदार से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि वक्फ की संपति कहीं पर भी हो उस पर किसी भी भूमाफिया की नजर वे पड़ने नहीं देंगे क्योंकि कुछ भूमाफिया अपने फायदे के लिए कब्रिस्तान की जमीन पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध उन्होंने जंग छेड़ दी है और इससे पुलिस को भी अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि अभी भी कस्बे के भूमाफियाओं ने काफी भूमियों पर अपने अवैध कब्जे किए हुए हैं। अगर प्रशासन इन भूमाफियाओं की सही तरीके से जांच करे तो दूध का दूध पानी का पानी खुद ब खुद ही हो जाएगा। उन्होंने एसडीएम, सीओ और नगर पंचायत चेयरपर्सन से साइन बोर्डों को सुरक्षा की मांग की है।

### भूमाफियाओं ने आधा घंटे बाद ही साइन बोर्ड उखाडा

**बुढ़ाना।** कब्रिस्तान में कुछ ही देर पहले लगाए गये साइन बोर्ड को भू-माफ़ियों ने आधा घंटे बाद ही मौके पर उखाड़ दिया तो मौके पर तनाव सा बन गया। इसकी शिकायत शेख मौहम्मद अयाजुद्दीन नम्बरदार ने डायल नंबर 112 पर की तो पुलिस मौके पर पहुंच गयी थी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर मौजूद थी और कब्जाधारियों को हिरासत में ले लिया

# नगर गंग नहर पर मृत पशु और गोवंश मिलने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर की गंग नहर पर उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय राजगीरों ने नहर किनारे मृत पशु और गौवंश के अवशेष पड़े देखे। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

सुबह गंग नहर के किनारे कार्य कर रहे राजगीरों ने नहर में तैरते और किनारे पर पड़े पशुओं के अवशेष देखे। उन्होंने तत्काल इस घटना की सूचना सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रपाल राजपूत और पुनीत अरोड़ा को दी। दोनों मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल व कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र शौरयण पुलिस ओर भैसी चौकी प्रभारी नंदकिशोर शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी।मौके पर पशु चिकित्सकों की टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने मृत पशु और गौवंश के अवशेषों की जांच की। जानकारी अनुसार बताया गया कि मृतक पशु व गौवंश को बोरे में डालकर यहां पर फेका गया है प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि अवशेष नहर में कैसे पहुंचे।

पुलिस और प्रशासन ने मौके से मिले अवशेषों को नियमों के तहत दबाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की पूरी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# बढ़ा गन्ने का दाम ऊंट के मुंह में जीरा : संजीव

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने संगठन के रामपुर तिराहा उपस्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर एक सभा का आयोजन किया। सभा मे गन्ना मूल्य का ही मुद्दा छाया रहा है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि पिछले 3 वर्षो से कोई गन्ना मूल्य नही बढाया और किसानौ का चौथै गन्ना सीजन मे कुल 30 रू बढाऐ है अगर देखा जाऐ कि 9,33 रू के हिसाब से वार्षिक गन्ना मूल्य बढा है जबकि अगर देखा जाऐ तो किसानो का जो गन्ना मूल्य सरकार ने बढाया है वो केवल जैसे ऊट के मुंह मे जीरा आज मंहगाई आसमान चूम रहे और किसानो कि आय कछुऐ चाल रही है जिस तरीके से मंहगाई बढ रही है उसी हिसाब से किसान कि फसल का रेट बढाया जाऐ किसान कि खेती मे उपयोग होने वाली सभी चीजो पर रेट हर छटे महिने बढ जाते है लेकिन किसान कि फसल का रेट कई कई वर्षो मे बढाया जाता है सरकार को किसानो के साथ सौतेले व्यवहार नही करना चाहिए जबकि देश के प्रधानमंत्री ने ये कहा था कि हम किसान आय को दुगाना करने का काम करेगे किसान कि आय तो दुगना नही हुई पर मंहगाई जरूर चार गुना बढ गयी है भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि अगर भाजपा प्रदेश मे 2027 मे फिर से भाजपा सरकार आना चाहती है तो सरकार को किसान हित मे काम करना होगा और गन्ने का भाव 500 रू क्विटल करना होगा तभी जाकर किसान को राहत मिलेगी सभा के बाद इमरान खान को एन सी आर अध्यक्ष नियुक्त किया गया अहमद अली को प्रदेश सचिव और प्रदेश महासचिव और लियाकत अली को प्रदेश संगठन मंत्री और फिरोज खान को प्रदेश संयोजक और इस मौके मुख्य रुप से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी युवा प्रदेश अध्यक्ष रहीस मलिक सम्भल जिला अध्यक्ष कासिम हुसैन हाजी इस्लाम अजय त्यागी आकिल राणा शमशाद सोनू नौशाद आदि मौजूद रहै।



# नगर गंग नहर पर मिला मृत पशु का शव, मचा हड़कंप

**सूचना पर पहुंची पुलिस व पशु चिकित्सकों की टीम, अवशेष किए गए दफन**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंग नहर कांवड़ पटरी मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब राहगीरों ने नहर किनारे मृत पशु और गौवंश के अवशेष पड़े देखे।

देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल, कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र शौरयण और भैंसी चौकी प्रभारी नंदकिशोर शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की। साथ ही पशु चिकित्सकों की टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने मृत पशु और गौवंश के अवशेषों की जांच की।

प्राथमिक जांच में पता चला कि कुछ लोगों ने अपने मृत पशुओं के अवशेष बोरे में बंद कर नहर किनारे फेंक दिए थे, जिन्हें आवारा कुत्ते नोचकर बाहर सड़क किनारे तक खींच लाए। जांच में गौकशी की संभावना से इनकार किया गया है। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि सभी अवशेषों का परीक्षण कर उन्हें दफना दिया गया है।

घटना के बाद क्षेत्र में फैली अफवाहों पर भी रोक लगाई गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पालिका कर्मचारियों और सभासदों में ठनी, हाथापाई







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को नगर पालिका में कर्मचारियों ने सभासद पर बाहरी लोगों को लाकर गाली गलौच कराने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान सभासद व सफाई कर्मचारियों के बीच धक्का मुक्की और गाली गलौच भी हुई। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी, जिसके बाद मामला शांत हो सका।

सोमवार को सभासद अनिल उपाध्याय व सभासद निशीकांत संगल अपने समर्थकों के साथ नगर पालिका ईओ कार्यालय में पहुंचे, जहां उन्होने वार्ड क्षेत्र में हाउस टैक्स के भेजे गए बिलों में गडबडी करने का आरोप लगाया। इस दौरान बातचीत चल ही रही थी कि अचानक एक समर्थन ने लिपिक प्रदीप कुमार के साथ अभद्रता शुरू कर दी। जिसके बाद लिपिक ने गाली गलौच करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खडा कर दिया। हंगामा के बाद सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी प्रवीन कुमार व अमित कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उन्होने गाला गलौच का विरोध करना शुरू कर दिया। हंगामा इतना बढा कि सभासद और सफाई कर्मचारी आमने सामने आ गए और हाथापाई तक शुरू हो गई। गाली गलौच और हाथापाई की घटना से नगर पालिका परिसर में अफरा तफरी मच गई।

सभासद अनिल उपाध्याय ने सफाई कर्मचारियों पर अभद्र करने का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। बाद में ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने दोनों सभासदों की समस्याओं को सुना और हाउस टैक्स के सर्वे कराने की जानकारी दी।

उन्होने कहा कि यदि किसी के हाउस टैक्स में कोई गडबडी है तो वह शिकायत कर संसोधन करा सकता है। इसके बाद शिकातकर्ता वापस लौट गए। घटना के संबंध में सफाई यूनियन के अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने बताया कि सभासद अनिल उपाध्याय दूसरे वार्ड क्षेत्र के फोटो खींचकर सवेरे 6 बजे ही गंदगी के फोटो ग्रुप में डालते है, जिससे कर्मचारियों को बदनाम करने का प्रयास किया जाता है। वही सभासद अनिल उपाध्याय का कहना है कि वह वार्ड क्षेत्र में हाउस टैक्स की समस्या को लेकर आए थे, लेकिन अकारण उनके साथ झगडा किया गया। हालाकि दोनों पक्षों की ओर से पुलिस से देर शाम तक कोई शिकायत नही की गई थी।

# श्याम बाबा की मूर्तियों की परिक्रमा निकाली, हर जगह हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ओम बाबा श्याम परिवार शामली एवं मुक्तेश्वर महाद.ेव शिव मंदिर सती वाला की ओर से चल रहे श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत सोमवार को बाबा की मूर्तियों की भव्य नगर परिक्रमा निकाली गई। नगर परिक्रमा का शहर के अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सोमवार को शहर के सती मंदिर में पूजा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। मुख्य यजमान नितिन जिंदल रहे। इसके बाद मंदिर प्रांगण से बाबा श्याम की मूर्तियों की नगर परिक्रमा निकाली गई। जिसका शुभारंभ प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। नगर परिक्रमा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गौशाला रोड, मोहल्ला गुजरातीयान, बड़ा बाजार, शिव चौक, रेलवे रोड, मंडी गांधी गंज, भिक्की मोड़, माजरा रोड, सैनी चौक, ब्लॉक रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर मे परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। नगर परिक्रमा में सबसे आगे धार्मिक झंडा, पानीपत ढोल पार्टी, बाबा भोलेनाथ के साथ गणेश जी का विग्रह, दिल्ली ढोल पार्टी, सालासर भगवान का रथ, श्याम बहादुर सिंह एवं आलू सिंह की बग्गी, बांके बिहारी जी का रथ, कीर्तन मंडली, श्याम बाबा का रथ और सबसे आखिर में। प्रसाद का टेंपो रहा।

नगर परिक्रमा का शहर के अने.कों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। जगह जगह समाजसेवी संगठनों व धार्मिक संस्थाओं द्वारा भंडारे आयोजित किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। अध्यक्ष विकास गर्ग ने बताया कि 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे सती वाला मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सचिन जिंदल, अखिल तायल, नीरज संगल, मनोज शर्मा, सुनील गोयल, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।







## एक नजर

### लावारिस अवस्था में मिली बालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 2.11.2025 की रात्रि में 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन आपातक.ालीन सेवा पर एक अव्यस्क बालिका के लावारिस अवस्था में होने की सूचना प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाईन शामली की टीम से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सु अजरा खॉन के नेतृत्व में बालिका को नौ कुआं रोड शामली से रेस्क्यू कर कोतवाली थाने से सम्पर्क करते हुए रात्रि में ही बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर बालिका को वन स्टॉप सेन्टर शामली में आवासित कराया गया। बालिका की काउंसलिंग कर बालिका के परिजनों को खोजने की कार्यवाही रात्रि में ही प्रारम्भ कर दी गई। चाईल्ड हेल्पलाईन शामली की टीम द्वारा बालिका के परिजनों को खोजकर उनसे सम्पर्क स्थापित किया गया। बालिका के परिजन कार्यालय में उपस्थित हुए। विषेशज्ञ काउंसलर द्वारा बालिका के माता, पिता एवं बालिका की काउंसलिंग कर बालिका के गुम हो जाने के कारणों को जानकर पुनः बालिका के साथ ऐसी घटना न हो इसके सम्बन्ध में बालिका एवं परिजनो को बताया गया। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति शामली के आदेशानुसार बालिका का पुर्नवासन कराने की कार्यवाही करते हुए बालिका को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। बालिका की शिक्षा नियमित कराने हेतु बालिका का नियमित रूप से फोलोअप भी किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन के नेर्तत्व में चाइल्ड हेल्पलाईन शामली कार्य कर रही है। जिसका कार्यालय ट्रांजिट हॉस्टल, करोडी रोड बनत में स्थित हैं। 1098 एक आपातकालीन चाईल्ड हेल्पलाईन सेवा है, जिस पर कोई भी पीडित बच्चा या बच्चे की ओर से कोई अन्य व्यक्ति कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

### सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल के छात्रों की प्रांतीय प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गाजियाबाद द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाए। प्रतियोगिता में विराट चौधरी ने 400 मीटर दौड़ तथा ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सूर्यांश ने लंबी कूद में यश कुमार ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीरव ने 33 किग्रा कुश्ती में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रितिका कुमारी ने चक्का फेंक में द्वितीय स्थान व रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनु चौधरी ने गोला फेक तथा लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में लौटने पर छात्र छात्रों का अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों की क्रीड़ा प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष विभागीय प्रांतीय क्षेत्रीय तथा अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। विजेता खिलाडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 9 नवंबर से 11 नवंबर तक होने वाली क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैद नगली जनपद मुरादाबाद में प्रतिभाग करेंगे।इस अवसर पर रविंद्र कुमार, आशीष जैन, राजीव कुमार, प्रवेश शर्मा, रामकुमार, आदेश धीमान, सोमदत्त शर्मा, रवि कुमार, करुण कांत शर्मा, मोर्ि.हत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### घरेलू हिंसा विषय पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के तहत बनत में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग एवं वन स्टॉप सेंटर शामली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं कृ कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा रोकने एवं दहेज न देने-न लेने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सीडीपीओ ममता खोखर, वन स्टॉप सेंटर टीम, समूह की महिलाएं, बालिकाएं व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की मजिस्ट्रेट जांच

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मुठभेड की जांच एसडीएम सदर अर्चना शर्मा करेगी। जिन्होने आगामी 17 नवंबर तक यदि किसी के पास कोई साक्ष्य है तो प्रस्तुत करने की अपील की है। गत 17/18 अक्टूबर की रात्रि में थाना कांधला पुलिस टीम सुन्ना नहर पटरी पर चे.िकंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश नफीस पुत्र मूदा निवासी मोहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला की गोली लगने से मौत हो गई थी। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर फील्ड यूनिट शामली की टीम ने मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से जांच, फोटोग्राफी और भौतिक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की। पुलिस ने इस संबंध में थाना कांधला पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना की मजिस्ट्रियल जांच उप जिला.धिकारी सदर अर्चना शर्मा द्वारा की जा रही है। उक्त प्रकरण से संबंधित कोई भी व्यक्ति यदि कोई सूचना या साक्ष्य देना चाहता है, तो वह 17 नवम्बर तक उनके कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

# दोआब शुगर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर दोआब शुगर मिल में सोमवार को पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह मिल परिसर स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन से हुआ, जिसे पंडित आकाश भारद्वाज ने संपन्न कराया। इस दौरान इकाई प्रमुख संजय शर्मा, गन्ना समिति चेयरमैन विक्रांत निर्वाल, जिला गन्ना अधिकारी रंजीत सिंह कुशवाहा, सचिव, एवं मिल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसके बाद मुख्य अतिथि एडीएम सतेंद्र सिंह ने परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना कर मिल के केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। प्रथम बोगी द्वारा गन्ना लेकर पहुंचे किसान इकबाल सिंह निवासी ग्राम लिलौन, शीशपाल निवासी ग्राम सिम्भालका तथा ट्राली द्वारा गन्ना लाने वाले सूर्य प्रताप सिंह निवासी ग्राम गोहरनी और ओम प्रकाश निवासी ग्राम बहावड़ी को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार क्रय केंद्र जलालपुर-समसपुर से गन्ना लेकर आने वाले प्रथम ट्रक चालक का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इकाई प्रमुख संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मिल पिछले सत्र की तुलना में प्रतिदिन 5 हजार से 6 हजार क्विंटल अधिक गन्ना पेराई करेगी।

इससे किसानों का गन्ना समय से उठाया जाएगा और वे समय पर गेहूं व सरसों की बुवाई कर सकेंगे। इस वर्ष मिल का पेराई लक्ष्य 110 लाख क्विंटल रखा गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना गन्ना औने-पौने दामों में कोल्हू या क्रेशर पर न बेचें, बल्कि चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। विभागाध्यक्ष गन्ना सतीश कुमार बालियान ने किसानों से मिल को साफ-सुथरा, ताजा और छिला हुआ गन्ना भेजने की अपील की। इस अवसर पर गन्ना समिति चेयरमैन विक्रांत उर्फ छोटा, वाइस चेयरमैन गौरव चौहान, वीर सिंह मलिक, राजवीर सिंह एवं मनोज पंवार आदि मौजूद रहे।

# मुनि ने साधना में आने वाली कठिनायों से पार पाने का मार्ग बताया



**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में सोमवार को मुनि 108 विव्रत सागर ने प्रवचन में आत्मा की खोज गुरु की भूमिका और साधना में आने वाली कठिनाइयों' पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि आत्मा की खोज एक गहरी आंतरिक तड़प और अनुभव की प्रक्रिया है, जिसे केवल शास्त्र पढ़ने या तर्क-वितर्क से नहीं पाया जा सकता। मुनि ने कहा कि आत्मा की खोज उस बच्चे की तरह है जो मेले में खो जाता है और अपनी मां को ढूंढने की व्याकुलता में तड़पता है। जब तक भीतर आत्मा को पाने की तीव्र इच्छा नहीं जागती, तब तक धर्म का वास्तविक मार्ग प्रारंभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि गुरु आत्मिक यात्रा के मार्गदर्शक हैं, जो साधक को सही दिशा दिखाते हैं और भटकने से बचाते हैं। गुरु दीक्षा और साधना का मार्ग बताते हैं, पर आत्मा का अनुभव स्वयं शिष्य को करना होता है। आत्मा की प्राप्ति गुरु-कृपा और आत्म-परिश्रम दोनों के सम्मिलन से संभव होती है। मुनिराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि संसार का मोह, प्रतिष्ठा की लालसा और केवल शाब्दिक ज्ञान में उलझना आत्मा की खोज में बाधक हैं। उन्होंने कहा कि आत्मा के प्रति वैसी ही लालसा उत्पन्न करनी चाहिए, जैसी जल के बिना मछली में तड़प होती है। मौके पर सुरभि जैन, नेहा जैन, मोहित जैन, सुनीता जैन, आदेश जैन, उषा जैन, रेखा जैन आदि मौजूद रहे।

## आमवाली में विधायक निधि से लगी स्ट्रीट लाइटें

**बिडौली।** गांव आमवाली में विधायक निधि से गांव के मुख्य चौराहे पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई गईं। विधायक निधि से आज आमवाली के साथ साथ लक्ष्मणपुरा गुरुद्वारा, पटनी परतापुर मैन चौराहा तथा ख्वाजपुरा कब्रिस्तान पर भी स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गईं। स्ट्रीट लाइटें लगने से क्षेत्र में रात के समय लोगों को काफी राहत मिलेगी और मुख्य चौराहों पर रोशनी बढ़ने से सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार होगा। विधायक नाहिद हसन व सांसद इकरा हसन का दिल से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्य गांव के समग्र विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ग्रामीणों सद्दाम पत्रकार,वाजीद सिद्दीकी बीडीसी,प्रितम सिंह, आशु चौधरी,बिट्टू मास्टर, रविन्द्र गुलिया, मोसम मास्टर,भुरा डाक्टर, ऋषिपाल, मनव्वर आदि लोगों का कहना है कि विधायक नाहिद हसन और सांसद इकरा हसन ने क्षेत्र में सड़कों और रोशनी का जाल बिछाकर अच्छा काम किया है।



# कम वसूली पर एक आरआई व तीन टीसी सस्पेंड

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने टैक्स में कम वसूली के लिए टैक्स विभाग के अधिकारियो एवं अफसरों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कम वसूली के लिए जिम्मेदार एक आरआई (राजस्व निरीक्षक) व तीन टीसी (कर संग्रहकर्ता) को सस्पैंड कर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया। नगरायुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (सीटीओ) को कड़ी चेता. वनी जारी करते हुए उनकी शिथिल कार्यप्रणाली के लिए शासन को भी पत्र लिखने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज मां शाकंभरी सभागार में कर एवं कर करेत्तर की वसूली की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सीटीओ की शिथिल कार्यप्रणाली के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कारण टैक्स वसूली में नगर निगम लगातार पिछड़ रहा हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से सभी आर आई एवं टीसी को विभाग द्वारा दिये गए वसूली टॉरगेट



और कम वसूली वाले कर्मचारियों के खिलाफ अधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई की जानकारी मांगी। जिसका अधिकारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये। इस पर उन्होंने सबसे कम वसूली वाले तीन टीसी एवं एक आर आई को सस्पैंड कर उन्हें मुख्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश दिए। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि सभी बडे़ बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजे गए है, जिन्होंने नोटिस के बावजूद टैक्स जमा नहीं कराया, उनके खिलाफ कुर्की व प्रोपर्टी सील की कार्रवाई शुरु की जा रही है। नगरायुक्त ने स्पष्ट कहा कि महानगर में जितने भवन है उन सबकी ओर बकाया अविलंब जमा कराएं टैक्स जमा न कराने वालों के विरुद्ध कुर्की और सील की कार्रवाई करें। नगरायुक्त ने व्यवसायिक भवनों/प्रतिष्ठानों एवं बडे़ बकायादारों से वसूली पर जोर दिया। नगरायुक्त ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में चार महीने शेष रह गए हैं, और लक्ष्य के अनुरुप वसूली में निगम काफी पिछड़ रहा है। उन्होंने टैक्स विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वसूली में कोताही बिल्कुल बर्दाशत नहीं की जायेगी, उन्होंने कहा कि आगामी शुक्रवार को वे फिर समीक्षा करेंगे।

# हत्या आरोपी की जिला जेल में संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हत्या मामले के आरोपी की जिला जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन में हडकंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

बता दे कि मवी खुर्द खेड़ा निवासी शमीम पुत्र अनवर एक हत्या के मामले में जेल में बंद था। जिसकी जेल के अंदर संदिग्ध हालत में मौत हो गई।मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच शुरू की गई। प्रशासन ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मृत्यु के असली कारण का पता चल सकेगा।

शमीम के परिवार ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनके भाई ने कहा कि शमीम पूरी तरह स्वस्थ था, उसकी अचानक मौत पर हमें संदेह है। हम चाहते हैं कि इसे छिपाने की कोशिश न हो और सच्चाई सबके सामने आए।

जेल अधीक्षक ने बताया, कि प्रारंभिक जांच की जा रही है और सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल होगी। मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी। यह घटना जेल सुरक्षा और कैदियों के प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठा रही है।

❑**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के अंतर्गत आज एक सराहनीय उपलब्धि दर्ज की गई। इस उत्कृष्ट कार्य एवं अभियान में विशेष योगदान के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा दोनों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शातिर तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने एक शातिर तस्कर को धर दबोचा, जिसके कब्जे से 543 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 8 लाख रुपये आंकी गई है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीतरो तिराहे के पास से शोएब पुत्र साजिद निवासी ग्राम तितरवाड़ा, थाना कैराना, जनपद शामली को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी के पास से 543 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन, एक काला बैग और एक हजार रुपये नकद मिले। जांच में खुलासा हुआ है कि शोएब लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय था। वह स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर स्थानीय स्तर पर युवाओं को बेचता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी का नेटवर्क गंगोह, शामली और सहारनपुर तक फैला हुआ है। पुलिस अब इसके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की तलाश में जुटी है।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान बालक के लगी गोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम/ बेहट।** घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग करते समय एक बालक गोली लगने से घायल हो गया। परिजनों और पुलिस ने घायल को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

दरअसल, पूरा मामला थाना मिर्जापुर इलाके के गांव कस्बागढ़ का है। गांव के ही मदन कुमार के बेटे की देर शाम बारात जा रही थी। बारात जाने से पूर्व घुड़चढ़ी के दौरान डीजे पर घर परिवार वाले और मेहमान नाच रहे थे। आरोप है कि घुड़चढ़ी में कुछ लोग हर्ष फायरिंग भी कर रहे थे। हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली डीजे देख रहे 11 वर्षीय सूरज पुत्र सोनू कुमार की टांग में लग गई जिससे वह घायल हो गया। घटना से परिवार वालो में कोहराम मच गया और परिजन उसे घायल अवस्था में लेकर थाना मिर्जापुर पहुंचे जहां से पुलिस ने उसे इलाज के लिए बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सीएचसी बेहट में बालक की हालत को गंभीर मानते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। परिजनों ने आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से बालक घायल हुआ है, सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल घायल बालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और हर्ष फायरिंग करने वाले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है तथा सीसीटीवी व वीडियो के आधार पर हर्ष फायरिंग करने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# इंदिरा कालोनी को खाली करने का अल्टीमेटम, हड़कंप

## लोगों ने लगाया कोर्ट का स्टे होने के बावजूद परेशान करने का आरोप, करीब 6 हजार लोगों पर छाया संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे की इंदिरा कालोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब सिंचाई विभाग के अधिकारी पुलिस और प्रशासनिक अमले के साथ इंदिरा कालोनी पहुंचे और तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कालोनी खाली करने का एनाउंस किया। इस दौरान कालोनी के जिम्मेदार लोगों ने कोर्ट का आदेश दिखाते हुए कार्यवाही रो. कने की मांग की लेकिन अधिकारी नहीं माने और घरों पर निशानदेही की।

दरअसल, बेहट कस्बे से सटी इंदिरा कालोनी में सोमवार को सिंचाई विभाग के ईएक्सईएन प्रवीन जोशिया, डीआरओ विशेष सैनी, सहायक अभियंता पूजा सैनी, जेई अशोक कुमार, जिलेदार तौफीक सहित समस्त राजस्व स्टाफ कोतवाली बेहट पहुंचा और पुलिस बल के साथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे और तीन दिन में इंदिरा कालोनी और सिंचाई विभाग की जमीन पर बने मकानों को खाली कर कब्जा हटाने का ऐलान किया। चेता. वनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर कब्जे नहीं हटाए गए तो विभाग ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करेगा। इस दौरान कालोनी के जिम्मेदारों कामरेड शौकत, सरफराज खान गुड्डू,





अतहर पीरजी, हाजी फरहाद आदि ने अधिकारियों को कोर्ट द्वारा दिए गए स्टे की कॉपी दिखाई और कार्यवाही रोकने की बात कही लेकिन अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश को ना मानते हुए घरों पर निशान लगाने की कार्यवाही की। इस बीच एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। सपा विधायक उमर अली खान के बाहर होने के कारण उनके प्रतिनिधि फैजान फैज मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत की। कोर्ट में वाद दायर कर स्टे लाने वाले सरफराज खान का कहना है कि जो भूमि सिंचाई विभाग की है वो खसरा नंबर 729 में है और वह भूमि खाली पड़ी है, जबकि जिस भूमि पर लोग रह रहे है उसके कागज भी उनके पास थे लेकिन 1999 में बाढ़ आने के कारण वे कागज नष्ट हो गए। काला. नी के लोगों का आरोप है कि कोर्ट का स्टे होने के बावजूद उन्हें परेशान किया जा रहा है। वे इस कार्यवाही के संबंध में कोर्ट में अपनी बात रखेंगे।

उप राजस्व अधिकारी, सिंचाई विभाग विशेष सैनी का कहना है कि सिंचाई विभाग की जमीन पर जो अवैध कब्जे किए गए है, उन्हें पूर्व में नोटिस दिए गए थे और वाद दायर किया गया था, जिसके बाद 70 लोग कोर्ट चले गए और स्टे ले आए। 70 मकानों को छोड़कर बाकी निशानदेही की जा रही है, तीन दिन के भीतर खाली करने का अल्टीमेटम दिया



गया है। इसके अलावा बिजली विभाग से भी कनेक्शन हटवाने और पीने का पानी बंद करने के लिए भी संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया है।

# ग्राम समाज की जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव नाल्हेड़ा में ग्राम समाज की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इससे पहले कि मामला ज्यादा बढता डायल 112 पुलिस व ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर शान्ति व्यवस्था बनायी। पीड़ित पक्ष ने थाना पर तहरीर दी है।

गांव नाल्हेड़ा निवासी फूलसिंह पुत्र सिमरू ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया है कि उसने लगभग ग्यारह वर्ष पूर्व तीन बिस्वे आबादी की जमीन विपक्षी से बीस हजार रुपये में खरीदी थी। जिस पर पीड़ित ने नींव भरकर अपना कब्जा ले लिया था और आज तक उक्त जमीन पर पीड़ित का ही कब्जा है। इस बीच पीड़ित ने उक्त जमीन पर बीस हजार रुपये में मिट्टी का भराव भी कराया।

पीड़ित का कहना है कि उक्त जमीन को खरीदते समय विपक्षी द्वारा उसे एक खरीददारी पत्र भी बनाकर दिया गया था। उक्त पत्र पर दोनों पक्षों के साथ साथ दो गवाहों द्वारा भी हस्ताक्षर किये गये थे।

आरोप है कि विपक्षी लालचवश उक्त जमीन को ऊंचे दामों में किसी अन्य व्यक्ति को बेचना चाहते है। जिसके चलते विपक्षी व उसके पुत्रों ने उक्त जमीन पर ग्यारह वर्ष पूर्व पीड़ित द्वारा भरी गयी नींव को उखाड़ना शुरू कर दिया। विरोध करने पर पीड़ित के साथ हाथापाई करते हुए जमीन पर पटक दिया।

पीड़ित ने थाना पर तहरीर देते हुए विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में दिपावली के अवसर पर आयोजित दीप सजावट व रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को सोमवार को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राकेश तायल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय कुमार व उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। सोमवार को दीप सजावट प्रतियोगिता में आस्था, काव्या गर्ग, कुशाग्र सैनी, आन्या, अवन्या, लविश, आरव, रिद्धम, देव, सिमरन प्रजापति, आरोही, कुनाल आदि व बालिका वर्ग में रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 6 ब्लू हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय, ग्रीन हाउस तृतीय, कक्षा 7 में रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय, येलो हाउस तृतीय, कक्षा 8 में येलो हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय व रेड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप सेकड प्रथम स्थान व ग्रुपफर्स्ट द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# 12 करोड़ की लागत से बने तहसील कार्यालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** 12 करोड़ रुपये की लागत से बने नवनिर्मित स्थाई तहसील कार्यालय का उद्घाटन विधायक देवेंद्र निम ने किया। विधायक देवेंद्र निम ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरी माँग को स्वीकृति देकर उन्होंने जनता को बड़ी राहत दी है।

गौरतलब है कि विगत 17 वर्ष 11 माह पूर्व रामपुर मनिहारान को तहसील बनाया गया था तभी से तहसील का अस्थायी कार्यालय देव. बंद रोड स्थित कृषि मंडी समिति की बिल्डिंग में चल रहा था।विधायक देवेंद्र निम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्थाई तहसील कार्यालय बनवाने की माँग की थी जिस पर सहारनपुर रोड पर 12 करोड़ रुपये की लागत से तहसील कार्यालय बनाया गया है।सोमवार को तहसील



कार्यालय सनातनी परम्परा के अनुसार मंत्रोच्चार, गणेश पूजा व हवन किया गया। विधायक देवेंद्र निम ने फीता काट कर तहसील भवन का उद्घाटन किया।

विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्थाई तहसील कार्यालय बनवाने की माँग की थी जिसे उन्होंने स्वीकृति दी और तहसील भवन बन कर तैयार हुआ। यह केवल मेरी माँग का सम्मान ही नहीं है बल्कि क्षेत्र की जनता को बहुमुल्य सौगात और बड़ी राहत भी है।उन्होंने कहा कि तहसील अधिकारियों के लिए सुरक्षित आवास और वकीलों के चेंबर भी सुविधाजनक होंगे।

क्षेत्र के लोगों ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक देवेंद्र निम का आभार प्रकट किया है। इस दौरान एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा, तहसीलदार विजेंद्र सिंह, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, संजय चेयरमैन, विकास प्रधान, डॉ ओंकार सिंह, जसवीर सिंह, बिरम सिंह,धर्मेस गुप्ता,अक्षय पँवार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 11 ने किए नामांकन

**गंगोह।** हिन्दु राष्टीय इंटर कालेज की संचालनकर्ता दि विद्या प्रचारक सभा के चुनाव के लिए आज कुल 11 पदों के लिए 11 सदस्यों ने ही नामांकन पत्र दाखिल कियें गये। इसी के साथ चुनाव की संभावना नगण्य हो गई है।

हालांकि अभी जांच कार्य और नाम वापसी प्रक्रिया होनी है। इसके बाद ही निर्धारित तिथि 17 नवम्बर को चुनाव अधिकारी विधिवत् निवार्चन समिति पदाधिकारियों व सदस्यों की घोषणा करेंगें। चुनाव अधिकारी मुकेश गर्ग प्रधानाचार्य गांधी इण्टर कालेज अम्बहेटा पीर द्वारा नामांकन पत्र दर्ज कराने वालों के नाम बोर्ड पर चस्पा कर दिये है। जिसके अनुसार रघुनन्दन गोयल अध्यक्ष, अनूप सिंघल मंत्री, मुकेश गुप्ता कोषाध्यक्ष के अलावा आठ सदस्य विकास गर्ग, योगेश गर्ग, विशाल जैन, संजय गर्ग, मनी गोयल, राकेश गर्ग, दिनेश मित्तल व अनुराग गोयल शामिल है।

# सहायक अध्यापक श्रीपाल हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय टाबर के सहायक अध्यापक श्रीपाल सिंह को योगेश शिक्षा कला संस्कृति एवं पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट तथा फॉनिक्स यूनिवर्सिटी रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र विभूति सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित किया गया।

समारोह में उन्हें सम्मान पत्र, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा क्षेत्र में निरंतर नवाचार, दायित्व के प्रति निष्ठा, कार्य में पारदर्शिता, सादगी और समर्पण के उत्कृष्ट उदाहरण को देखते हुए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद-ए आजम भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू उपस्थित रहे। जिन्होंने श्रीपाल सिंह के योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में संयोजन एवं आयोजन में फॉनिक्स यूनिवर्सिटी के चेयरमैन चौरब जैन सहित संजय वत्स, मनीष पाण्डेय, जन्मेजय, श्रीमती सुमन चौहान, श्रीमती कामना शर्मा, ठाट सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्रीपाल सिंह पूर्व में बीआरसी नकुड़ पर सहायक समन्वयक एवं एआरपी पद पर भी कुशलतापूर्वक सेवा दे चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर राजकीय हाई स्कूल टाबर की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना दिवाकर, सुनील कुमार, यश मिश्रा, दीपाली, पारुल, संगीता, अंकेश, अनुराधा, नीतू देवी आदि ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र तोसिफ को गलत संगति में पडने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जाहिद पुत्र बसीर निवासी ग्राम दूधली बुखारा मुस्त. थाना देहात कोतवाली, सहारनपुर।**

# मंदिरों में की गई विशेष सजावट



**चिलकाना।** कार्तिक शुक्ल एकादशी को श्रद्धा और उल्लास के साथ तुलसी विवाह मनाया गया। भगवान विष्णु और देवी तुलसी के पावन मिलन को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट की गई।

नगर के श्री हनुमान मंदिर में रविवार शाम भक्तों ने तुलसी माता को दुल्हन की तरह सजाया और भगवान शालिग्राम से उनका विवाह कराया। विवाह की रस्में पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा ने पूरी की। अनिरुद्ध शर्मा तथा राखी शर्मा ने कन्यादान किया। भगवान शालिग्राम को संजय गुप्ता की अगुवाई में श्री राधा कृष्ण मंदिर से शोभायात्रा के रूप में हनुमान मंदिर लाया गया। इस दौरान आयोजक पंडित अनिरुद्ध शर्मा बालकृष्ण शर्मा, चेतराम रोहिला, सन्नी अरोडा, रोहित अग्रवाल, संजीव गर्ग, नरेश सिंघल आदि रहे।

# छात्राओं को दिए सशक्त बनने के टिप्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना फतेहपुर की महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने अपनी टीम के साथ एएचपी इंटर कॉलेज, रुड़की रोड पहुंचकर छात्राओं को सशक्त बनाया।

मिथलेश की सूझबूझ व समर्पण से कार्यक्रम प्रभावी रहा, जिसकी सभी ने सराहना की।मिथलेश राठौर मय कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम व महिला कांस्टेबल प्रीति के साथ पहुंचीं। एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम की प्रभारी मिथलेश ने तीन नए कानूनख़्भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के मुख्य प्रावधान सरल भाषा में समझाए। साइबर अपराधों पर विशेष फोकस करते हुए फ्रॉड कॉल, फर्जी लिंक, ऑनलाइन ठगी व डिजिटल सुरक्षा के टिप्स दिए। छात्राओं को आत्मरक्षा व कानूनी अधिकारों की भी जानक. ारी दी। मिथलेश की स्पष्ट व प्रेरक शैली से बालिकाएं उत्साहित हुईं। प्रधानाचार्य ने मिथलेश राठौर की तारीफ करते हुए कहा, "ऐसे जागरूक अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा हैं।" मिथलेश ने कहा, "बेटियां सुरक्षित व जागरूक होंगी, तभी समाज मजबूत बनेगा।" कार्यक्रम में 150+ छात्राएं शामिल हुईं।

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

पत्रांक: 2109 / स.वि.प्रा. / जोन-05 /2025-26 दिनांक: 03/11/ 2025

**सार्वजनिक सूचना**

भू-स्वामिनी श्रीमती सोनिका चड्ढा पत्नी श्री मनमोहन कुमार चड्ढा द्वारा भूखण्ड संख्या-04 खसरा नं.-163 क्षेत्रफल 18.58 वर्ग मीटर मौहल्ला पठानपुरा स्वाद दर आबादी अहमदबाग, सहारनपुर पर 'व्यवसायिक (रिटेल शॉप)' निर्माण हेतु ऑनलाईन मानचित्र संख्या: SDA/BP/2025-26/0061 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'निर्मित क्षेत्र' के अन्तर्गत आता है। प्रश्नगत स्थल 13.87 मीटर चौडे मार्ग पर स्थित है। भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्राविधानों के अन्तर्गत व्यवसायिक (रिटेल शॉप) निर्माण की अनुज्ञा दिये जाने से पूर्व दो समाचार पत्रों के माध्यम से जनसामन्य से एक माह के अन्दर आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है।

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत स्थल पर उक्त ऑनलाईन मानचित्र को स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बंध में यदि किसी की कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है।

**उपाध्यक्ष**
**सहारनपुर विकास प्राधिकरण,**
**सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने व मेरे पति ने अपने पुत्र सुमित त्यागी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो के हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति बबली त्यागी पत्नि विवेक कुमार त्यागी न्यू लक्ष्मीपुरम, ग्लीरा रोड, सहारनपुर, थाना सदर, जिला सहारनपुर।**

# ग्रामीण ने लगाया दो भाइयों पर अवैध वसूली करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक ग्रामीण ने दो भाइयों पर दबंगई के बल पर पीड़ित से हजारों रूपए की मांग करने एवं पीड़ित के द्वारा रूपए नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी ग्रामीण मुस्तफा ने बताया कि गांव के दो भाई असलम एवं अफसर आए दिन अपनी दबंगई के बल पर ग्रामीण महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट वह गाली गलौज करते रहते हैं। दोनों आरोपी भाइयों की दबंगई से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं, जब कोई ग्रामीण दोनों भाइयों का विरोध करता है तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं आरोपी दोनों भाई कई ग्रामीणों से अवैध वसूली भी कर चुके हैं। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को वह अपने खेत पर गया हुआ था तभी जब वह वापस आ रहा था तो रास्ते में दोनों भाइयों ने पीड़ित को रोक लिया और पीडित से दस हजार रूपए की मांग करने लगे। आरोप है कि जब पीड़ित ने आरोपी दोनों भाइयों से रूपए देने से मना किया तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की भी धमकी दी है। पीड़ित ने कई ग्रामीणों के साथ थाने एवं चौकी प्रभारी से मिलकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण को सुरक्षा एवं कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



# विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को निर्देश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप जिलाधिकारीधनिर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, शामली द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में अवगत कराया है कि माद्द निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण-2003 के अन्तर्गत कार्य को सकुशल एवं समय से सम्पन्न कराए जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी करते हुए कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 3.11.2025 तक सभी बी.एल.ओ. बी.एल.ओ. सुपरवाईजरों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जाने है एवं 4.11.2025 से 4.12.2025 तक गणना प्रपत्रों का वितरणध्प्राप्ति आदि कार्य पूर्ण किया जाना है। उक्त कार्य को आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप किए जाने हेतु सभी बी.एल.ओ. /बी.एल.ओ. सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसके लिए दिनांक 3.11.2025 में 10-शामली, विधानसभा क्षेत्र में तैनात सभी बी.एल.ओ./ बी.एल.ओ. सुपरवाईजरों की एक बैठक निम्नांकित समयानुसार तहसील मुख्यालय पर भाग संख्या 201 से 307 तक, समय-11:00 बजे तक, भाग संख्या 105 से 200 तक, समय- 01।00 बजे तक व भाग संख्या 1 से 104 तक, समय-03:00 बजे तक,तहसील सभागार में बैठक आहूत की गई।



## एक अभियुक्त को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कर एनडीपीएस अधिनियम के 1 के मामले में 1 अभियुक्त को न्यायालय के माध्यम से सुनाई सजा व कुल 1,000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2018 में अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र भुण्डा निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए आज 3.11.2025 को न्यायालय एडीजे/एफटीसी कैराना ने अभियुक्त वीरेन्द्र उपरोक्त को 3 वर्ष 3 माह 15 दिन के कारावास की सजा व 1,000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है । माननीय न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## अभियुक्त को एक वर्ष सात माह का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कर भारतीय दण्ड सहिता के एक के मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय के माध्यम से 1 वर्ष 7 माह कारावास से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2022 में अभियुक्त सूफियान पुत्र अय्यूब उर्फ कल्लू निवासी मौहल्ला खेल थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर 207/2022 धारा 379, 411 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया था । पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए आज 3.11.2025 को न्यायालय जेएम कैराना ने अभियुक्त सूफियान उपरोक्त को एक वर्ष 7 माह के कारावास की सजा से दण्डित कराया गया है।

# मकान निर्माण कर रहे फौजी पर दबंगों का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेडा कुर्तान मे मकान का निर्माण कर रहे एक फौजी के साथ कई लोगों ने मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित फौजी ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र के गांव खेडा कुर्तान निवासी राजेंद्र कुमार सीआरपीएफ में तैनात है जिसकी तैनाती लद्दाख में चल रही है। फौजी कई दिन पूर्व छुट्टी लेकर अपने गांव में आया है। और गांव में ही अपने मकान का निर्माण कर रहा है, फौजी का आरोप है कि उसके पड़ोसी पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते पीड़ित पर मकान निर्माण के दौरान आरोप लगाए जा रहे हैं कि उसके द्वारा गली में अतिक्रमण व कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। आरोपियों ने पीड़ित के द्वारा थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। सोमवार को पीड़ित अपने मकान का निर्माण कर रहा था तभी पड़ोस के कई लोग एक राय होकर आए और पीड़ित के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल फौजी को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया



चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### स्कूटी सवार दंपति गिरकर गंभीर रूप से हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित फाटक के समीप स्कूटी सवार दंपत्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है।सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर निवासी रामपाल अपनी पत्नी लाली के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था। जैसे ही स्कूटी सवार पति-पत्नी थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप पहुंचे तो अचानक से स्कूटी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। स्कूटी पर सवार पति-पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पहुंचे एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पति-पत्नी को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर घायल दंपति के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि पुरुष को प्राथमिक उपचार के बाद है छुट्टी दे दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर 13.25 लाख रुपये ऐंठने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** शामली निवासी एक युवक ने एक युवती समेत कई लोगो पर विदेश भेजने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में 13.25 लाख रूपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए कैराना कोतवाली पर मुक.दमा दर्ज कराया है। शामली के मोहल्ला पंसारियान निवासी आसिफ ने एसपी शामली के आदेश पर कोतवाली कैराना पर एक मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि वह एक मध्यम वर्गीय परिवार से है और नौकरी की तलाश कर रहा है। इसी दौरान उसकी भेंट एक रिश्तेदार वाजिद निवासी मोहल्ला मनिहारों कस्बा झिंझाना से हुई। उसने बताया कि उसका छोटा भाई जुनैद दक्षिण अफ्रीका में रहता है। वह दोनों विदेशों में नौकरी लगवाने का काम करते है। उसने व्हाट्सएप कॉल से उसकी बात अपने भाई जुनैद से कराई। उसने यह बात परिवार के लोगो के बीच रखी, जिस पर उसके दो चचेरे भाई अनस निवासी सुरजीत कॉलोनी शामली तथा जाबिर निवासी ग्राम गोगवान भी विदेश जाने के लिए तैयार हो गए। 01 दिसंबर 2024 को वह तीनों अपने परिजनों के साथ में वाजिद के झिंझाना स्थित आवास पर पहुंचे तथा उसके माता-पिता से भी बातचीत की। जुनैद के माता-पिता ने भी उन्हें नौकरी लगवाने के लिए आश्वस्त किया। जुनैद की मां छम्मों ने व्हाट्सएप कॉल पर उनकी जुनैद से बात कराई। जुनैद ने उन्हें ईशा तोमर नामक महिला से मिलकर अपने पासपोर्ट एवं प्रति व्यक्ति 30 हजार रूपए जमा कराने को कहा। उन्होंने ईशा तोमर के मोबाइल नंबर पर बात की। उन्होंने 05 दिसंबर को सेक्टर-27, नोएडा पहुंचकर ईशा तोमर को अपने पासपोर्ट दे दिए और 60 हजार रूपए उसे पेटीएम कर दिए। बाद में शेष 30 हजार रूपए भी उन्होंने 12 दिसंबर को ईशा के खाते में डाल दिए। इसके बाद, धीरे-धीरे ईशा तोमर व जुनैद वीजा व फ्लाइट टिकट आदि के नाम पर उनसे पैसे ऐंठते रहे। इसके बाद, 17 मई 2025 को ईशा तोमर मोहल्ला पंसारियान स्थित उनके आवास पर आई और उन्हें पांच लाख रूपए की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही कहा कि यदि तुमने ए पैसे नही दिए तो तुम्हारा वीजा कैंसिल हो जाएगा और पूर्व में जमा की गई राशि भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जैसे तैसे करके ईशा तोमर को 3।95 लाख रूपए दिए। आरोप है कि आरोपी उनसे अब तक कुल 13।25 लाख रूपए ऐंठ चुके है। आरोपियों ने न ही कोई वीजा उपलब्ध कराया है और न ही कोई ठोस आश्वासन दे रहे है। पीड़ित ने एसपी से आरो.पियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही व पैसा वापसी की मांग की है।

# डीएम दफ्तर में उठाई किसानों ने समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने प्रशासन से किसानों की दिक्कतों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। ज्ञापन में उन्होने बताया कि क्षेत्र के गांव खन्द्रावली से लेकर लिलौन नहर पुल तक मार्ग की हालत बेहद खराब है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। यूनियन ने उक्त रास्ते की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही पानी की किल्लत को देखते हुए खन्द्रावली नहर पुल व लिलौन नहर पुल पर नल की व्यवस्था किए जाने की बात कही। किसानों ने प्रदेश में डीएपी व यूरिया की किल्लत से निजात दिलाने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि गांव कुडाना में मिट्टी खनन के कारण रास्ते खराब हो गए हैं, जिससे किसानों को गन्ना मिल तक पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन में बजाज शुगर मिल थानाभवन के बकाया भुगतान को जल्द कराने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा सेहटा फ्लाईओवर की एक सर्विस रोड बंद होने के कारण हादसे बढ़ रहे हैं। यूनियन ने दूसरी सर्विस रोड को भी खोलने की मांग की ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजाद चौधरी, दुष्यंत मलिक आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

**स्योहारा।** सीएचसी के अंतर्गत सांई इंटर कॉलेज रूपपुर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आरकेएसके के तहत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी. के. स्नेही ने की। डॉ. स्नेही ने कहा कि भारत सरकार ने यह योजना 2014 में शुरू की थी, जिसके तहत 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक व प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य जांचें भी की गईं। डा. श्वेता सिंह ने छात्राओं को मानसिक व शारीरिक समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया।

जबकि डा. राकेश कुमार ने किशोरावस्था में मानसिक बदलावों और संवाद की महत्ता बताई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं विदिशा चौहान, मानतासा परवीन रही। अंत में वंदना रानी और इकरा को लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति पांडे, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, नेत्र परीक्षण अधिकारी उमेश कुमार, स्टाफ नर्स चित्रा चौहान, एलटी राहुल, कॉलेज डायरेक्टर राहुल त्यागी, प्रबंधक प्रमोद कुमार त्यागी और प्रधानाचार्य प्रियंका कुमारी सहित लगभग 480 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अस्पताल कैंप कार्यालय में हुई चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने सरकारी अस्पताल स्थित कैम्प कार्यालय से हुई नकदी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 32 हजार रूपए नगद और एक बिसौली बरामद की है। सीएचसी अधीक्षक के कैंप कार्यालय से 60 हजार रूपये की नकदी चोरी हुई थी।

गत 19 अक्टूबर की रात्रि में चिकित्सा अधीक्षक डॉ। दीपक चौधरी द्वारा सीएचसी शामली स्थित कैम्प कार्यालय में रखी अलमारी से नकदी चोरी किए जाने के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। यही नही घटना का खुलासा न होने पर सीएचसी अधीक्षक डा। चौधरी द्वारा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सीएचसी को



ओपीडी कार्य बंद कर कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया था। धरने का समर्थन भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा भी किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी एनपी सिंह ने तत्काल टीम गठित कर शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने घटना का खुलासा किया है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विपिन कुमार पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम बर्धव, थाना आदर्श मंडी के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सीएचसी शामली में झाड़ू लगाने का काम करता था। दीपावली के अवसर पर जब डॉक्टर दीपक चौधरी कुछ दिनों के लिए घर गए थे, तो उसने दी गई चाबी से कैम्प कार्यालय का दरवाजा खोलकर अंदर रखी अलमारी तोड़ ली और करीब 60 हजार रूपए चोरी कर लिए। उसने त्यौहार के दौरान कुछ रकम 28 हजार खर्च कर दी थी। शेष 32 हजार रूपए और बिसौली पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चोरी के दो मोबाइल, अवैध हथियार बरामद



**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल तथा 315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

सोमवार को एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं आपराधिक कृत्यों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे की इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई गौरव चौहान पुलिस टीम के साथ में क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने भूरा-मायापुर राजबाहे की पटरी पर बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल तथा 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता शाहनवाज निवासी मोहल्ला छोटाराम चौक थाना किला जिला पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है।

# पंचायत सचिवालय पर लगा फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प, तहसीलदार भी निरीक्षण को पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पंचायत सचिवालय चौसाना पर राजस्व विभाग ने फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया। इस दौरान तहसीलदार ने सचिवालय पर पहुॅचकर निरीक्षण किया और शि.विर की जानकारी की। कैम्प का उददेश्य किसानों को समय पर किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

ऊन तहसील क्षैत्र में अभी भी 1900 से अधिक किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नही कराई है,जिस कारण इनको इस बार पीएम सम्मान निधि का लाभ नही मिल सकेगा। राजस्व लेखपाल लोकेश सैनी ने बताया कि बिना फॉर्मर रजिस्ट्री के बिना किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, छूट पर मिलने वाले बीज व दवाएं, कृषि यंत्रों पर अनुदान, किसान क्रेडिट कार्ड, और कृषि समितियों से संबंधित किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। कैम्प मे शामिल अधिकारियों एवं कर्मियों ने किसानों को फोन कर फॉर्मर रजिस्ट्री पूरा कराने के लिए जागरूक किया।

शामली जिले में अब तक 52 प्रतिशत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूरी हुई है, जबकि ऊन तहसील में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत तक पहुंच गया है। शेष किसानों को जल्द रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए गए हैं।इस दौरान पंचायत सहायक अर्चना डडूटी से अनुपस्थित रहीं उनकी जगह सीएससी संचालक प्रताप सिंह कश्यप ने सहयोग किया।

### त्रुटिपूर्ण खतौनी के कारण नही हो सकी फार्मर रजिस्ट्री

पंचायत सचिवालय पर आयोजित कैम्प में राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश वह किसान फार्मर रजिस्ट्री नही करा सके, जिन किसानों की खतौनी और आधार कार्ड में नाम की त्रुटि है। पोर्टल अब तक 100 प्रतिशत फार्म सही होने तक फार्मर रजिस्ट्री को पूरा करता था। लेकिन अब 15 प्रतिशत तक की त्रुटि को भी स्वीकार करेगा। इससे किसानों की अटकी फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो सकेगी।

### अधिकारियों की संख्ती के बाद लगा कैम्प

बीते शनिवार को कलेक्ट्रेट शामली में हुई बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सतेंद्र सिंह और जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने विभागीय बैठक कर बकाया रजिस्ट्री जल्द पूरी कराने के सख्त निर्देश दिए थे।

जिसके बाद सोमवार को कैम्प का आयोजन हो सका।

## रविवार समेत सभी दिनों में खोली जाए जाकिर मेमोरियल लाइब्रेरी



**कैराना।** सोमवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सगंठन के अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद कैराना के कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने ईओ को संबोधित ज्ञापन-पत्र उनकी अनुपस्थिति में नगरपालिका में तैनात जेई को सौंपा। पत्र में जाकिर मेमोरियल लाइब्रेरी को सप्ताह के सभी दिन खोले जाने की मांग की गई। लाइब्रेरी का समय शीतकाल में सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक तथा ग्रीष्मकाल में सुबह 6:00 बजे से शाम 8:30 बजे तक करने की मांग की गई। पत्र में कहा गया कि समाज में ऐसे भी बच्चे मौजूद हैं जो निजी लाइब्रेरी में नहीं पढ़ सकते हैं। ऐसे में लाइब्रेरी का बीच में बंद होना या फिर कम समय के लिए खुलना उचित नहीं है। इसके समाधान हेतु लाइब्रेरी में विशेष लाइब्रेरियन की नियुक्ति हो। इस दौरान संगठन के कोषाध्यक्ष फरमान सिद्दीकी तथा जौहर अली, शब्बर, मुकरिम, सुहैल, फैसल, तालिब, शान, नफीस, साजिद आदि मौजूद रहे।

# दो युवकों ने तीसरे पर बोला जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार देर रात्रि दो युवकों ने एक युवक को जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर युवकों ने बीयर की बोतल और सडक में पडे पत्थर से सिर में वार कर जान से मारने का प्रयास किया, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने पहुंचकर उसकी जान बचाई। युवक पर हमले की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।





शहर के टंकी कालोनी निवासी रोकी पुत्र अनिल ने बताया कि गत रात्रि करीब साढे 9 बजे मोहल्ले के ही विपुल तोमर उर्फ मनी पुत्र मनोज तोमर ने अपने दो साथियों के साथ कार में सवार होकर घर के बाहर पहुंचा। आरोप है कि विपुल तोमर ने अपने साथी सूरज गोयल निवासी टंकी कॉलोनी को फोन कर बुलाया और बातचीत के बहाने रोकी युवक को भी घर के बाहर बुला लिया। रोकी के आते ही विपुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर रोकी के साथ गाली गलौच करते हुए जानलेवा हमला बोल दिया। रोकी के सिर में बीयर की बोतल मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जबकि सडक पर पडे पत्थरों से जान से मारने की नियम से हमला किया गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगो ने पहुंचकर बीच बचाव कराया है। जिसके बाद हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। घटना की वीडियों पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में हो गई है। सोमवार को पीडित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस को शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया

**मुंबई, वार्ता।** विश्व कप जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल जश्न में डूबा हुआ रहा। जीत की खुशी, आंखों में चमक और हाथों में तिरंगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तस्वीरें हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देने वाली हैं।

खिलाड़ियों ने रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया, गाना गाते हुए मैदान से लेकर लाकर रूम तक जीत का जश्न मनाया। हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा राड्रिग्स और पूरी टीम के चेहरों पर वही मुस्कान थी, जो बरसों के संघर्ष और सपनों की पूर्ति का प्रतीक बन गई। अब बीसीसीआई ने इसका वीडियो जारी किया है। वीडियो में जेमिमा कहती हैं कि हमने चार साल पहले यह तय किया था कि हम अपनी टीम सान्ग को तब उजागर करेंगे जब हम विश्व कप

**● विश्व चैंपियन बेटियों ने गाना गाकर मैदान से लेकर लॉकर रूम तक जीत का जश्न मनाया**

जीत जाएंगे। वह समय अब आ चुका है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट और भारत की जेमिमा राड्रिग्स साथ में गाना गाती दिख रही हैं।

जेमिमा गिटार बजा रही हैं, जबकि वोल्वार्ट गाना गा रही हैं। फैंस का कहना है कि इस गाने का नाम 'फालिंग इन लव अगेन' है और यह गाना वोल्वार्ट ने 11 साल पहले कम्पोज किया था। यह वीडियो इंग्लैंड के 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान का बताया जा रहा है, क्योंकि वोल्वार्ट और जेमिमा, दोनों ने सुपर चार्जर्स



टीम की जर्सी पहन रखी है। दोनों एक साथ इस टीम के लिए खेल चुकी हैं। वोल्वार्ट को रविवार को निराशा झेलनी पड़ी, क्योंकि उनकी टीम भारत से फाइनल हार गई। वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक जमाया, लेकिन यह काफी नहीं था। वह टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। मैच की बात करें तो भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे।










## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी आज से

**कोहिमा, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 के मंगलवार से यहां शुरु हो रहे तीसरे संसकरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। चार से 14 नवम्बर तक नागालैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में इस बार नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा एडिशन है। इस टूर्नामेंट का 2022 में पहली बार आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट की शुरुआत में छह टीम राउंड रॉबिन प्रारुप में भिडेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 नवम्बर को खेला जायेगा।

### यूपी कबड्डी लीग सीजन-2 की नीलामी में बेहतर खिलाड़ियों की लगी बोली

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम के इनडोर पवेलियन में आगामी माह 25 दिसंबर से शुरु होने वाली उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आज यहां अपरान्ह संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के आयोजकों ने सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता और आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के सीजन 2 के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है इसके पश्चात ऑक्शन में खिलाड़ियों को उनके अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर चार वर्गो में विभाजित गया है। खिलाड़ियों की नीलामी ओपन बिड, लाइव फॉर्मेट में फ्रेंचाइजी मालिकों, टीम अधिकारियों और लीग प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोपहर अंत में संपन्न हुई।

# 2025 ने क्रिकेट को दिए नए चैंपियंस

**मुंबई, वार्ता।** वर्ष 2025 क्रिकेट की दुनिया में उस रीसेट बटन की तरह रहा, जिसने कई टीमों की किस्मत पलट दी। लंबे इंतजार और अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल चार अलग-अलग टूर्नामेंट्स में नए चैंपियन्स उभरे।

बिग बैश लीग में हाबार्ट हरिकेन्स (बीबीएल), आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आईपीएल), विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दक्षिण अफ्रीका (डब्ल्यू टीसी) और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया और पहली बार खिताब जीता। यह वो साल रहा जब मेहनत, उम्मीद और इतिहास, सबने मिलकर नए चैंपियन्स का अध्याय लिखा। बिग बैश लीग (बीबीएल) में हाबार्ट हरिकेन्स ने वर्षों की निराशा खत्म की। 2013-14 और 2017-18 में फाइनल हारने वाली टीम ने आखिरकार 2025 में जीत का स्वाद चखा। टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने बल्लेबाजी ने कमाल दिखाया, जबकि कप्तान नाथन एलिस ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। वहीं, मैथ्यू वेड ने अनुभव से इतिहास रच दिया। आईपीएल

**● अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल में बीबीएल में हाबार्ट हरिकेन्स, आईपीएल में आरसीबी, डब्ल्यूटीसी में दक्षिण अफ्रीका और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियंस बनी**

वो सीजन था जिसका इंतजार न सिर्फ बेंगलुरु बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस को था। वर्षों की ट्रोलिंग, 'ई साल कप नामदे' वाले मीम्स के बीच आरसीबी ने आखिरकार कप अपने नाम किया। रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी, विराट कोहली का जोश, हेजलवुड की सधी हुई गेंदबाजी और फिल साल्ट की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को पहला आईपीएल खिताब दिलाया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीका ने इतिहास रचा। कभी 'चोकर्स' कहे जाने वाली इस टीम ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल या यूं कहें पहला आईसीसी खिताब जीता।

# टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: कप्तान हरमनप्रीत




**● हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था: कप्तान**

**नवीं मुम्बई।** भारतीय महिलां टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा कि इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था। उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की। पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बैटिंग करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा कि हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है। हमने 300 रन बनाने की कोशिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए। हालांकि हम एक टीम के तौर पर मैदान में लौटे। जब भी हमें जरूरत हुई हमें ब्रेकथ्रू मिला। यह एक बहुत अच्छा मैच था। यह अभी कहना आसान है लेकिन जब लॉरा बल्लेबाजी कर रही थीं तो यह सब उतना आसान नहीं था।

### हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है: नीता अंबानी

**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रविवार रात भारतीय महिला टीम द्वारा पहला महिला विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि आधी रात को हमारी लड़कियों ने पहली आईसीसी विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। मुझे लगता है कि आपने जिस हिम्मत, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ खेला है, उससे आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हमें आप सब पर बहुत गर्व है और मैं कहना चाहती हूं धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद और जय हिद।

# खड़गे-राहुल ने दी टीम को बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला टीम को बधाई दी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार जीत के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा आपके शानदार प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की शक्ति, लचीलेपन और नेतृत्व क्षमता का उत्सव भी है जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। पूरा देश इस गौरवशाली क्षण का जश्न मनाने के लिए एकजुट है। आपने न केवल विश्व कप जीता है, बल्कि हर भारतीय का दिल भी जीत लिया है। उन्होंने कहा मैं आप सभी के उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायक भविष्य की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बधाई देते हुए कहा कि गर्व का क्षण है।

हमारी महिलाओं ने इतिहास रच दिया और करोड़ों दिलों को छुआ है। आपके साहस, धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरवान्वित किया है और अनगि. नत युवा लड़कियों को निडर होकर सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आप ने केवल एक ट्रॉफी नहीं उठाई, आपने एक राष्ट्र का उत्साह बढ़ाया है। जय हिद।

### ताजनगरी को है अपनी बेटी दीप्ति का इंतजार

**आगरा, वार्ता।** पहली बार क्रिकेट की दुनिया में अपना परचम लहराने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अहम सदस्य दीप्ति शर्मा का ताज नगरी आगरा को बेसब्री से इंतजार है। कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार देर रात दक्षिण अफ्रीका को हरा कर विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। विश्व कप टूर्नामेंट में आगरा की रहने वाली दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम करने वाली दीप्ति ने पूरे टूर्नामेंट में 215 रन बनाए।

# हार के बावजूद टीम के प्रयासों पर गर्व: वोल्वार्ट



**● कहा: हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी**

**नवी मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने कहा कि महिला विश्वकप के फाइनल में भारत के हाथों मिली 52 हार के बावजूद मुझे अपनी टीम के प्रयासों पर गर्व है। मैच के बाद वोल्वार्ट ने कहा कि मुझे इस टीम पर इस अभियान के लिए और भी ज़्यादा गर्व हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी। हारना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम इससे जरूर आगे बढ़ेंगे। यह कई खिलाड़ियों के लिए एक शानदार टूर्नामेंट रहा है और मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए लचील. ेपन पर गर्व है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने के बारे में पूछे जाने पर वोल्वार्ट ने कहा कि हमने उन कुछ खराब मैचों को पीछे छोड़ने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम या तो बहुत अच्छे थे या बहुत बुरे, लेकिन शुक्र है कि अधिकतर अच्छे प्रदर्शन ही हुए। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं रहा और मैंने इसकी शुरुआत भी अच्छी नहीं की। ज्यादा सोचना, अच्छा नहीं था। यह क्रिकेट का एक और मैच है, दोनों को अलग करने की को. शिश ने मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने और फिर किसी अलग समय पर कप्तानी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थोड़ा मुक्त कर दिया। मैच के बारे में बात करते हुए वोल्वार्ट इस बात से खुश थीं कि उनके गेंदबाजों ने भारत को 300 से अधिक का स्कोर नहीं बनाने दिया।, जबकि शेफाली वर्मा (87) और स्मृति मंधाना (45) ने मेजबान टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी।

# सबालेंका-पेगुला ने अपने-अपने मैच जीते






**● सबालेंका ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मैच में इटली की जैस्मीन को वहीं पेगुला ने कोको गॉफ को को दी मात**

**रियाद, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और बेलारूस की स्टार एरीना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट के पहले दौर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत दर्ज की। सबालें. का ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मुकाबले में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया। वहीं पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि हमने बहुत खेला है, और हर बार यह एक मुश्किल मुकाबला होता है। स्कोर कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे पता है कि मुझे हमेशा फोकस बनाए रखना है, और अगर आप उसे मौका देंगे, तो वह आगे बढ़कर गेम पर कंट्रोल कर लेगी।

इसलिए, मुझे लगता है कि मैं आज अपने फोकस से सबसे ज्यादा खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि राउंड रॉबिन है, लेकिन मैं इस टूर्नामेंट को एक रेगुलर टूर्नामेंट की तरह लेने की कोशिश कर रही हूं, और मुझे पता है कि अगर मुझे यह खूबसूरत ट्रॉफी जीतनी है तो मुझे पांच मैच जीतने होंगे।

तो बेसिकली, मेरी सोच बस यही है कि बाहर जाकर हर मैच में मुकाबला करूं और लड़ूं। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी की जेसिका पेगुला ने डिफेंडिग चैंपियन हमवतन कोको गॉफ को हराकर डब्लयूटीए फाइनल्स में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। रविवार रात दो घंटे 12 मिनट तक चले कड़े मुक. ाबले में पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की।

यह ऑल-अमेरिकन मुक. ाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को इंडोर लाइट्स में खेलने में परेशानी हो रही थी और लगातार पांच बार सर्विस ब्रेक हुए। आखिरकार पेगुला ने पहले खुद को संभाला, 4-2 से बढ़त बनाई और फिर गॉफ की सर्विस की परेशानियों का फायदा उठाया। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी गॉफ की पांचवीं डबल फॉल्ट ने पेगुला को आधे घंटे से कुछ अधिक समय में पहला सेट दिला दिया। गॉफ ने दूसरे सेट में जल्दी ही वापसी करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया गए कुलदीप टी-20 टीम से रिलीज



**मेलबर्न, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीजी की तैयारी के मद्देनजर टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम से रिलीज किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि कुलदीप को आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ छह नवम्बर से शुरू हो रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए के दल में जगह दी गई है। रविवार को भारत ए ने ऋषभ पंत की 90 रनों की पारी और अंशुल कंबोज और मानव सुधार की नाबाद 62 रनों की साझेदारी की बदौलत पहला मैच जीत लिया। बीसीसीआई ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में भारतीय एकदाश में कुलदीप की जगह वॉशिगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत चौथा टी-20 छह नबंर को कैनबरा और पांचवां मैच आठ नवम्बर को ब्रिस्बेन में खेलेगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर को कोलकाता में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अब भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिकू सिह और वॉशिगटन सुंदर।

दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम:- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पड़िक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, कुलदीप यादव, अभिमन्यू ईश्वरन, प्रसि( कृष्णा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

# यातायात माह के शुभारंभ पर निकाली जागरूकता रैली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मंडल के अधिकारियों ने "यातायात माह-2025" का शुभारम्भ जन जागरुकता रैली को हरि झंडी को रवाना कर किया तथा आम जनमानस से यातायात के नियमो का पालन करने का आह्वान किया ताकि सड़क दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह जिलाधिकारी मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष ने हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि ओवर स्पीड व ओवर लोड के चलते अनेक सड़क दुर्घटना होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना चाहिए क्योंकि



जब हैलमेट न लगाने पर पुलिस चालान काटते हैं तो उन्हें स्वयं भी हैलमेट लगाना चाहिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने नागरिकों से अपील की कि सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहयोग देकर एक अनुशासित यातायात संस्कृति का निर्माण करें।'

वरिष्ठ पुलिस अधीक् आशीष तिवारी ने कहा कि "यातायात नियमों का पालन करना केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि यह जीवन की रक्षा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक नागरिक को सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार अपनाना चाहिए ताकि किसी की असावधानी किसी और के जीवन के लिए खतरा न बने। पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा नें कहा कि "यातायात माह" प्रतिवर्ष नवम्बर माह में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा एवं जिम्मेदार ड्राइविंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यातायात माह के अंतर्गत जनपद भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमों का पालन कर हम स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।"

इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज यादव पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मुनीश चंद्र पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान यातायात प्रभारी अमित तोमर के अलावा मौजूद रहे।

# हर आदमी की बनूंगा आवाजः इमरान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि अन्याय के खिलाफ हमेशा मेरी आवाज बुलंद रहेगी और अब उनकी भी आवाज उठाई जायेगी जिसके पास अपनी समस्या बताने के लिये कोई मंच नहीं है।

इमरान मसूद ने यह बात अपने स्वागत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि संसद बनने के बाद से मेरी नीयत और काम करने का अंदाज और भी ज्यादा सेवा प्रधान हो गया है। पहले मैं सिर्फ सहारनपुर के लोगों की आवाज उठाता था, लेकिन अब मैं उन लोगों का भी हूँ जिनकी आवाज कोई नहीं उठाता। मेरे दरवाजे आप लोगों के लिए चौबीसों घंटे खुले हैं। इमरान मसूद ने कहा कि किसी भी अन्याय या अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वे अब केवल अपने मतदाताओं के लिए नहीं बल्कि उन सभी के लिए काम करेंगे, जिनके पास बोलने का मंच नहीं है।

सांसद ने यह भी बताया कि उनकी अनुपस्थिति में भी लोगों की समस्याएँ सुनने और समाधान के लिए उनके साथी एमएलसी शहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख इमरान मलिक मौजूद रहेंगे।

# आपसी तालमेल व विश्वास जरूरीः सागर




शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** एसपी देहात सागर जैन ने कहा कि चिकित्सकों एवं पुलिस प्रशासन के बीच सहयोग और विश्वास को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है।

सागर जैन उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन के नर्सिंग होम्स में हिंसाः असुरक्षित दौर में सुरक्षित चिकित्सा की जरूरत विषय पर आयोजित समसामयिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सक एवं पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय समाजहित में है। विषय विशेषज्ञ डा.नीरज नागपाल ने कहा कि चिकित्सकों को संवाद, पारदर्शिता, दस्तावेजीकरण और पुलिस प्रशासन से समन्वय के माध्यम से हिंसा की घटनाओं से स्वयं को ओर अपने संस्थान को सुरक्षित रखना चाहिये।

एसोसिएशन अध्यक्ष डा. प्रवीण शर्मा ने सभी चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी के लिये धन्यवाद दिया। मानद सचिव डा. सी एम कमाल ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान डा.नीरज नागपाल को राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सीय व कानूनी क्षेत्र में योगदान के लिये सम्मानित किया गया। इस दौरान डा.कलीम अहमद, डा.रजनीश दहूजा, डा.नरेश नौसरान, डा. एस.सी. जोशी डा.सुभाष सहगल, डा.अंकुर उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# बैंक अधिकारियों का आईआईए प्रतिनिधियों से संवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** यूको बैंक द्वारा आज एमएसएमई रिसोर्स एंड एग्री कार्निवाल का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें व्यवसाय विस्तार हेतु प्रोत्साहित करना रहा।

दिल्ली रोड़ स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ यूको बैंक के महाप्रबंधक सुजॉय दत्ता, उप महाप्रबंधक जावेद, एवं अंचल प्रमुख (मेरठ) गौरव चोपड़ा, आईआईए चेयरमैन, सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, महासचिव कुशल शर्मा, तथा कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने आईआईए प्रति. निधियों से संवाद स्थापित कर उद्योग क्षेत्र की आवश्यकताओं, वित्तीय सहयोग और नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। इस अवसर पर सुजॉय दत्ता एवं जावेद ने उद्यमियों को बैंक की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं जैसे कार्यशील पूंजी ऋण, टर्म लोन, पीएमईजीपी योजना, सीजीटीएमएसई क्रेडिट गारंटी योजना, मुद्रा योजना एवं अन्य सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कृषि आधारित उद्यमों से संबंधित विषयों पर भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किसानों और एग्री-उद्यमियों को एग्री-बिजनेस फाइनेंसिंग, प्रोसेसिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स और कृषि मूल्य संवर्धन योजनाओं की जानकारी दी गई।



आईआईए चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने यूको बैंक के इस सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उद्योग जगत एवं वित्तीय संस्थानों के बीच संवाद स्थापित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

इस अवसर पर डिवीजनल चेयरमैन सतीश अरोड़ा, अशोक गांधी, परमजीत सिंह, संजय कपूर, दर्शन कुमार गुप्ता, सुषमा बजाज, सुनील वर्मा, अनुज विश्नोई सहित आईआईए के अन्य सदस्य एवं स्थानीय उद्यमी भी उपस्थित रहे।

# अच्छी सेवा व विश्वास से बढ़ता है व्यापारः रूही अंजुम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि समाज को अच्छी सेवाएं देना व्यापार को ऊंचाईयों पर ले जाता है।

रूही अंजुम ने यह बात एक सैलून के उदघाटन मौके पर कही। उन्होंने कहा कि तरक्की के लिये किसी भी क्षेत्र में किया गया प्रयास असफल नहीं होता। आज इस सैलून की बेहतर सेवाओं का लाभ आसपास क्षेत्र के लोगों को मिलेगा और अच्छी गुणवत्ता व बेहतर व्यवहार व्यापार में तरक्की देगा।

# शिकायत पर जांच को नगर पंचायत छुटमलपुर पहुंचे एडीएम एफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में विकास कार्यों की अनियमितता, टेंडरों में भ्रष्टाचार व मानकों की अनदेखी के आरोपों पर एडीएम वित्त एवं राजस्व सलिल पटेल ने शनिवार को स्थलीय जांच की। सभासदों व स्थानीय लोगों ने पानी निकासी, शौचालय निर्माण व अन्य सुविधाओं की कमी की शिकायतें दर्ज कराईं। एडीएम ने बिंदुवार जांच कर रिपोर्ट तैयार करने का आश्वासन दिया।

मामला तब तूल पकड़ा जब नगर पंचायत के 10 सभासदों रजत पुंडीर, किरणपाल सिंह, ममता, दिलजहां, विकास तोमर, नवाब, रेशमा, प्रियंका व आदिल सहित ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र सौंपा। आरोप थे कि चेयरपर्सन मनमाने टेंडर जारी कर



चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचा रही हैं। बोर्ड लगाने का 20 लाख का टेंडर व घास मंडी तिराहे पर पार्क में तिरंगा झंडा लगाने के नाम पर 22 लाख का खर्च अनुचित बताया। सभासदों का कहना था कि मासिक बोर्ड मीटिंगें नहीं होतीं, फिर भी प्रस्ताव पास हो जाते हैं। विकास कार्यों के फंड में बंदरबांट का भी आरोप लगाया।सभासदों ने जिलाधिकारी व मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर जांच की मांग की। लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री बृजेश सिंह को भी शिकायत सौंपी, जिन्होंने मंडलायुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी कड़ी में एडीएम पटेल छुटमलपुर पहुंचे। उन्होंने सभासदों के साथ सहारनपुर रोड पर नाला निर्माण, घास मंडी तिराहे पर पार्क सौंदर्यीकरण व झंडा स्थापना, अलावलपुर रोड पर जलभराव व कलसिया रोड पर गौशाला निर्माण स्थलों का दौरा किया। जनप्रतिनिधि विकास गुप्ता ने भी समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व चेयरपर्सन प्रत्याशी हसीब मलिक ने बयान जारी कर चेयरपर्सन के वित्तीय अधिकार सीज कर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार रोकने के लिए तत्काल कदम उठें।एडीएम सलिल पटेल ने बताया, "सभासदों की शिकायतों पर स्थलीय जांच चल रही है। पूरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे।" वहीं, अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी ने सफाई दी कि तिरंगा पिलर निर्माण में उच्च गुणवत्ता सामग्री का उपयोग हुआ, जो उनके कार्यकाल से पूर्व स्वीकृत था। सभी कार्य ईमानदारी से किए गए।यह जांच नगर पंचायत में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय निवा. सियों ने उम्मीद जताई कि शिकायतें दूर होंगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा हत्या के प्रयास का आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** कोतवाली पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर न्यायालय पेश कर दिया है।

सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के अनुसार आरोपी विनोद कुमार पुत्र रो. हताश निवासी सुल्तानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। आरोपी किसी व्यक्ति की जान लेने की नीयत से तमंचा लेकर घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने तमंचा ईख के खेत में छुपाने की बाबात बताया, जिसके आधार पर पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया है।

# चौपाल में बताए सुरक्षा और अधिकार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अभियान के आज विकास खंड सरसावा के ग्राम चौरी मंडी में आयोजित चौपाल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा एवं अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

ग्राम चोरी मंडी आयोजित चौपाल में महिलाओं/बालिकाओं को घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन के बारे में चर्चा करते हुए विस्तार से जानक. ारी दी गई। इस दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं मौजूद रही।

## छुटमलपुर में विकास के नाम पर बनाए जा रहे केवल बिलः हसीब मलिक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष के कांग्रेस के प्रत्याशी रहे अब्दुल हसीब मलिक ने नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार को ले कर चिंता जतायी कि विकास के नाम पर सिर्फ बिल बनाये जा रहे है। पूर्व में जेसीबी की सर्विस, छोटे ट्रेक्टर की सर्विस ,झंडे की स्थापना से लेकर कलसिया तिराहे का सोंदर्यकर्ण और अन्य सभी कार्य गंभीर भ्रष्टाचार की और इशारा करते है।

अब्दुल हसीब मलिक ने आयुक्त, जिलाअधिकारी एवं एडीएम से नगर पंचायत के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जाँच कर तत्काल छुटमलपुर में प्रशासक नियुक्त करने की माँग की उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग खुल्लम खुल्ला सबके सामने है गंदगी और पानी की निकासी आम समस्या है। मनोज चौधरी, आजम मलिक, अफजल मलिक, महबूब अली, वकील मलिक, नोशाद अली, अरशद एडवोकेट, दिलबाहर, कारीआबिद, कुद्दूस मलिक , फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, परवीन ठेकेदार लाल्ला, भूरा, रिजवान, फुरकान, साकिब, इस्लाम, जुल्फकार, मास्टर इस्लाम, सुहेल आदि ने छुटमलपुर के विकास के रुपयों के गलत इस्तेमाल पर रोक और तत्काल उच्च लेवल की जाँच की माँग की।

# चित्रकला प्रतियोगिता में उकेरी कल्पना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती वर्ष पर्यन्त कार्यक्रम के तहत सभी प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

प्रतियोगिता में 865 प्राथमिक तथा 405 कंपोजिट विद्यालय के लगभग 27,731 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने उनके जीवन पर आधारित थीम पर चित्रकला बनाई ,प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं आदि में सम्मिलित होने से छात्रों में रचनात्मकता का सर्जन होने के साथ साथ स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के बारे में जानने का अवसर भी छात्रों को प्राप्त हुआ।

इसी क्रम में आगामी 5 से 7 नवंबर को सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्र समूह बनकर रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेगे जिससे छात्रों में समूह में कार्य करने की रुचि उत्पन्न होगी ,समस्त सम्पादक दैनिक समाचार पत्र से अनुरोध है, कि प्रेस नोट को नि:शुल्क एवं जनहित में प्रकाशित करने का कष्ट करे।

# पंज प्यारों की अगुवाई में निकाला नगर कीर्तन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सरप्रस्ती तथा पाँच प्यारों की अगुवाई में साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष में आज गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा रोड से हुई, जो कुतुबशेर चौक, घंटाघर, नेहरू मार्केट, शहीद गंज, मोरगंज होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा, गौशाला रोड पर संपन्न हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण के लिए स्टॉल लगाए गए। नगर कीर्तन के प्रारंभ में जीप पर बजता नगाड़ा नगर कीर्तन के आगमन का संदेश दे रहा था। इसके पश्चात ढोल वादन, घोड़े पर सवार निहंग सिख, फौजी



बैंड, छोटे बच्चों की टोलियाँ, पाँच निशान साहिब व पाँच प्यारों की अगुवाई में सजी पालकी में विरा. जमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को पवित्र कर दिया। सभा के प्रधान सरदार सुजसबीर सिंह ने बताया कि मुख्य गुरमत समागम 5 नवम्बर को गुरुद्वारा साहिब परिसर स्थित गुरमत समागम ग्राउंड में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

नगर कीर्तन के संचालन में प्रधान स. सुजसबीर सिंह, वरिष्ठ मीत प्रधान प्रभजोत सिंह, मीत प्रधान प्रमिन्द्र सिंह कोहली, जनरल सचिव अमनप्रीत सिंह, मीत सचिव छवप्रीत सिंह, गुरपुरब कनवीनर स. हरेंद्र सिंह चड्ढा, तेजपाल सिंह, रंजीव सिंह हरजी, तजिंदर सिंह डंग, इंद्रप्रीत सिंह चड्ढा सहित कोषाध्यक्ष प्रितीपाल सिंह जुनेजा जी एवं अन्य पदाधिकारी, संगत व सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में तीनों स्कूलों के प्रबंधक सतविंद्र सिंह माकन, गुरविंद्र सिंह कालरा, जसवंत सिंह बत्रा, एम. पी. सिंह चावला, बलबीर सिंह धीर, इंद्रजीत सिंह बत्रा, जगमोहन सिंह जसबीर सिंह बग्गा, दलजीत सिंह बवेजा, हरप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह बग्गा, डॉ. स्वर्णजीत सिंह, प्रविंद्रपाल सिंह, बलबीर सिंह भाटिया, परमजीत सिंह चड्ढा, दीदार सिंह सेठी, रघुबीर सिंह, इंद्रजीत सिंह गुरकिरपा, गुरमीत सिंह शंटी, उपकार सिंह सेठी, तरनजीत सिंह बग्गा व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पारम्परिक वैवाहिक उत्सव श्रद्धा से सम्पन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** नगर के ऐतिहासिक श्री रघुनाथ स्वामी जी मंदिर में रविवार को भगवान श्री शालिग्राम और माता तुलसी का दिव्य, पारंपरिक वैवाहिक उत्सव हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।

वैदिक परंपरा के मंत्रोच्चारण के मध्य पंडित दीपक शास्त्री ने विवाह की संपूर्ण रश्में विधिवत कराई। भगवान श्री शालिग्राम की भव्य बारात बैंड बाजे की रौनक के साथ नगर के मुख्य बाजारों से निकाली गई। रथ पर विराजमान श्री शालिग्राम की अलौकिक सवारी के स्वागत में मार्ग भर भक्तजन झूमते, नाचते और जयघोष करते चल रहे थे। मंदिर परिसर पहुंचने के पश्चात भगवान श्री शालिग्राम और माता तुलसी के पवित्र फेरे सम्पन्न कराए गए और फिर परंपरा अनुसार माता तुलसी की विदाई की रश्म भी पूर्ण हुई।

इस आध्यात्मिक आयोजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दिव्यता और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। आयोजन में मंदिर समिति से सुधीर मित्तल, सुशील कश्यप, संतोष शर्मा, मनीष भार्गव, राजकुमार कश्यप, बिंदु कश्यप, मनोज शर्मा, अवनीश चौधरी, तरुण पाराशर, उमेश देवी, नेहा शर्मा, आशु देवी, रुक्मणी पांच. ाल, सुधा शर्मा, अंजू त्यागी, रीना धीमान सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कलैक्शन मैनेजर पर जानलेवा हमला

**नकुड़।** सहारनपुर की ओर से वापस लौट रहे कलेक्शन मैनेजर के ऊपर अज्ञात बाइक सवारों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम बजाज कंपनी के कलेक्शन मैनेजर गौरव कुमार के ऊपर बाइक सवार बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली में दी गई तहरीर व पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस इस वारदात को सामान्य झगड़ा नहीं मान रही है, बल्कि इसे पूर्व योजना के तहत किए गए संगठित हमले की दिशा में देख रही है। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 4 नवम्बर 2025

# ट्रम्प का बयान विनाशक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर विवादित और उकसाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता जताई और बताया कि तैयारियां पहले से चल रही हैं। उनके इस बयान से दुनिया सकते में हैं और इसकी आलोचना करते हुए इसे उकसाने वाला बताया है। यदि ट्रंप के बयान में सच्चाई है, तो दुनिया को विनाश से कोई नहीं रोक सकता। क्योंकि इस बात का जिक्र रूस ने अभी तक नहीं किया। रूस का यूक्रेन से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसने अभी तक भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं किया है। ट्रप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार मौजूद हैं, तो फिर वह ऐसे बयान क्यों दे रहा है। वह अपने आप को खतरा मान रहा है, या दुनिया को जलाने की कोशिश कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। 60 मिनट के साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है, जो ऐसा नहीं कर रहा है। रूस और चीन परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वे इस बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, हम अलग हैं, हम इस बारे में बात करते हैं। हमें इस बारे में बात करनी ही होगी क्योंकि वरना आप लोग रिपोर्ट करेंगे। उनके पास ऐसे पत्रकार नहीं हैं, जो इस बारे में लिखें। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं और दूसरे भी परीक्षण करते हैं और निश्चित रूप से उत्तर कोरिया परीक्षण कर रहा है, पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। ट्रंप का ये बयान तब सामने अया, जब उनसे रूस द्वारा हाल ही में पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन सहित उन्नत परमाणु-सक्षम प्रणालियों के परीक्षणों के 30 से अधिक वर्षों बाद परमाणु हथियारों का विस्फोटष्करने के उनके फैसले के बारे में पूछा गया। मगर इस बयान में पाकिस्तान का नाम लेना ये साबित करता है कि अमेरिका उसे अपने सबसे बड़े दुश्नमनों की श्रेणी में रख रहा है। हाल में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर ने ट्रंप से कई मुलाकातें की हैं और संबंधों को ठीक करने की कोशिश की है, मगर ट्रंप ने ये बयान देकर उन्हें फिर झटका दे दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में हलचल मच गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है।

### अपमान मंत्रालय स्थापित करे केंद्र



बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है, पिछले 20 वर्षों से बिहार की चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चला रहे हैं।,जब आपकी चुनी हुई सरकार को केंद्र से सम्मान नहीं मिलता, तो जनता का सम्मान कैसे बचेगा, केंद्र सरकार को अपमान मंत्रालय स्थापित करना चाहिए, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को हर मुद्दे पर दोषी ठहराकर उनका अपमान करने में अपना समय बर्बाद करते हैं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

# विकास की चमक और सच का अंधेरा



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष दो हजार पंद्रह में अपनाया था और इन्हें दो हजार तीस तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया था। यानी पंद्रह वर्षों का यह कार्यक्रम अब अपने अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है। भारत सरकार ने इसकी जवाबदेही वर्ष दो हजार अठारह से तय करनी शुरू की। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय सूचकांक के अनुसार, वर्ष दो हजार अठारह में भारत का औसत अंक सत्तावन था। वर्ष दो हजार इक्कीस.तेईस में यह बढ़कर छियासठ हुआ और हालिया रिपोर्ट दो हजार चौबीस में बहत्तर के आसपास पहुंच गया। सरकार इन आंकड़ों को यह प्रमाण बताती है कि देश अपने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यदि इन अंकों के पीछे झांका जाए तो एक दूसरा सच सामने आता है। विकास की यह चमक बाहर से भले तेज दिखाई दे, भीतर से यह कई सवाल उठाती है। क्या यह विकास वास्तव में मानव और प्रकृति के हित में है? क्या यह हमारे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रख रहा है? और क्या यह विकास जनभागीदारी पर आधारित है या केवल पूंजी और उद्योग केंद्रित? आज का विकास मॉडल मुख्यत: ढांच. ागत निर्माणों और आर्थिक उत्पादन पर टिक गया है। बड़े-बड़े राजमार्ग, बांध, औद्योगिक परियोजनाएं और खनन को प्रगति का प्रतीक बताया जा रहा है। किंतु इनसे स्थानीय पारिस्थितिकी, जल स्रोत, मिट्टी और जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। शोध बताते हैं कि राजमार्गों के आसपास पांच सौ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक का क्षेत्र प्रदूषित होता है, वृक्ष कटते हैं और वायु में कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। यह विकास का वह रूप है जिसमें धरती का संतुलन दांव पर लगा है। इस बीच एक और भ्रम फैलाया जा रहा है कि विद्युत चालित वाहन या सौर ऊर्जा से संचालित उद्योग पूरी तरह पर्यावरण-हितकारी हैं। जबकि सच यह है कि इनकी बैटरियों में प्रयुक्त लिथियम और अन्य तत्वों का कचरा अत्यंत हानिकारक होता है। इसका निस्तारण आज भी पूरी तरह सुरक्षित व्यवस्था से नहीं हो पा रहा है। यानी हर नई तकनीक अपने साथ एक नया संकट भी लेकर आती है। सरकार जब एथेनॉल उत्पादन की बात करती है तो यह तर्क दिया जाता है कि इससे पानी की खपत बहुत बढ़ जाएगी। लेकिन यह अर्धसत्य है। एथेनॉल उत्पादन में प्रयुक्त गन्ना और मक्का जैसी फसलें वर्षा पर आधारित होती हैं और यदि ए उद्योग अपने संयंत्रों में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (ईटीपी) लगाएं तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें तो पानी का पुन: उपयोग संभव है। इससे जल.व्यय नहीं, बल्कि जल.संरक्षण होगा। यही सच्चा समाधान है, न कि एथेनॉल उत्पादन को रोकना। यहां सवाल उठता है कि गांधी जी के नेतृत्व में जब स्वाधीनता की लडाईयां लडी जा रही थी तब क्या आजाद भारत की परिकल्पना में किसी भावी विकास माडल को भी शामिल किया गया था तो हम पाते हैं कि महात्मा गांधी ने जब स्वाधीन भारत के विकास की परिकल्पना की थी, तब उसका मूल आधार स्वराज था, ऐसा स्वराज जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति तीनों के सामंजस्य से निर्मित हो। गांधी जी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना रखी, उसमें प्रत्येक ग्राम आत्मनिर्भर और उत्तरदाई इकाई के रूप में सोचा गया था। यह विचार केवल प्रशासनिक नहीं था, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक था। स्वतंत्रता के बाद अनेक आयोगों जैसे बलवंत राय मेहता समिति, अशोक मेहता समिति , एल एम सिंघवी आयोग और बाद में जीवीके राव समिति ने ग्रामीण स्वराज की इस अवधारणा को संस्थागत रूप देने की सिफारिश की परंतु यह सपना कई दशकों तक अधूरा रहा। अंतत: वर्ष उन्नीस सौ ब्यानबे में संविधान के तिहत्तरवें संशोधन के रूप में पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन ने न केवल ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए, बल्कि यह सिद्ध किया कि भारत में लोकतंत्र का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब उसका आधार गांव हो। फिर भी यह प्रक्रिया अब भी अध. ूरी है। कई राज्यों में पंचायतों की स्वायत्तता व्यवहार में सीमित रह गई है। योजनाएं ऊपर से थोपे गए प्रारूप में चलती हैं और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की शक्ति कमजोर पड़ी है। यही कारण है कि आज जब सतत विकास की बात होती है, तो उसके केंद्र में जो ग्राम स्वराज की आत्मा होनी चाहिए थी, वह कहीं खो गई प्रतीत होती है। वास्तव में सतत विकास का आधार स्थानीय भागीदारी है। हमारे संविधान के तिहत्तरवें संशोधन ने ग्राम पंचायतों को जो स्वायत्तता दी है, वही इस दिशा का सबसे सशक्त साधन है। यदि ग्राम सभाएं अपने स्तर पर योजनाएं बनाएं, स्थानीय जल स्रोतों का प्रबंधन करें और पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दें, तो यह विकास दीर्घकालिक और लोकहितकारी होगा परंतु आज नीतियां उलटी दिशा में जा रही हैं वन कानून, सीमा कानून और खनन संबंधी संशोधनों ने ग्राम स्वराज की भावना को कमजोर किया है। जरूरत इस बात की है कि विकास की नीति में पुनर्विचार हो। आंकड़ों की तालिकाओं और स्कोर कार्ड से आगे बढ़कर यह देखा जाए कि धरातल पर क्या हो रहा है। कितनी नदियां सूख रहीं, कितने जंगल कट रहे हैं, और कितने गांव प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं यह भी विकास के मापदंड का हिस्सा बने। कार्बन क्रेडिट से मिलने वाले धन का उपयोग वृक्षारोपण और जल संरक्षण में किया जा सकता है। उद्योगों को बाध्य किया जाए कि वे अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण करें और प्रदूषण को न्यूनतम स्तर पर लाएं। स्थानीय पंचायतों को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त किया जाए, ताकि विकास का अर्थ केवल इमारतें खड़ी करना न रह जाए, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना बने। अंतत: यही कहा जा सकता है कि सच्चा विकास वही है जो गांव से शुरू हो, गांव के लिए हो और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर हो। यदि हम केवल अंक बढ़ाने की होड़ में लगे रहेंगे तो आने वाले वर्षों में ए अंक हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और अस्तित्व की कीमत पर लिखे जाएंगे। विकास का अर्थ तभी पूर्ण होगा जब उसकी चमक के साथ सच की रोशनी कायम रहे।

### डेटा इनबॉक्स: सतत विकास संकेतक ( सारांश )

भारत ने सन् दो हजार पन्द्रह में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया था, जिनकी समय सीमा सन् दो हजार तीस तक निर्धारित है। नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार भारत का समेकित स्कोर सन् दो हजार अठारह में सत्तावन, सन् दो हजार इक्कीस में छियासठ और सन् दो हजार तेईस-चौबीस में बहत्तर अंक तक पहुंचा है। राज्यों के स्तर पर यह अंक सीमा सत्तावन से उन्यासी के बीच रही, जिसमें केरल और उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे। जबकि बिहार और झारखंड इसके निम्नतम स्तर पर। रिपोर्टों में स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और जल संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्थानीय पारिस्थितिकी पर विकास परियोजनाओं के नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर हाल की रिपोर्टों में भारत की स्थिति लगभग निन्यानवेवें स्थान के आसपास दर्ज की गई है, जो सुधार की दिशा में संकेत देती है परंतु चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं।

(स्रोत-नीति आयोग की एसडीजी इंडिया रिपोर्ट 2018, 2020-21, 2023-24 तथा सतत विकास रिपोर्ट 2025)

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# द ताज स्टोरी: मुगल इतिहास को गढ़ने की नाकाम कोशिश



**एम हसन**

दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, हिंदी फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। पीड़ा भरी दृष्टि भारत के गौरवशाली अतीत को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली कहीं से भी उभरती रहेंगी। तो विभाजन अपेक्षित सीमा पर है। आगरा में दक्षिणपंथी संगठन ताज नगरी के फिल्म प्रेमियों को मुफ्त सिनेमा टिकट देकर फिल्म द ताज स्टोरी का प्रचार करने के लिए आगे आए हैं। फिल्म में तेजो महल वाले दृश्य का स्वागत करते हुए, इन संगठनों ने सिनेमा देखने वालों को अतिरिक्त लॉलीपॉप देने की भी पेशकश की है। दक्षिणपंथी अनुयायियों के लिए यह वास्तव में कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स वाला दृश्य है।

हालांकि मुख्य अभिनेता परेश रावल ने दावा किया है कि फिल्म का उद्देश्य सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करना नहीं है और यह पर्यटन को बढ़ावा देगी, लेकिन इसका लहजा और भाव निश्चित रूप से इस दिशा में प्रतिबिंबित नहीं होता है। जब से तथाकथित इतिहासकार पीएन ओक ने 1989 में अपनी पुस्तक ताज महल द ट्रू स्टोरी में ताज महल को मूलत: एक हिंदू मंदिर बताने के लिए तेजो महालय षड्यंत्र सिद्धांत पेश किया, जिसमें उन्होंने कहा कि ताज महल मूलत: एक हिंदू मंदिर था, जिसे बाद में मुगलों ने अपने कब्जे में ले लिया, तब से ऐसे सिद्धांतों के दावेदारों की कोई कमी नहीं रही है और फिल्म उद्योग भी इन लोगों को समर्थन दे रहा है। गौरतलब है कि सिर्फ ताज महल ही नहीं है जिसकी पुरातात्विक सत्यता पर दशकों से कई मामले अदालतों में दायर होने के साथ सवाल उठाए जाते रहे हैं, सिनेमा उद्योग ने कई ऐसे मुगल पात्रों को उजागर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो इतिहास में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। 1960 के दशक की महान फिल्म मुगल-ए-आजम या 2008 की जोधा अकबर या सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का प्रतिनिधित्व करने वाली सल्तनत काल पर बनी फिल्म पद्मावत। मध्यकालीन इतिहास के जाने-माने इतिहासकारों का मानना है कि प्रामाणिक इतिहास स्रोतों ने जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) या अनारकली (राज. कुमार सलीम की दासी) की प्रेम कहानी जैसे किसी व्यक्ति के बारे में संकेत नहीं दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रमुख इतिहासकार और भारतीय इतिहास कांग्रेस के सचिव प्रोफेसर अली नदीम रेजवी ने कहा कि हिंदी ऐतिहासिक फिल्में कभी भी वास्तविक, जीवित अतीत का दूर-दूर तक आह्वान नहीं करती हैं। न ही निर्माताओं ने उस काल को समझने के लिए पेशेवर इतिहासकारों की मदद लेना आवश्यक समझा जिसमें वे अपनी फिल्में सेट करते हैं। बिना किसी अपवाद के, सभी निर्देशकों की मूल चिंता केवल एक ऐसी कहानी पर फिल्म बनाना प्रतीत होती है जो बिक जाए, न कि इसे अतीत में वास्तव में क्या हुआ या हो सकता है, उसके अनुरूप बनाना।ऐसा नहीं है कि परेश रावल ताजमहल पर पहली फिल्म बनाने वाले पहले व्यक्ति हैं। ऐसी कई फिल्में बनी हैं- ताजमहल (1941), मुमताज महल (1944), ताजमहल (1963) और ताजमहल- एन इटरनल लव स्टोरी (2005), लेकिन ये सभी आगरा में इस महान स्मारक के निर्माण के लिए प्रेरित महिला और शाही प्रेम पर केंद्रित थीं। हालांकि ये फिल्में उस दौर की थीं जब ऐतिहासिक प्रामाणिकता का पूरा ध्यान रखा जाता था और निर्माता मूल अवधारणा के साथ न्याय करने की कोशिश करते थे। पिछले एक दशक में बदली हुई मानसिकता और मनगढ़ंत कहानियों और मिथकों को मूल और प्रामाणिक इतिहास के रूप में प्रस्तुत करने के साथ, फिल्म उद्योग भी इस ओर आकर्षित हो रहा है। ताजमहल के निर्माण का जिक्र करते हुए प्रोफेसर रेजावी ने कहा, उस काल के प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं कि इस मकबरे का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां के काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि किसी अन्य मुगल इमारत के इतने दस्तावेज-रिकॉर्ड नहीं हैं जितने ताजमहल के हैं। प्रोफेसर रेजवी ने कहा कि एक फरमान उपलब्ध है जिसमें मिर्जा जय सिंह को लिखा गया था कि उनके दरबारी वास्तुशास्त्रियों ने उन्हें बताया है कि नदी के किनारे जिस स्थान पर आपका जय सिंह महल है, वह मकबरा बनाने के लिए उपयुक्त है। आप इसे हमें दे दें और हम आपको पर्याप्त मुआवजा देंगे। जय सिंह तुरंत सहमत हो गए और उस महल के बदले, जिस पर 22 वर्षों की अवधि में ताजमहल का निर्माण हुआ, सम्राट ने उन्हें उसी क्षेत्र में चार बड़े महल और अन्य विशाल संपत्तियां दीं, प्रोफेसर रेजावी कहते हैं, यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि स्मारक के निर्माण से पहले वहां एक शिव मंदिर मौजूद था।



उन्होंने कहा कि जयपुर में मान सिंह जय सिंह के वंशज संग्रहालय में उपलब्ध 1720 के आगरा के नक्शे में मौके पर किसी मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है, लेकिन मुमताज महल के मकबरे के बारे में स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है। प्रोफेसर रेजावी ने आगे कहा कि पूरे क्षेत्र को मुमताजाबाद के रूप में जाना जाने लगा और बाद में वर्तमान ताजगंज के रूप में जाना जाने लगा। निर्माण सामग्री के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि बीकानेर संग्रहालय में पांडुलिपियों के रूप में विस्तृत रिकॉर्ड हैं जिनमें पत्थर, संगमरमर, श्रम और अन्य चीजों की आपूर्ति के बारे में उल्लेख है जो शाही आदेश पर आगरा को आपूर्ति की गई थीं। स्मारक के पुरातत्व के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि यह दो संस्कृतियों का मिश्रण था। भारतीय और मुगल वास्तुकला। दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। इस तरह की विकृत दृष्टि भारत के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली सामने आती रहेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट





**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार के चुनावी गणित को देखें तो यहां दो परि.श्य गौर करने लायक है। एक तो यह कि यहां लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोटरों का रुझान बिल्कुल अलग है खास तौर पर भाजपा के लिए।दूसरा यह कि बिहार में कम्युनिस्ट दलों का वर्चस्व अभी भी कायम है। पहले बिहार के लोकसभा व विधानसभा के चुनावी अंकगणित पर गौर करते हैं। 2004 के चुनावों से देखें तो यह तस्वीर साफ नजर आती है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में वोटर का मूड भिन्न होता है। विधानसभा चुनाव में किसी भी अकेले दल को सत्ता की चाभी नहीं थमाती।

वह क्षेत्रीय दलों को तरजीह तो देती है लेकिन बहुमत से दूर रखती है। वह चाहे जदयू हो या आरजेडी। 2004 में लोकसभा की मात्र 5 सीट जीतने वाली भाजपा 2005 के विधानसभा चुनाव में 37 सीट जीत लेती है। लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत भी इनका बढ़ जाता है। 2009 में लोकसभा की 12 सीट जीतने वाली भाजपा को 2010 के विधानसभा चुनाव में इसे 91 सीट पर सफलता मिलती है। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जब 22 सीट जीतती है तो 2015 के विधानसभा चुनाव में इसे मात्र 53 सीटों पर ही कामयाबी मिलती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटें जीतती है तो 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे 74 सीटों पर सफलता मिलती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 12 सीटों पर जीती है। अब 2025 के इसी महीने में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के हिस्से में कितनी सीटें आती है,यह देखना है। मैदान में यूं तो कई क्षेत्रीय दल भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में ही है। सबसे दिलचस्प यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुद को महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे बनाए जाने का भय सता रहा है ऐसे में उनके वोटर चिराग पासवान की पार्टी के साथ खेल न कर दें,यह आशंका भी बना हुआ है। नीतीश कुमार की यह आशंका और बलवती हुई होगी जब प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी ने कांग्रेस के ष्कनपटी पर कट्टा रखकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने को मजबूर किया है। मोदी की इस टिप्पणी के बाद नीतीश कुमार और उनके समर्थक इस बात को लेकर भयभीत हैं कि इसका मतलब एनडीए में जो मोदी चाहेंगे वहीं होगा। अर्थात पर्ची वाला भी मुख्यमंत्री हो सकता है। वोटरों की चुप्पी के बीच चुनाव बाद किस गठबंधन को कितनी सीटें हासिल होती है यह तो अहम है ही लेकिन सरकार किसके नेतृत्व में बनती है यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

बिहार विधानसभा चुनाव का जो दूसरा परि.श्य है वह कम दिलचस्प नहीं है। उत्तर भारत के प्रदेशों में कम्युनिस्ट दलों का लगभग खात्मा हो चुका है लेकिन बिहार इससे अछूता है। 2020 के विधानसभा में इस दल के 12 विधायक थे। अभी जो चुनाव चल रहा है उसमें भाकपा माले इंडिया गठबंधन का बड़ा साझेदार है। इसके 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। ए भले ही कम सीटों पर लड़ते हैं, जीतने का इनका स्ट्राइक रेट बढ़िया होता है। पिछले चुनाव में इस दल के दो चार उम्मीदवार बहुत मामूली वोटों से हारे थे या हरा दिए गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाकपा माले की हारी हुई एक सीट भोरे भी है जहां से इस बार जेएनयू छात्रसंघ के प्रेसिडेंट रहे 29 वर्षीय धनंजय को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भोरे विधानसभा क्षेत्र पश्चिमी बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित है। बिहार का यह जिला यूपी के देवरिया और कुशीनगर से सटा हुआ है। गोपालगंज जिले का भोरे विधानसभा क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में कम्युनिस्ट उम्मीदवार रहे जितेन्द्र पासवान बिहार के डीजीपी रहे जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार से 472 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव हारे थे। स्थानीय लोगों ने इस चुनाव परिणाम को संदिग्ध माना था। इस बार फिर पार्टी ने जितेन्द्र पासवान को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें नामांकन के दिन ही 2017 के एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया लिहाजा वे नामांकन नहीं दाखिल कर पाए। जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी के बाद माकपा ने जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय को उम्मीदवार बनाया है। इधर जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी को जदयू उम्मीदवार की हार के डर से प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया गया और इसके पीछे जेडीयू उम्मीदवार सुनील कुमार और नीतीश कुमार का हाथ माना गया। मात्र 472 वोटों से जीतने वाले पूर्व डीजीपी सुनील कुमार नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री थे। यूपी सीमा से सटे बिहार के इस विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बेहद दिलचस्प है क्योंकि यहां जेडयू उम्मीदवार सुनील कुमार जैसे धनबलि के मुकाबले जनता मैदान में हैं। रिटायर्ड आईपीएस सुनील कुमार 1987 बैच के आईपीएस हैं। 2020 में वे पहली बार जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। फिर बिहार के शिक्षा मंत्री बने। 1997 में यहां माले कार्यकर्ता उमेश पासवान की हत्या के बाद यह क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ बन गया। यहां के गरीब और दलित लोग कम्युनिस्ट विचारधारा से लैस हैं। इनके अंदर उमेश पासवान की हत्या और 2020 में जितेन्द्र पासवान की चुनाव में हार की ज्वाला धधक रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि बिहार के शिक्षा मंत्री रहे सुनील कुमार चुनाव हार रहे हैं, हां उनकी जीत आसान भी नहीं है। पूरे बिहार में भाकपा माले के सीटों की अच्छी पोजीशन देख इस बार भी इनका स्ट्राइक रेट कांग्रेस से अच्छा हो तो कोई आश्चर्य नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक-तुर्की ने जल सहयोग समझौते के लिए किए हस्ताक्षर

**बगदाद।** इराक और तुर्की ने रविवार को जल सहयोग समझौते के क्रियान्वयन के लिए एक कार्यकारी तंत्र पर हस्ताक्षर किया। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे इराक में जल संकट के स्थाई समाधानों में से एक कहा। प्रधानमंत्री अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस समझौते पर इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन और उनके तुर्की समकक्ष हकान फिदान ने हस्ताक्षर किए। इराकी प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस समझौते को जल क्षेत्र में संयुक्त प्रमुख परियोजना पैकेजों के माध्यम से लागू किया जाएगा।

### इराक संसदीय चुनाव को समर्थन देने का लिया संकल्प

**बगदाद।** इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद अल हसन ने इराक में 11 नवम्बर को होने वाले संसदीय चुनावों को समर्थन देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह जानकारी इराकी विदेश मंत्रालय ने दी। इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ अपनी बैठक में हसन ने चुनावी प्रक्रिया में इराक के लिए अपना समर्थन जारी रखने और राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है जबकि पांच लापता हैं और 78 अन्य घायल हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा एवं बांध प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार 12600 से अधिक घर अभी भी जलमग्न हैं, जबकि 103 अन्य नष्ट हो चुके हैं या बह चुके हैं। 451 मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बाढ़ के कारण लगभग 7900 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जलमग्न हो गई हैं, 64000 से अधिक पशुधन एवं मुर्गियां मर गई हैं, तथा सिंचाई प्रणालियों और नदी तटों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### ट्रेन में चाकू से हमला करने वाला एकमात्र संदिग्धः ब्रिटिश पुलिस

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने रविवार को कहा कि पूर्वी इंग्लैंड में शनिवार शाम एक ट्रेन में चाकू से हमले करने की घटना में 32 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को एकमात्र संदिग्ध माना जा रहा है। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि उन्होंने एक 32 वर्षीय व्यक्ति और एक 35 वर्षीय व्यक्ति ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में 35 वर्षीय व्यक्ति को बिना किसी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि 32 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

# पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर रोक

## अमेरिकी जज ने फिर लगाई ट्रम्प प्रशासन को फटकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओरेगन की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला है।

यह आदेश अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इम्मरगट ने दिया, जो खुद राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नियुक्त जज हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि संघीय कानून के तहत सेना की घरेलू तैनाती के लिए जरूरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होतीं। कोर्ट ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन ने यह कदम इस साल की शुरुआत में तब उठाया था जब पोर्टलैंड और अन्य शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट आफिस के बाहर प्रदर्शन हो रहे थे। राज्य सरकार और शहर प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ सितम्बर में अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब



अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी

जज इम्मरगट ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि हालात बेकाबू थे। यह फैसला तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया, जिसमें दोनों पक्षों ने 750 से अधिक साक्ष्य अदालत में पेश किए। अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी। यह मामला अमेरिका के कई शहरों में ट्रम्प प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती से जुड़ी कानूनी खींचतान का हिस्सा है। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने कहा था कि वह 200 नेशनल गार्ड जवानों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में लेकर पोर्टलैंड में भेजेगा ताकि संघीय संपत्तियों की रक्षा की जा सके। यह निर्णय तब लिया गया जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने शहर को 'युद्धग्रस्त' बताया था। ओरेगन के अधिकारियों ने इस बयान को हास्यास्पद बताया और कहा कि शहर को किसी सैन्य हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पोर्टलैंड में हाल के विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ब्लॉक के क्षेत्र तक सीमित थे और उनमें कुछ ही दर्जन लोग शामिल होते थे। इस पर अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का आदेश संविधान और उस संघीय कानून का उल्लंघन है, जो सामान्य परिस्थितियों में सेना को घरेलू कानून लागू करने से रोकता है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से 20 की मौत 320 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार-ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गई और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मजार-ए-शरीफ और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में सैकड़ों घायल लोगों को भर्ती कराया गया है तथा प्रभावित इलाके में बचाव दलों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया की शुरुआती रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 10 बताई गई थी।



कोलकाता। कार्यस्थल पर हिंसा की घटनाओं के विरोध में विभिन्न अस्पतालों की नर्सें विरोध मार्च में भाग लेती हुई।

## भारत ने बहरीन के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और फिनटेक क्षेत्र में साझेदारी की संभावना पर बल दिया

**नई दिल्ली।** भारत ने बहरीन के साथ अंतरिक्ष, फिनटेक और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना बताते हुए उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और संयुक्त कार्य समूह के गठन पर जोर दिया है। भारत ने गाजा शांति योजना के प्रति अपने समर्थन को भी दोहराते हुए उम्मीद जताई है कि इससे समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए बहरीन के विदेश मंत्री डा. अब्दुल्लातीफ बिन राशिद अलज़यानी के साथ सोमवार को यहां पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और बहरीन के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जो व्यापारिक और लोगों के बीच परस्पर मजबूत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और अपने साझा क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य और प्रतिबद्धता में भी विश्वास करते हैं।

# हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक बम

## राष्ट्रपति ने कहाः पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा, रूस-चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान एक इंटरव्यू में दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रम्प पहले ही रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ट्रम्प ने कहा भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खड़े होकर बोले थे, अगर मैं बीच में नहीं आता तो लाखों लोग मारे जाते। ट्रम्प ने कहा कि उनकी दखल के बाद ही हालात शांत हुए और दोनों देशों के बीच लड़ाई नहीं बढ़ी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने यह दावा किया हो। वे



भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा दोहराया, अगर मैं बीच में नहीं आता, तो लाखों लोग मारे जाते

अब तक 70 से ज्यादा बार यह दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते साउथ कोरिया में दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। ट्रम्प ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसने ताइवान पर हमला किया, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, अगर ताइवान पर हमला हुआ तो वह (शी जिनपिंग) जानते हैं कि इसका जवाब क्या होगा। उन्होंने हमारी मुलाकात में इस पर बात नहीं की, क्योंकि वह नतीजे जानते हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि जब तक ट्रम्प राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन ताइवान को अपने नियंत्रण में लेने की कोई सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। ट्रम्प का दावा है कि उनके पहले कार्यकाल में चीन ने कभी ताइवान पर हमले की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि उसे अमेरिका की सख्त प्रतिक्रिया का डर था। पुतिन और जिनपिंगः ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की है। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि पुतिन और शी जिनपिंग में से किससे निपटना ज्यादा मुश्किल है, तो उन्होंने कहा दोनों कठिन हैं, दोनों स्मार्ट हैं। ये वो लोग हैं जिनसे खेला नहीं जा सकता। ये मजाक के लिए नहीं बैठे होते। ये गंभीर और मजबूत नेता हैं। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि अगर अमेरिका फिर से परमाणु परीक्षण नहीं करेगा तो उसका परमाणु हथियार भंडार कमजोर पड़ सकता है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि बिना धमाका किए भी आधुनिक तकनीक से हथियारों की स्थिति जांची और उन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। 2017 में यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के अर्थशास्त्री कीथ मेयर्स की एक रिसर्च के मुताबिक अमेरिका में पहले हुए परमाणु परीक्षणों से निकले रेडिएशन की वजह से लगभग 6.9 लाख अमेरिकी नागरिकों की मौतें हुईं या उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा। 21वीं सदी में अब तक केवल उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण किए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार किम जोंग पर दबाव बनाते रहे हैं कि वह परमाणु हथियार छोड़ दे और शांतिपूर्ण समझौते की दिशा में बढ़े। ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं।

## अमेरिका में शटडाउन पर गतिरोध 33वें दिन भी जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन को लेकर अभी भी गतिरोध बना हुआ है और अब यह छठे हफ्ते में पहुंच गया है। शटडाउन के चलते अमेरिका में लाखों अमेरिकियों को मिलने वाली खाद्य सहायता बंद हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन नेताओं पर सीनेट के नियमों में बदलाव का दबाव डाल रहे हैं, जिसके चलते शटडाउन अभी और खिंच सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प ने सीनेट के बहुमत दल के नेता जान थून और हाउस स्पीकर माइक जानसन से बात की है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सीनेट की एक प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल फिलिबस्टर एक अनौपचारिक शब्द है, जिसे किसी बिल या दूसरे मामले पर सीनेट की कार्रवाई को रोकने या उसमें देरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बिल पर लंबी बहस, कई प्रक्रियात्मक प्रस्ताव को पेश करने या कोई भी दूसरी देरी करने वाली या रुकावट वाली कार्रवाई शामिल है। ट्रम्प इस प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि सीनेट में सामान्य बहुमत से कानून पारित हो सकेंगे और कोई अल्पसंख्यक दल किसी विधेयक को नहीं रोक पाएगा। गौरतलब है कि ट्रम्प की अपनी पार्टी के नेता ही ट्रम्प की इस पहल को खारिज कर रहे हैं।

## पुतिन-ट्रम्प बैठक की तुरंत तैयारी करने की आवश्यकता नहींः क्रेमलिन

**मास्को।** क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच जल्द बैठक आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को जारी एक साक्षात्कार में कहा कि इस तरह की बैठक की तैयारी तुरंत करना संभव है लेकिन इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। पेस्कोव ने कहा कि इस समय, यूक्रेन समझौता समस्या पर बहुत सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेता जल्द ही हंगरी के बुडापेस्ट में मिलेंगे। 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने नियोजित बैठक को रद्द कर दिया है और कहा कि बैठक मुझे ठीक नहीं लगी और ऐसा नहीं लगा कि हम उस स्थान पर पहुंच पाएंगे जहां हमें पहुंचना चाहिए। इससे पहले राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि बुडापेस्ट में होने वाली बैठक रद्द होने की बजाय स्थगित होने की ज्यादा संभावना है।

## इजरायल ने हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त किए

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने कहा है कि उसे गाजा में हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत शवों के आदान-प्रदान की जारी प्रक्रिया का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अवशेषों को गाजा पट्टी में इजरायली बलों को सौंप दिया है और उन्हें पहचान के लिए तेल अवीव के राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद परिवारों को आधिकारिक सूचना दी जाएगी। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो आठ बंधकों के शव अभी भी गाजा में रहेंगे, जबकि युद्धविराम के अंतर्गत हमास को युद्ध में मारे गए 360 फिलिस्तीनियों के शवों के बदले में 28 बंधकों को इजरायल को वापस सौंपना है। हमास के अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि ये शव खान यूनिस के पूर्व में दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सुरंग से बरामद किए गए। उन्होंने एक की पहचान कर्नल आसफ हमामी के रूप में की, जो एक इजरायली अधिकारी थे और सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज़ निरिम की रक्षा करते हुए हमास के हमले में मारे गए थे।

## ब्राजील में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत

**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील के टोकांटिस राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। टोकांटिस पुलिस के अनुसार, विमान शनिवार रात फातिमा नगरपालिका के ऊपर उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि विमान के 56 वर्षीय पायलट डायोमेडियो आयर्स दा सिल्वा फिल्हो की मौत हो गई तथा विमान में सवार अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

## यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रॉन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है

**कीव।** यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, लेकिन उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है


ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि उसकी सैन्य जरूरतों के लिए नए पैट्रियट सिस्टम की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। यह डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्मित होते हैं। इस बीच रूस ने रविवार से सोमवार की रात तक 12 मिसाइलें और 138 ड्रोन यूक्रेन पर दागे। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, कई मिसाइलें नष्ट की गईं, लेकिन कुछ ने तबाही मचाई। उत्तरपूर्वी सूमी क्षेत्र में एक घर पर रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव ने कहा कि रूस ने जानबूझकर रात में सो रहे लोगों को निशाना बनाया। मध्य यूक्रेन के डनिप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले से एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हुआ। दक्षिणी माईकोलाइव क्षेत्र में भी रूसी ड्रोन ने ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचाया। नाटो लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई का समन्वय कर रहा है, जबकि यूरोपीय देश और कनाडा अमेरिकी हथियारों की खरीद कर मदद पहुंचा रहे हैं। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन को हथियार न देने का फैसला किया है, जबकि पिछली बाइडन सरकार लगातार सैन्य सहायता देती रही थी।

# ट्रम्प की लोकप्रियता एक साल में ही 18 प्रतिशत गिरी

## आंकड़ा ओबामा-बाइडन से भी कम, न्यूयॉर्क चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति का लिटमस टेस्ट होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा चुने जाने को 5 नवम्बर को एक साल पूरा होने जा रहा है। लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 4 नवम्बर 2025 को उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट होने वाला है। इस दिन न्यूयार्क सिटी अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे।

पिछले एक साल में ट्रम्प की नेट अप्रूवल रेटिंग नवम्बर की शुरुआत में 18 प्रतिशत तक गिर चुकी है। जो ओबामा और बाइडन दोनों के पहले वर्ष से काफी नीचे है। ओबामा के पहले वर्ष के अंत में यह 3 प्रतिशत और बाइडन के कार्यकाल में 7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और



एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया

न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं। यह चुनाव तय करेगा कि ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया है। न्यूयॉर्क मेयर के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वे न्यूयार्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार में न सिर्फ शहर की बढ़ती रहने की लागत को मुद्दा बनाया है, बल्कि अमीरों पर टैक्स लगाकर गरीब तबकों के लिए आवास की योजनाएं देने का वादा किया है। ममदानी 14 प्रतिशत के बड़े अंतर से आगे हैं। ट्रम्प ने ममदानी को लेकर चेतावनी दी है कि अगर वे मेयर बने तो न्यूयार्क की संघीय सहायता फंडिंग बंद कर देंगे। न्यूयॉर्क मेयर के लिए ममदानी का मुकाबला 67 वर्षीय पूर्व गवर्नर एंड्रयू कूमो से है। कूमोड 4 साल पहले यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण इस्तीफा दे चुके हैं। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें रिपब्लिकन और सेंट्रिस्ट का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी पार्टी के बजाय कूमो का समर्थन किया क्योंकि वे ममदानी को रोकना चाहते हैं। न्यूयार्क डेमोक्रेट का गढ़ है। उनका दबदबा रहा है। ट्रम्प ने कूमो को सामरिक और अनुभव संपन्न बताया है, कूमो पर भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगे रहे हैं।

## जॉर्डन में देशव्यापी नशा-विरोधी छापेमारी, 13 संदिग्ध गिरफ्तार

**अम्मान।** जॉर्डन के एंटी-नारकोटिक्स विभाग (एएनडी) ने पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सात अवैध मादक पदार्थ मामलों में 13 वांछित संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने दी। एक मामले में, एएनडी अधिकारियों ने तस्करी के तीन प्रयासों को विफल कर दिया। अधिकारियों ने जाबेर सीमा पार से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जो अपनी गाड़ी के एक गुप्त जगह में 80000 नशीली गोलियां छिपाकर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। मादक पदार्थ प्राप्त करने वाले एक अन्य संदिग्ध को बाद में गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में, देश के बाहर के सहयोगियों के साथ मिलकर 44000 नशीली गोलियों की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ये दवाइयां जाबेर सीमा पार के पास एक भंडारण स्थल से जब्त की गई और मुख्य संदिग्ध को सुरक्षा छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। तस्करी के तीसरे मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

